मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 44.1 | 32.1 |
| जमशेदपुर | 43.6 | 30.2 |
| डालटनगंज | 44.7 | 30.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 11 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 63 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**छत्तीसगढ़**

बलौदा बाजार में सतनामी समाज का उग्र प्रदर्शन, मौके से भाग गई पुलिस, 100 कारें और 200 बाइक भी फूंकी

## डीएम-एसपी का ऑफिस फूंका, तोड़फोड़

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में सतनामी समाज के लोगों द्वारा उग्र प्रदर्शन और हिंसा की की खबर सामने आई है. असल में सतनामी समाज के लोग अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे. यहां प्रदेश भर से हजारों की संख्या में सतनाम समाज के लोग पहुंचे थे और दशहरा मैदान में एकजुट होकर उग्र प्रदर्शन कर रहे थे.

इसी दौरान आक्रोशित भीड़ और पुलिस के बीच झड़प हो गई और आरोप है कि समाज की आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी. इस प्रदर्शन में कइयों को चोट आई हैं और कई पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं. मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई और भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी. यहां से प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर आवास में घुस गए और तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी. इस दौरान तीन दर्जन बाइक व सौ कारों कारों को भी आग लगा कर क्षतिग्रस्त कर दिया. भीड़ का आक्रोश देखकर पुलिसकर्मी भी जान बचाकर भाग खड़े हुए. उधर प्रदर्शनकारी बेरिकेड तोड़ते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी कार्यालय समेत पूरे कलेक्टर कार्यालय को आग के हवाले कर दिया. इतना ही नहीं रास्ते में जितनी भी दमकल की गाड़ियां, करीब 100 कारें और 200 बाइक मिलीं, उन्हें भी आग के हवाले कर दिया. मामले को नियंत्रित करने के लिए रायपुर से फोर्स बुलाई गई, तब जाकर हालात पर काबू पाया गया, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण है.

### सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे लोग

यह प्रदर्शन बीते दिनों गिरौदपुरी के महकोनी गांव में संत अमरदास की तपोभूमि के जैतखाम को काटे जाने की सीबीआई जांच की मांग को लेकर हो रहा था. वहीं, प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी सतनामी समाज की मांग पर न्यायिक जांच की बात कही थी. उधर, विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर परिसर के चारों तरफ बैरिकेडिंग की थी. भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था. लेकिन प्रदर्शनकारियों के आक्रोश के सामने पुलिस मौके से भाग गई. फिर प्रदर्शनकारियों ने जम कर उत्पात मचाया. सोमवार को बलौदा बाजार जिला मुख्यालय में पूरे प्रदेश भर से सतनामी समाज के हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और रैली निकाली. वह एकजुट होकर कलेक्टर का घेराव करने के लिए निकले. इधर, पुलिस बल की तैनाती की गई थी, लेकिन हजारों की जनसंख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों के सामने पुलिस-प्रशासन भी नहीं टिक पाया. लोगों की भीड़ कलेक्टर और एसपी ऑफिस जाने वाले रास्तों पर तोड़फोड़ करते हुए बढ़ती गई. इस दौरान आरोप है कि उन्होंने पुलिस के जवानों पर जमकर पत्थरबाजी और डंडे भी बरसाए.



**मणिपुर**

सुरक्षा बलों ने भी की जवाबी कार्रवाई, बीरेन सिंह बोले-यह राज्य पर हमला है

## सीएम के सुरक्षा काफिले पर हमला

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह के काफिले पर सोमवार को कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया. इस हमले में कम से कम दो जवानों के घायल होने की खबर है. जानकारी के मुकाबिक, एनएच-37 पर कोटलेन गांव के पास अभी भी पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है. बता दें कि 8 जून की हिंसा के बाद सीएम एन बीरेन सिंह जिरीबाम के दौरे पर जाने वाले थे. मंगलवार को होने वाले सीएम के दौरे से पहले सुरक्षा काफिला एनएच-37 से गुजर रहा था, तभी उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया. बताया जा रहा है कि बांग्लादेश में चिन कुकी उग्रवादियों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई के बाद उग्रवादी मणिपुर में घुसे हैं, इसके बाद से राज्य में हिंसा और उपद्रव का दौर शुरू हो गया है. 8 जून को उग्रवादियों ने मैतेई बाहुल्य जिरीबाम में 70 घरों में आग लगाई थी. इसके साथ ही दो पुलिस चौकी और एक फॉरेस्ट ऑफिस को भी फूंक दिया था. सुरक्षाबलों में इस हमले में उग्रवादी संगठन कुकी हमर जो का हाथ बताया है.

इस बीच, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की एडवांस सुरक्षा टीम पर कुकी उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले से क्षेत्र में अस्थिरता की स्थिति है. अब मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस हमले को राज्य पर सीधा हमला बताया है. मुख्यमंत्री ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण निंदनीय है. यह सीधे सीएम पर, यानी राज्य पर हमला है. इसलिए, राज्य सरकार को कुछ करना होगा. इसलिए, मैं अपने सभी सहयोगियों से बात करूंगा और हम निर्णय लेंगे.

### फैक्ट फाइल

- **तीन मई** को मणिपुर में शुरू हुई हिंसा के एक साल से पूरे हो गए.
- **365 दिन** में 226 लोगों की हत्या कर दी गई. इनमें 30 महिला व आठ बच्चे शामिल हैं.
- **कई महिलाओं** को नंगा करके घुमाया गया. कई के साथ दुष्कर्म कर उनकी हत्या कर दी गई.
- **5000 से** अधिक घरों को उपद्रवियों ने फूंका .
- **हिंसा में 1500** से अधिक घायल हुए.
- **60 हजार** लोग घरों से भाग कर राहत शिविरों में रह रहे हैं.
- **करीब 400** धार्मिक स्थलों (मंदिर व चर्च) को नष्ट कर दिया गया.
- **हिंसा पर** काबू पाने के लिए एक साल से अर्द्धसैनिक बलों के 10 हजार जवान तैनात हैं.



### कब हुआ हमला

मुख्यमंत्री का काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की तरफ जा रहा था. मुख्यमंत्री वहां मौजूदा स्थिति का जायजा लेने जाने वाले थे. मणिपुर करीब एक साल से छिटपुट हिंसा की चपेट में है. मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुई जातीय हिंसा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. हमले के बाद से इलाके में तलाशी अभियान चल रहा है. दोनों तरफ से मुठभेड़ जारी है.

**मंत्रियों का बंटा विभाग:** राजनाथ, शाह, गडकरी, निर्मला, जयशंकर के पास पुराने विभाग

# अन्नपूर्णा को महिला विकास मंत्रालय

### संजय सेठ बने रक्षा राज्यमंत्री

**नरेंद्र मोदी सरकार ने सोमवार को कामकाज के पहले दिन बहुत सारे किए. मंत्रियों के विभाग बांट दिए गए. इसमें सारे पुराने महत्वपूर्ण विभाग भाजपा ने अपने पास ही रखे हैं. झारखंड कोटे से कैबिनेट मंत्री बनीं अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है. वहीं रांची सांसद संजय सेठ को रक्षा राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया है. पहली कैबिनेट में मोदी सरकार ने तीन करोड़ अतिरिक्त शहरियों एवं ग्रामीणों को पक्का मकान देने के एजेंडे पर मुहर लगा दी. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने की फाइल पर भी हस्ताक्षर किए.**

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देरशाम अपने मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया. मोदी कैबिनेट में अमित शाह को फिर से गृह मंत्रालय, तो राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है. विदेश मंत्रालय एस जयशंकर के पास ही है. वहीं नितिन गडकरी को फिर से सड़क परिवहन मंत्रालय दिया गया है. निर्मला सीतारमन वित्त मंत्री बनी रहेंगी. शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्री का पद दिया गया है. अजय टम्टा, हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है. निर्मला सीतारमन को फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है. हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर को दो मंत्रालय दिए गए हैं. उन्हें ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री बनाया गया. जीतन राम मांझी को एमएसमई (लघु, मध्यम उद्योग) मंत्रालय दिया गया है.

अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं झारखंड से राज्यमंत्री बनाए गए रांची के सांसद संजय सेठ को राजनाथ सिंह के विभाग रक्षा मंत्रालय के नायब का दायित्व सौंपा गया है. पूरी लिस्ट पर नजर दौड़ाएं तो मनोहर लाल खट्टर और अश्विनी वैष्णव जैसे नेताओं का कद बढ़ गया है. दोनों ही नेताओं को न सिर्फ कैबिनेट में शामिल किया गया है, बल्कि कई अहम मंत्रालय सौंपे गए हैं. रेलवेमेंबड़े बदलाव करने वाले अश्विनी वैष्ण को तो अब सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और आईटी मंत्रालय भी सौंपे गए हैं. वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान अब कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय संभालेंगे. पिछले कार्यकाल में यह जिम्मेदारी मध्य प्रदेश के ही नरेंद्र सिंह तोमर को मिली थी.



नई सरकार की पहली कैबिनेट में **पहला बड़ा फैसला**

## 3 करोड़ परिवारों को पक्के मकान

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में सोमवार को तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को पक्का घर बनाने के लिए मदद प्रदान करने का फैसला लिया गया. केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) साल 2015-16 से लागू है, ताकि बुनियादी सुविधाओं के साथ घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को मदद प्रदान की जा सके. बीते 10 वर्षों में पीएमएवाई के तहत गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनाए गए हैं. पीएमएवाई के तहत बने सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के साथ तालमेल के जरिए शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं. इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा. इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक शुरू हुई. प्रधानमंत्री के आवास पर हो रही इस बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और एचडी कुमारस्वामी समेत सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे.

### पीएम ने किया पीएमओ कर्मियों को संबोधित

पीएम मोदी ने सोमवार को पीएमओ में कर्मियों को संबोधित किया. कहा कि हमें वैश्विक मापदंडों से आगे जाकर काम करना है. जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां देश को हमें पहुंचाना है. मेरा शुरू से प्रयास है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और जनता का प्रधानमंत्री कार्यालय बने. सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है. हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड। इस विजय के बड़े हकदार भारत सरकार के कर्मचारी भी हैं, जिन्होंने एक विजन के लिए खुद को समर्पित कर देने में कोई कमी नहीं रखी. ये चुनाव हर सरकारी कर्मचारी के 10 साल के पुरुषार्थ पर मुहर लगाते हैं. इस विजय के बड़े हकदार और सच्चे हकदार आप लोग हैं.

### जारी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त

कैबिनेट मीटिंग से पहले पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्ट जारी करने का आदेश दिया. इस आदेश को लेकर पीएम मोदी ने अधिकारिक एक्स हैंडल ट्वीट किया. जिसमें उन्होंने लिखा देशभर के अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है. यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पहला काम उनके लिए ही करने का अवसर मिला है. इसके तहत पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किया, जिसका लाभ देश के मेरे 9 करोड़ से ज्यादा अन्नदाताओं को होगा. आने वाले समय में हम किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहेंगे.

**लेकिन इधर नाराजगी और खींचतान भी...**

*एनसीपी के बाद अब शिवसेना शिंदे गुट नाराज, कहा-*

### 7 सांसदों के बाद नहीं मिला एक भी कैबिनेट मंत्रालय

**मुंबई।** अजित पवार की एनसीपी की नाराजगी के बाद शिंदे गुट की शिवसेना की भी नाराजगी सामने आई है. पार्टी के चीफ व्हीप श्रीरंग बारणे का कहना है कि एक तरफ जहां, चिराग पासवान, मांझी और कुमारस्वामी की पार्टी को कम सीट के बाद भी कैबिनेट मंत्रालय मिला है, वहां उनकी पार्टी के सात सांसद होने के बावजूद स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री का ही पद दिया गया. उन्होंने ने कहा, हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे. 7 सीटें मिलने के बावजूद शिवसेना को सिर्फ एक राज्यमंत्री क्यों मिला. बारणे ने कहा, हमारे स्ट्राइक रेट को देखते हुए हमें कैबिनेट मंत्री पद मिलना चाहिए था. उन्होंने कहा, एनडीए के अन्य घटकों के एक-एक सांसद हैं, लेकिन उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया है, तो हमें भी चाहिए.

### सभी मंत्री और उनके विभाग

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी– कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं किये गए हैं.*

| | |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | रक्षा |
| अमित शाह | गृह, सहकारिता |
| नितिन गडकरी | सड़क परिवहन |
| जेपी नड्डा | स्वास्थ्य, केमिकल एवं फर्टिलाइजर |
| शिवराज सिंह चौहान | कृषि एवं ग्रामीण विकास |
| निर्मला सीतारमण | वित्त एवं कॉरपोरेट |
| एस जयशंकर | विदेश |
| मनोहर लाल खट्टर | ऊर्जा एवं शहरी विकास |
| एचडी कुमारस्वामी | भारी उद्योग एवं इस्पात |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य मंत्रालय |
| धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्रालय |
| जीतन राम मांझी | लघु उद्योग मंत्रालय |
| ललन सिंह | पंचायती राज, मत्स्य एवं पशुपालन |
| सर्बानंद सोनोवाल | जहाजरानी एवं जलमार्ग |
| के राममोहन नायडू | नागरिक उड्डयन |
| डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता |
| जुएल ओरांव | जनजातीय कार्य |
| प्रल्हाद जोशी | उपभोक्ता एवं अक्षय ऊर्जा |
| अश्विनी वैष्णव | रेल, सूचना एवं प्रसारण, आईटी |
| गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्रालय |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर विकास |
| भूपेंद्र यादव | पर्यावरण एवं वन |
| गजेंद्र सिंह शेखावत | पर्यटन एवं संस्कृति |
| अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास |
| किरेन रिजीजू | संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण |
| मनसुख मांडविया | श्रम, युवा एवं खेल |
| हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस |
| जी. किशन रेड्डी | कोयला एवं खनन मंत्रालय |
| चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण |
| सीआर पाटिल | जलशक्ति |
| **राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार** | |
| राव इंद्रजीत सिंह | सांख्यिकी एवं योजना, संस्कृति |
| जितेंद्र सिंह | विज्ञान एवं तकनीक और भूविज्ञान |
| अर्जुन राम मेघवाल | कानून मंत्री एवं संसदीय कार्य |
| प्रतापराव जाधव | आयुष, स्वास्थ्य |
| जयंत चौधरी | स्किल डिवेलपमेंट, शिक्षा |
| **राज्य मंत्री** | |
| जितिन प्रसाद | इस्पात, वाणिज्य एवं आईटी |
| पंकज चौधरी | वित्त |
| कृष्णपाल गुर्जर | सहकारिता |
| रामदास आठवले | सामाजिक एवं अधिकारिता |
| रामनाथ ठाकुर | कृषि एवं किसान कल्याण |
| नित्यानंद राय | गृह |
| अनुप्रिया पटेल | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, केमिकल एवं उर्वरक |
| वी. सोमन्ना | जलशक्ति एवं रेल |
| चंद्रशेखर पेम्मासानी | ग्रामीण विकास, संचार |
| एसपी सिंह बघेल | पंचायती राज एवं मत्स्य एवं पशुपालन |
| शोभा करंदलाजे | लघु उद्योग एवं श्रम |
| कीर्तिवर्धन सिंह | विदेश, वन एवं पर्यावरण |
| बीएल वर्मा | उपभोक्ता |
| शांतनु ठाकुर | जहाजरानी एवं जलमार्ग |
| कमलेश पासवान | ग्रामीण विकास |
| बंडी संजय कुमार | गृह |
| अजय टम्टा | सड़क परिवहन |
| डॉ. एल मुरुगन | सूचना प्रसारण एवं संसदीय कार्य |
| सुरेश गोपी | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस |
| रवनीत सिंह बिट्टू | खाद्य प्रसंस्करण एवं रेल |
| संजय सेठ | रक्षा |
| रक्षा खडसे | युवा एवं खेल |
| भगीरथ चौधरी | कृषि एवं किसान कल्याण |
| सतीश चंद्र दुबे | कोयला और खनन |
| दुर्गादास उइके | जनजातीय कार्य |
| सुकांत मजूमदार | शिक्षा एवं पूर्वोत्तर विकास |
| सावित्री ठाकुर | महिला एवं बाल विकास |
| तोखन साहू | शहरी विकास |
| राजभूषण चौधरी | जलशक्ति |
| भूपति राजूश्रीनिवास वर्मा | भारी उद्योग एवं इस्पात |
| हर्ष मल्होत्रा | सड़क परिवहन |
| निमूबेन बम्भानियाम | उपभोक्ता मामले |
| मुरलीधर मोहोल | सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन |
| जॉर्ज कुरियन | अल्पसंख्यक कल्याण एवं पशुपालन |
| पबित्र मार्गेरिटा | विदेश एवं कपड़ा |

**बवाल जारी** तेलंगाना के अभ्यर्थी अब्दुल्ला मोहम्मद फैज ने न्याय पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की

# रद्द हो नीट परीक्षा, गड़बड़ी के आरोपों की जांच करे एसआईटी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



नीट परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. इस याचिका में नीट रिजल्ट को रद्द घोषित कर दोबारा परीक्षा की मांग की गई है. साथ ही मांग की गई है कि परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों की एसआईटी जांच की जाए और 4 जून 2024 को आए नतीजों के आधार पर होने वाली काउंसिलिंग रोका जाए. नीट परीक्षा को लेकर ये याचिका तेलंगाना के अब्दुल्ला मोहम्मद फैज ने दाखिल की है. दरअसल, नीट 2024 की परीक्षा में 23 लाख 33 हजार शामिल हुए थे. लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन 4 जून को नीट परीक्षा रिजल्ट जारी किया गया है. इस बार की परीक्षा में 67 छात्रों ने पहला स्थान हासिल किया है. उन्हें 720 में से पूरे 720 नंबर मिले हैं. जो हरियाणा के झज्जर से ताल्लुक रखने वाले एक ही सेंटर के हैं. हालांकि, नीट का रिजल्ट 14 जून को घोषित होना था, लेकिन 10 दिन पहले ही नतीजे जारी कर दिए गए.

### राहुल गांधी ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी नीट परीक्षा को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा, नए कार्यकाल के लिए नरेंद्र मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं के कारण 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है. राहुल गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे. राहुल गांधी ने कहा कि मैं देश के हर युवा साथी के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा. कांग्रेस हमेशा युवाओं के खिलाफ अन्याय की लड़ाई में न्याय दिलाने के लिए काम करेगी. मोदी सरकार ने देश के युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है. इसके खिलाफ देश को बड़े संघर्ष की जरूरत है.

### प्रियकां गांधी ने भी उठाई आवाज

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नीट रिजल्ट को लेकर सवाल उठाया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कह- नीट जैसी परीक्षाओं में लाखों बच्चे मेहनत से तैयारी करते हैं और अपनी जिंदगी के सबसे कीमती पल इस तैयारी में लगाते हैं. पूरा परिवार इस प्रयास में अपनी श्रद्धा और शक्ति डालता है. लेकिन साल दर साल इन परीक्षाओं में पेपर लीक, रिजल्ट से जुड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं. क्या परीक्षा कराने वाली एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं होनी चाहिए? क्या सरकार को लापरवाही वाला रवैया छोड़ परीक्षा प्रणाली पर गंभीरता से विचार नहीं करना चाहिए?

**क्या है याचिका में मांग**

नीट परीक्षा का रिजल्ट सवालों के घेरे में आ गया और छात्रों ने नीट रिजल्ट को रद्द करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. इस याचिका में एनआईटी जांच की मांग और काउंसिलिंग रोकने की मांग की है. याचिका में कहा गया है कि नीट की परीक्षा दोबारा कराई जाए.

**चार सदस्यीय समिति का गठन** : इससे पहले शनिवार को नीट-यूजी में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है. समिति को एक सप्ताह में रिपोर्ट देनी है

**वामपंथी छात्र संगठनों ने किया प्रदर्शन** : उधर, वामपंथी छात्र संगठनों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और नीट में हुई कथित गड़बड़ी की जांच की मांग की. जेएनयू छात्र संघ के उपाध्यक्ष अविजीत घोष ने कहा, हम पारदर्शी जांच की मांग करते हैं.

## झारखंड प्रभारी मीर कल करेंगे लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा



रांची। झारखंड में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में हुए हार जीत की विस्तृत समीक्षा झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर 12 जून को करेंगे. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बीते दिनों संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में झारखंड में इंडिया गठबंधन को 5 सीटों पर जीत मिली. झारखंड में 7 सीटों पर कांग्रेस और अन्य सीटों पर गठबंधन दल के उम्मीदवार थे. इनमें से दो सीटों पर कांग्रेस और तीन सीटों पर झामुमो को जीत मिली है.
उन्होंने कहा कि पार्टी को झारखंड में इससे भी बेहतर परिणाम की आशा थी, लेकिन आशा के अनुरूप परिणाम हमें प्राप्त नहीं हुआ. झारखंड में इसी वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं. विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा चुनाव में हुई हार जीत की पूरी समीक्षा अत्यंत आवश्यक है. इसकी समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार आगामी 12 जून को संगम गार्डन मोरहाबादी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक सुबह 11:30 बजे से होगी. समीक्षा बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे. उन्होंने बताया कि

### मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण में झारखंडी भूमि पुत्रों की उपेक्षा हुई : सुप्रियो

# आजसू पार्टी को नरेंद्र मोदी टीम में जगह नहीं मिलने से बिफरा झामुमो

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण और मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण में झारखंड और झारखंड के भूमिपुत्रों की उपेक्षा का आरोप लगाया है. पार्टी ने आजसू का नाम लिए बिना कहा कि भले ही मेरा राजनीतिक विरोधी है, मगर झारखंडी और भूमिपुत्र है, राज्यहित सर्वोपरि है. इस मंत्रिमंडल में सात जगह रिक्त है. हमलोग आशा करेंगे कि सात जगह बची है, उसमें एक कैबिनेट मिनिस्टर और एक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जरूर मिलना चाहिए झारखंडी भूमिपुत्रों को. अजीब विडंबना है, आपका एक यहां एक सहयोगी भी है. आपने एक-एक सहयोगी दल को कैबिनेट मंत्री बना दिया है. यहां के सहयोगी संगठन को ठेंगा दिखाने का काम किया. अब ये लोग उनके पीछे-पीछे घूमते रहेंगे. विधानसभा चुनाव में मालिक सीट दे दीजिए. ऐसे संगठन के नेता को अब कैसे वह कह पाएगा कि हमारा कमिटमेंट झारखंड जनों के साथ जुड़ा हुआ है. उनका सहयोगी संगठन का भी सांसद दो बार का है. भूमिपुत्र है, स्थानीय है. उनकी उपेक्षा हुई. उक्त बातें पार्टी के केंद्री महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान कही.



- अन्नपूर्णा देवी को जगह मिलने पर बधाई दी
- अन्य भूमि पुत्रों की उपेक्षा कर संजय सेठ को जगह देना झारखंडियों का अपमान

### झारखंड से कई सीनियर सांसद जीते हैं

उन्होंने कहा कि झारखंडी मुद्दे सरना धर्म कोड, ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण, जातीय जनगणना को लागू करने के लिए झारखंड से मंत्रिपरिषद में उचित हिस्सेदारी मिलनी चाहिए थी, मगर नहीं मिला. एक कैबिनेट मिला और एक राज्यमंत्री. संथाल की बेटी, कोडरमा की बहू और महिला अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट में जगह मिली. उसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई. लेकिन क्या कोई भी भूमिपुत्र यहां नहीं मिला. जिसका झारखंड की माटी में नाभी गड़ा हो कि वह राज्यमंत्री भी बन पाए. कई सीनियर सांसद हैं यहां पर. सब को दरकिनार कर दिया गया. सभी झारखंड के माटी से जुड़े हुए लोग थे, मूलवासी थे. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निशिकांत दूबे सांसद हो सकते हैं, भूमिपुत्र और झारखंडी नहीं.

### जिसे राज्यमंत्री बनाया, उसने एचईसी को लेकर एक शब्द नहीं कहा

सुप्रियो ने रांची सांसद संजय सेठ को राज्यमंत्री बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की. उन्होंने कहा कि जिसे भी राज्यमंत्री बनाया गया है. एक वैसे व्यक्ति को दिया जिन्होंने पांच वर्षों तक बंद पड़े एचईसी पर एक सवाल नहीं उठाया. हजारों श्रमिकों का केंद्र सरकार की खून पीने वाली नीतियां थी, उसकी हिमाकत करते रहे. आपने उनको राज्यमंत्री बना दिया.

### मंत्री बनने वाले व सांसदों को पांच गारंटी झारखंड को लेकर चाहिए

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोग भी मंत्री बने हैं और जो एनडीए के सांसद हैं. उनसे हमें झारखंड के लिए चार गारंटी चाहिए. पहला एचईसी का पुर्नोद्धार, दूसरा सरना धर्म कोड की गारंटी. तीसरा 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण, चौथ काम होगा श्रम कानून में फेरबदल जिसके तहत 44 श्रम कानूनों का उनका संशोधन किया गया, उसे वापस करना होगा.

### शपथ ग्रहण के दौरान प्रदेश कार्यालय में था अंधेरा

सुप्रियो ने कहा कि कल शपथ ग्रहण में पार्टी का प्रदेश कार्यालय अंधेरे में था. कुछ लोग भाड़े में जुटाए गए थे, शहर के एक दो जगह पर सिबोंलिक सेलिब्रेशन हुआ. जिसमें भाजपा के किसी प्रदेश स्तरीय नेता की उपस्थिति नहीं हुई. जो 240 लोग भाजपा में जीत कर आए उसमें मात्र 115 लोग मूल भाजपा के हैं और 125 लोग ऐसे हैं जो अन्य दलों से भाजपा में आए हैं. इसलिए भाजपा में हतोत्साहित हैं. जो लोग मोदी की सरकार, मोदी की सरकार की गांरटी कहता था आज उसको कहना पड़ता है मेरा नेता चंद्रबाबू नायडू, मेरा नेता नीतीश कुमार, मेरा नेता चिराग पासवान, मेरा नेता एकनाथ सिंदे, वह मजबूर हो गया है, नहीं बोल पा रहा है, मेरा नेता नरेंद्र मोदी.

### झामुमो पर भाजपा का पलटवार, कहा-

## मंत्री मिथलेश, बन्ना गुप्ता पर भी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर पलटवार किया है. कहा कि झामुमो और गठबंधन सरकार किसी भी सूरत में यहां के आदिवासी मूलवासियों का विकास नहीं चाहती. साढ़े चार वर्षों में यहां वायदे के अनुसार 22.5 लाख सरकारी नौकरियां होनी चाहिए थी. मगर ये घोषणा हवा हवाई साबित हुई. हक मांग रहे छात्रों को पीटा गया. महिला उत्पीड़न रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया.पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वर्तमान मंत्री आलमगीर आलम दोनों भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है. पूरे राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो गई है. आसन्न विधानसभा चुनाव के कारण झामुमो को आदिवासी मूलवासी की याद आ रही है, थोड़ा मंत्री मिथलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता के विषय में भी स्थिति स्पष्ट करें. यह बातें पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कही.

**तमाम लीज सिर्फ सोरेन परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों को मिला :** उन्होंने कहा कि कहा कि इस सरकार के प्राथमिकता में सिर्फ खुद का विकास है. इसीलिए तमाम लीज सिर्फ सोरेन परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों को मिला. आदिवासी मूलवासी अपने आप को इस सरकार में ठगा महसूस कर रहे हैं. प्रतुल ने कहा कि अब यह सरकार अपनी राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़ी हुई है. अपने घोषणा पत्र में दिए गए एक भी वादे को ये पूरा नहीं कर पाए हैं. खतियान आधारित नियोजन नीति को भी इन्होंने जानबूझकर फंसा दिया. ओबीसी आरक्षण के लिए जरूरी ट्रिपल टेस्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ. अबुआ आवास में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं. यह पूरे तरीके से फ्लॉप सरकार है.

आदिवासी मूलवासी का विकास झामुमो की नीयत में नहीं, सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार के लिए चाहता है समर्थन



### कैबिनेट में क्षेत्रीय व सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान दिया गया

प्रतुल शाह देव ने कहा कि अचानक झामुमो आदिवासी मूलवासी के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है. भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास है. भाजपा की केंद्रीय कैबिनेट में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान दिया गया है. आदिवासी मूलवासी के नाम पर नाटक करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा को थोड़ा मंत्री गण मिथलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता के विषय में भी विस्तार से स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए. वैसे झामुमो का केडी सिंह, मुक्तिनाथ उपाध्याय और आर के आनंद जैसे लोगों को राज्यसभा भेजने का पुराना रिकॉर्ड रहा है.

### 50 सीटों पर एनडीए आगे रहा, सत्ताधारी गठबंधन 29 सीटों पर सिमटा

प्रतुल ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव के विधानसभा क्षेत्रों में 50 सीटों पर इस बार एनडीए आगे रहा. राज्य के मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में उम्मीदवार को जीत नही दिला सके. यह गठबंधन सत्ता में रहने के बाद भी सिर्फ 29 सीटों पर सिमट गया. इनको 2024 के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम की झलक दिख गई है. इसलिए यह बदहवास होकर अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं. अच्छा होता झामुमो अपनी चिंता करता.

# टीपीसी नक्सली बीरबल गंझू को हाईकोर्ट से मिली बेल

संवाददाता। रांची

टेरर फंडिंग के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमिटी) के नक्सली बीरबल गंझू को हाईकोर्ट से बेल मिल गई है. उसकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में सुनवाई हुई. बीरबल करीब चार साल से ज्यादा समय से न्यायिक हिरासत में है. बता दें कि मगध-आम्रपाली कोल परियोजना में काम करने वाली ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी के संचालकों और टीपीसी के बीच सांठगांठ से लेवी वसूले जाने के पूरे खेल का एनआईए ने पर्दाफाश किया था. चतरा जिला के टंडवा थाना में दर्ज केस को एनआईए ने टेकओवर करते हुए जांच की तो इसमें कई खुलासे हुए. एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक, ट्रांसपोर्टिंग कम्पनियों के संचालक और टीपीसी के उग्रवादियों ने हाथ मिला लिया था. इस केस में टीपीसी उग्रवादी आक्रमण जी, विनोद गंझू, बीरबल गंझू, कोहराम जी, बिंदु गंझू, व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, सुदेश केडिया, महेश अग्रवाल समेत अन्य लोग आरोपी हैं.

## भूमि घोटाला: अंतु तिर्की, प्रियरंजन के मामले में 13 को संज्ञान ले सकता कोर्ट

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने जिन दस आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. उसपर पीएमएलए की विशेष कोर्ट 13 जून को संज्ञान ले सकती है. जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है, उनमें झामुमो नेता अंतु तिर्की, राजस्व विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष, संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट में डीड राइटर मो. इरशाद के अलावा प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अख्तर, अफसर अली उर्फ अफसू खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं. ईडी ने अपनी चार्जशीट में इस बात का उल्लेख किया है कि बड़गाईं में हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाये गए थे. फॉरेंसिक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है. इसके अलावा अफसर खान, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह व अन्य आरोपियों ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष व संजीत कुमार के साथ मिलकर दस्तावेज जुटाये. इसके बाद हजारीबाग के डीड राइटर मोहम्मद इरशाद की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार कर चेशायर होम रोड स्थित 4.83 एकड़ जमीन हड़पने की साजिश रची.

## ड्रग्स कारोबार की रोक के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा रहे : हाईकोर्ट




संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में ड्रग्स (मादक पदार्थ) के कारोबार में राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में धड़ल्ले से अफीम, चरस, गांजा आदि बिक्री पर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई. मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि राज्य में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं? कोर्ट ने मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से भी जवाब मांगा है. इससे पूर्व मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया था लेकिन कोर्ट ने सरकार को कई अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी देते हुए शपथ पत्र देने को कहा है. कोर्ट ने कहा कि पुलिसकर्मी मादक पदार्थों की बिक्री करने वाली दुकानों को सुबह तीन बजे तक खुले रहने देते हैं. मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री पर पुलिस कंट्रोल नहीं कर पा रही है, जो चिंता का विषय है. प्रतीत होता है कि पुलिस की भी इसमें संलिप्तता है. ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम के लिए पुलिस एक्शन नहीं लेगी तो कोर्ट इसपर हस्तक्षेप करेगी. अगली सुनवाई 18 जून को होगी. मामले में पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि ड्रग्स के कारोबार में रोकथाम नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट सख्त आदेश पारित करेगी.

## मनीष जायसवाल ने विधायकी छोड़ी, विस अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा



सांसद मनीष जायसवाल.

रांची। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद हो गये हैं. इसलिए उन्होंने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा सौंप दिया. लोकसभा चुनाव के दौरान मनीष जायसवाल भाजपा के टिकट पर हजारीबाग से प्रत्याशी बनाए गए थे. उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन करने वाले विधायक जेपी पटेल को परास्त किया था. मनीष जायसवाल के अलावा भाजपा विधायक ढुल्लू महतो (धनबाद) और झामुमो विधायक जोबा मांझी (सिंहभूम) और नलिन सोरेन (दुमका) ने भी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है और सांसद बने हैं. सांसद बनने के बाद अब इन चारों सांसदों को विधानसभा की सदस्यता छोड़नी होगी.

### जेबीकेएसएस अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत पर 18 जून को फैसला

रांची। जेबीकेएसएस के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है. सरकार और जयराम महतो का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब अदालत इस मामले में 18 जून को फैसला सुनाएगा. इसके साथ ही अदालत ने जयराम महतो के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को फैसला आने तक बरकरार रखा है. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (एजेसी15) की कोर्ट में जयराम की याचिका पर सुनवाई हुई. जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया है. वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी, लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया.

### राज्यसभा चुनाव का मामला

## वोट के लिए नोट मामले में पत्रकार की हुई गवाही

संवाददाता। रांची

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को वर्ष 2010 में राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करने के लिए पैसे के लेनदेन से संबंधित स्टिंग ऑपरेशन बाहर आने के बाद दर्ज मामले की सुनवाई हुई. कोर्ट में स्टिंग करने वाले पत्रकार कुमार आशीष की गवाही दर्ज हुई. इस मामले में पूर्व विधायक राजेश रंजन, योगेन्द्र साव और उमाशंकर अकेला ट्रायल फेस कर रहे हैं.
सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु कुमार सिंह ने पत्रकार आशीष कुमार की गवाही दर्ज करवाई. गवाही के दौरान सभी आरोपित कोर्ट में मौजूद थे. वर्ष 2010 में राज्यसभा चुनाव के दौरान एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ था. स्टिंग ऑपरेशन की खबरें प्रकाशित होने के बाद सीबीआई ने इस मामले को टेकअप करते हुए जांच शुरू की थी. मामले के टेकलाल महतो, साइमन मरांडी और सावन लकड़ा भी आरोपित थे लेकिन ट्रायल फेस करने के दौरान उनकी मौत हो गयी. इन पर आरोप वोट देने के लिए रुपये लेने का आरोप था.

### विधायक शिल्पी मिलीं सीएम से, अबुआ आवास के लिए बालू की किल्लत दूर करने की मांग

# मांडर में विकास योजनाओं में तेजी का सीएम ने दिया आश्वासन : शिल्पी

विशेष संवाददाता। रांची

मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलीं. उन्होंने सीएम से अबुआ आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए बालू की किल्लत को दूर करने की मांग की. उन्होंने कहा कि इसके लिए बालू घाटों की बंदोबस्ती बहुत जरूरी है. उन्होंने सीएम से कहा कि अगले कुछेक महीनों में ही झारखंड में विधानसभा चुनाव होनेवाला है और अब एक प्रकार से विकास कार्यों से सम्बंधित सरकारी गतिविधियों के लिए केवल तीन-चार महीने का ही समय बचा है. मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जिस प्रकार से मांडर की जनता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का दिल खोलकर समर्थन किया और अपना प्यार लुटाया है उसे देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि विकास व कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को तेज गति से लाभान्वित किया जाये. इसपर मुख्यमंत्री सोरेन ने अविलंब सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया. शिल्पी ने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह समर्पित है, लेकिन लंबे समय से आचार संहिता लगे होने के कारण झारखंड में विकास कार्य शिथिल पर गये थे, लेकिन अब सरकार विकास कार्यों में गति लाकर आम लोगों की आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करेगी.



सीएम से मिलतीं शिल्पी.

**मांडर में ग्रामीण सड़कों का निर्माण जरूरी :** तिर्की ने कहा कि सभी जरूरतमंद व आकांक्षी ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाया. इसलिए भी जरूरी है क्योंकि आम ग्रामीण बहुत विश्वास भरी नजरों से सरकार की ओर देख रहे हैं. उन्हें विशेष रूप से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बहुत अधिक भरोसा है. विशेष रूप से मांडर विधानसभा क्षेत्र में अनेक ग्रामीण सड़कों का निर्माण बहुत जरूरी है क्योंकि उससे ग्रामीणों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. तिर्की ने कहा कि सरकार की बेहद कल्याणकारी और महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के निर्माण के लिए ग्रामीणों को बालू की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, इसलिये जरूरी है कि बालू घाट की बंदोबस्ती करते हुए ग्रामीणों को विशेष रूप से अबुआ आवास के लिए बालू उपलब्ध करवाया जाए.

**सम्मान**

### डॉ मुंजाल एक प्रभावशाली और संवेदनशील रिसर्चर हैं

# डॉ ख्याति 2024 के रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

संवाददाता। रांची

डॉ ख्याति मुंजाल को 2024 का रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया है. माधवी श्याम एजुकेशनल ट्रस्ट और आईसीसीबी ने उन्हें बेस्ट रिसर्च अवार्ड से सम्मानित किया. डॉ ख्याति मुंजाल ने पिछले साल अपनी डॉक्टरेट पूरी की थी, जिसका विषय था झारखंड राज्य में व्यापारिक महिलाओं और महिला उद्यमियों का सामाजिक और आर्थिक योगदान. उन्होंने इस अद्वितीय रिसर्च के माध्यम से महिलाओं की व्यापारिक स्थिति और समाज में उनके योगदान को समझने का प्रयास किया.
डॉ मुंजाल एक प्रभावशाली और संवेदनशील रिसर्चर हैं, जिन्होंने अपने कार्य के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है. उनका अनुसंधान वास्तव में एक प्रेरणास्पद और ज्ञानवर्धक माना गया है, जो समाज को महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है.



अतिथि के हाथों रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड ग्रहण करतीं डॉ ख्याति.

### डॉ मुंजाल के रिसर्च ने द्वितीय दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया है

डॉ मुंजाल के रिसर्च ने उन्हें झारखंड राज्य में महिलाओं के स्थान के महत्व को समझने में मदद की है. उन्होंने व्यापारिक महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक योगदान को प्रकाश में लाने के लिए अपने अद्वितीय दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया है. उनका काम एक सामाजिक परिवर्तन को प्रेरित करता है और महिलाओं को उनके योगदान को समझने और महत्व को मान्यता दिलाने में मदद करता है.

## मालगाड़ी के इंजन से ओएसी तार टूटा

रांची। नई दिल्ली हावड़ा ग्रैंड कोड सेक्शन के धनबाद रेल मंडल के कोडरमा गया रेल खंड स्थित पहाड़पुर स्टेशन के समीप कोडरमा से गया की ओर जा रही मालगाड़ी का अप लाइन में पेन्ट्रो टूट गया. इस वजह से कई घंटे तक परिचालन सामान्य नही हो पाया है. घटना 6.55 बजे की है, घटना स्थल पर गझण्डी और गया से टावर वैगन व संबंधित विभाग के कर्मी कार्य को ठीक करने में लगे हैं. घटना की वजह से रांची पटना वंदे भारत गझण्डी में, रांची पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस पहाड़पुर में, भुनेश्वर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और हटिया-नई दिल्ली झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को कोडरमा जंक्शन पर रोका गया.

क्लासिफाइड









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, मंगलवार 11 जून 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 63 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### अवैध बालू लदा 3 वाहन जब्त

टुंडीः टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ भोजुडीह गांव के समीप टुंडी बीडीओ सह सीओ शैलेन्द्र चौरसिया ने तीन 407 चार सौ सात अवैध बालू लदा वाहन को पकड़ा. इससे अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है. यह कार्रवाई बीडीओ ने सोमवार को अहले सुबह की है. इधर मनियाडीह थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार धड़ल्ले से जारी है. यहां पर्दा केवल इस बात पर है, कि शाम ढलने के साथ ही चरककला, गुलियाडीह, सर्रा बराकर नदी घाट से दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर अवैध बालू का उठाव कर मनियाडीह डोमनपुर राजगंज बरवाअड्डा के रास्ते विभिन्न इलाकों में धड़ल्ले से अवैध बालू कारोबार जारी है.इस अवैध बालू कारोबार में सभी संबंधित थाने की पुलिस को मोटी रकम भेंट की जाती है.

### बालू निकासी पर आज से रोक

निरसा : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की तरफ से पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू निकासी पर रोक लगाई गई है. इस दौरान बालू घाट नदी किनारे से बालू उठाव नहीं किया जाएगा. पकड़े जाने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी. आपको बताते चले कि मॉनसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों व नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है. एनजीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है.

### तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

महुदा । महुदा बाजार निवासी कृष्ण चंद्र झा महुदा बाजार गैस एजेंसी के बगल वाले तालाब में नहाने के लिए गए थे. इस दौरान गहरे पानी में जाने से वो डूब गए ओर उनकी मौत हो गयी. शाम को कुछ लोग मछली पकड़ने गए तो तैरते हुए शव को देख कर अगल बगल में जानकारी दिया. जिसके बाद मुखिया महेश पटावरी ने महुदा पुलिस को सूचना दिया. उसके बाद शव को तालाब से निकाला गया. फिलहाल महुदा थाना प्रभारी धिरज कुमार जांच कर रहे है.

### संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव

**कतरास।** सिजुआ 10 नंबर कालोनी निवासी राम जिनिश सिंह का 19 वर्षीय पुत्र रजत कुमार सिंह का शव उसके आवास के कमरे में संदेहास्पद स्थिति में मिला. उसके मुंह से झाग निकल रहा था. लोगों ने उसे अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी. इधर जोगता थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है.

## दुष्कर्म में नाबालिग आरोपी को उम्रकैद

**संवाददाता। धनबाद**

शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर दुराचार करने के मामले में नाबालिग आरोपी को अदालत ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह चिल्ड्रेन कोर्ट सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने अभियुक्त को अपहरण के आरोप में पांच वर्ष तथा पोस्को एक्ट में उम्र कैद की सजा सुनाई है. अभियुक्त के खिलाफ पीड़ित की मां द्वारा केन्दुआडीह थाना में 5 सितंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी.आरोप में कहा गया था कि 4 सितंबर 2020 के समय दो बजे रात्रि वह अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो गयी. सुबह 4:00 बजे जब वह झाड़ू देने के लिए उठी कि तो अपनी नाबालिग पुत्री को गायब थी. उसके पुत्र ने जब बच्ची के मोबाइल की जांच की तो आरोपी का नंबर पाया. पुलिस ने उसके रिश्तेदार केदुआडीह पांच नंबर निवासी नाबालिग के खिलाफ 30 सितंबर 2001 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया. अदालत में 18 मई 2022 को आरोप का गठन कर अभियोजन साक्ष्य चलाया गया.अभियोजन पक्ष द्वारा खुल 10 गवाहों की गवाही कराई गई.पीड़िता ने अपने बयान में अदालत को बताया कि घटना के दिन आरोपी ने उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया था. वह कार लेकर उसके घर के पास आया था. आरोपी उसे वहां से पेनडेहरी गांव ले गया, दूसरे दिन उसे जमुई तथा तीसरे दिन शेखपुरा शिव मंदिर में वह उससे शादी की. वापस जमुई लाया जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था.

**वारदात** रानीगंज के सेनको लूटकांड में दो राज्यों की पुलिस रेस, अब तक तीन बार मुठभेड़

## सेनको ज्वेलरी शोरूम डकैती कांड में लुटेरे को लगी गोली

- धनबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया, बगोदर के सरिया में हुई मुठभेड़, सब इंस्पेक्टर जख्मी

**संवाददाता। गिरिडीह**



गोली लगने के बाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती अपराधी

रानीगंज के सेनको गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलरी शोरूम में हुई डकैती के मामले में गिरिडीह के बगोदर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इसमें दोनों पक्षों में फायरिंग हुई और एक सब इंस्पेक्टर और अपराधी को गोली लगी है, अपराधी को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस सब इंस्पेक्टर का कहीं और इलाज चल रहा है.
रानीगंज शहर के एनएसबी रोड स्थित सेंको गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलरी शोरूम में हुई डकैती हुई थी. सात डकैतों ने दोपहर में यहां लूटपाट की, इस दौरान पुलिस से मुठभेड़ भी हुई और एक डकैत को गोली भी लगी. इसके बावजूद डकैत भागने में कामयाब हो गए. आसनसोल के मोहिशिला इलाके में डकैतों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर उनकी कार लूट ली और फिर उसी में सवार होकर ये डकैत कोलकाता-दिल्ली हाइवे पर चार पहिया वाहन से भाग निकले. इसकी सूचना गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली. पश्चिम बंगाल पुलिस ने एसपी को बताया कि अपराधी कार पर भाग रहे हैं. ऐसे में गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा खुद मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए सड़क पर निकल गए. पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए अपराधी का नाम सूरज कुमार सिंह है जो बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है. जिस कार पर अपराधी भाग रहे थे उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया. जबकि अन्य दो अपराधी भाग निकले थे. इनकी भनक पाकर पुलिस ने बगोदर इलाके में छापेमारी की. इस दौरान यहां भी दोनों पक्षों के बीच गोली चली. यहां एक अपराधी को पुलिस गोली लगी, जिसे धनबाद इलाज के लिए लाया गया है. गोली उसकी कमर में लगी है. आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसी सेंट्रल ध्रुव दास ने बताया कि झारखंड पुलिस की मदद से गिरिडीह से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है. इस वारदात में शामिल बाकी डकैतों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.

पुलिस से भागने के दौरान खाई में गिरी तस्करों की सूमो

## 3 मवेशी समेत 1 की मौत

**संवाददाता। बरवाअड्डा**



क्रेन से वाहन को बाहर निकालती बरवाअड्डा पुलिस

1. सूमो से हो रही थी गो तस्करी
2. सूमो में बीच की सीट हटा रखे थे छह पशु
3. घटना में मरने वाला जामताड़ा का लाला अंसारी
4. सूमो में सवार तीन अन्य हुए मौके से फरार

बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जीटी रोड कल्याणपुर के समीप रविवार को लगभग तीन बजे रात मवेशी चोरी कर भाग रहे चोरों की टाटा सूमो वाहन संख्या जेएच15एस- 0588 खाई में गिर गई. घटना में एक सूमो पर सवार एक व्यक्ति समेत तीन मवेशियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज व बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से वाहन को खाई से बाहर निकाला गया. पुलिस ने वाहन चालक की बगल वाली सीट में दबे व्यक्ति को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. एक सूमो में छह जानवरों को ठूस कर ले जाया जा रहा था. बताते हैं कि रात में करीब तीन बजे उक्त सूमो में छह मवेशी भरकर ले जाया जा रहा था. उक्त वाहन को देखकर पुलिस ने जैसे ही टार्च मारा, जैसे पुलिस की टार्च वाहन पर पड़ी. चालक पूरी तरह से हड़बड़ा गया और वाहन को काफी तेज गति से लेकर भागने लगा. इसी क्रम में कल्याणपुर के समीप सुमो चालक वाहन ने रांग साइड से सर्विस रोड में प्रवेश कर दिया और बरवाअड्डा की तरफ भगाने लगा. कल्याणपुर के समीप अर्धनिर्मित सर्विस रोड पर सड़क पूरी तरह से नहीं बन पाई है, कई जगहों पर गड्ढे हैं, यहां से वाहन पूरी तरह अनियंत्रित हो गया और फिल्मी स्टाइल में वाहन उड़ कर लगभग 50 फीट दूर खाई में जा गिरा. इसके बाद मौके पर ही तीन मवेशी और एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि चार अन्य तस्कर वहां से फरार होने में कामयाब रहे. पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है. वारदात में मृतक की पहचान जामताड़ा जिला के करमाटांड़ थाना अंतर्गत नवाडीह दुर्गापुर निवासी लाला अंसारी के रूप में हुई है. पुलिस वारदात के अन्य आरोपियों की पड़ताल कर रही है. सभी पशुओं को को वाहन के पिछले हिस्से जैसे-तैसे बांध कर रखे गए छह मवेशियों को बाहर निकाला. घटना में तीन मवेशियों की मौत हो गई. एक मवेशी बाहर निकल कर भाग गया. दो मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गई. पुलिस ने मृत मवेशियों को दफना दिया और गंभीर रूप से घायल मवेशियों को गंगा गौशाला कतरास भेज दिया.

### मवेशी में दब गया तस्कर

वारदात के बाद जब पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया तो पाया कि सूमो की बीच वाली सीट निकाल दी गई थी. इसी सीट की जगह और पीछे में छह पशुओं को रखा गया था. लेकिन जब दुर्घटना हुई तो दो पशु के नीचे आकर लाला अंसारी खुद दब गया और उसकी मौत हो गई.

## 40 मवेशी लदा कंटेनर जब्त

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**



जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के पास मवेशियों से भरे एक कंटेनर को सोमवार सुबह पुलिस ने जब्त करने में सफलता हासिल की है. घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है. बताया जाता है कि डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद को गुप्त सूचना मिली थी कि मवेशियों से भरा एक कंटेनर बिहार से बंगाल जा रहा है, जिसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. जिसमें डुमरी पुलिस और निमियाघाट पुलिस ने संयुक्त रूप से बैरिकेडिंग कर कंटेनर को पकड़ने में सफलता हासिल की है. वहीं जब्त कंटेनर में 40 मवेशी लदे थे. जबकि एक मवेशी की मौत हो गई है. फिलहाल सभी जब्त मवेशियों को निमियाघाट थाने में रखा गया है. इधर पुलिस ने एक आरोपी शाहनवाज खान को भी गिरफ्तार किया है, जो बाराचट्टी का रहने वाला बताया जाता है.

**तस्कर से पूछताछ**
फिलहाल पुलिस गिरफ्तार मवेशी तस्कर से पूछताछ कर रही है. इधर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने कहा है कि गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा के निर्देश के बाद डुमरी पुलिस और निमियाघाट पुलिस मवेशी तस्करों पर लगाम लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाती है. जबकि पुलिस ने अब तक मवेशियों से भरे आठ कंटेनर को जब्त करने में सफलता पाई है. फिलहाल टीम में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुलिस बल के साथ मौजूद थे.

### नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गया जेल

मधुबन।खरखरी ओपी क्षेत्र के सोनानगर में बीते रविवार को 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास के मामले हिरासत में लिए रोहित नोनिया को सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया.मामले को लेकर किशोरी के पिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक रोहित नोनिया के विरुद्ध दुष्कर्म करने तथा पोक्सो एक्ट के तहत कांड अंकित कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है. बीते रविवार की रात्रि लगभग 2 बजे मौका देख किशोरी के आवास में घुस कर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था.किशोरी ने शोर मचाने से बगल के स्थानीय लोगो ने आरोपी युवक रोहित नोनिया को पिटाई कर खरखरी पुलिस के हवाले कर दिया.इस संबंध में खरखरी ओपी प्रभारी शावाज अंसारी ने बताया कि मामले को लेकर कांड अंकित कर युवक को जेल भेज दिया गया है.किशोरी को मेडिकल जांच व धनबाद न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज कराया जाएगा.

## दस साल की बच्ची को चोरी के इल्जाम में गर्म छड़ से दागा

**संवाददाता। धनबाद**

**खास बातें**

- हावड़ा मोटर के पास दो दिन पूर्व बच्ची मिली थी बेहोश
- होश में आने के बाद किया खुलासा
- सीडब्लूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने पुलिस पदाधिकारियों को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

दो दिन पहले हावड़ा मोटर के पास बेहोशी की हालत में बरामद दस साल की बच्ची सोमवार को होश में आ गई है. सीडब्लूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने बच्ची से बातचीत की, उसने बताया कि पहले वे लोग छाईगदा में रहते थे. उसके माता पिता गुजर गए हैं. जब सीडब्लूसी ने पुनर्वासित करने के लिए उसे बुलाया तो उसकी नानी सुनीता देवी उसे लेकर चांदमारी चली गई.बच्ची को चांदमारी में ही एतवारी नामक व्यक्ति ने पैसा चोरी का इल्जाम लगाकर लगाकर रस्सी से बांधकर उसकी पिटाई की और गर्म छड़ से दाग दिया था.
सीडब्लूसी अध्यक्ष मुखर्जी ने इस संबंध में एसएसपी को पत्र लिखा है. सभी संबंधित थानों को समन्वय कर पीड़िता को न्याय दिलाने का निर्देश दिया है. बैंक मोड़ व धनसार के थाना प्रभारी ने पूरे मामले पर सीडब्लूसी अध्यक्ष से बातचीत की है. बैंक मोड़ और सरायढेला थाने की पुलिस ने अस्पताल में जाकर पीड़िता का बयान लिया है. बच्ची का एक भाई तीन साल पहले स्टेशन से ही रेस्क्यू हुआ था. काफ़ी मशक्कत के बाद भी उसके परिजन नहीं मिल पा रहे थे. सीडब्लूसी की पहल पर स्पॉट विजिट कराने के समय कुछ माह पूर्व फिल्म बजरंगी भाईज़ान की तरह अपने भाई की पहचान की थी. बच्ची के मातापिता का निधन हो चुका है. सीडब्लूसी अध्यक्ष ने कहा कुछ माह पूर्व ही बच्ची को भी उसके भाई के साथ मुख्य धारा में लाने की कोशिश हुई थी.

## अवैध कोयला टपाते तीन तस्करों को पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता। तेतुलमारी**

तेतुलमारी पुलिस ने सोमवार को सुभाष चौक व गया पुल के समीप छापामारी कर अवैध कोयला लदा दो हिरोहोण्डा मोटरसाइकिल व एक टेंपो संख्या जेएच10बीवाई 5701 में सात क्विंटल अवैध कोयला के साथ तीन कोयला तस्करों को धर दबोचा . पकड़े गए आरोपियों में नगरीकला के शंकर कुंभकार, पीएसपी 2 नंबर के प्रसादी रजक व बेलदारी बस्ती निवासी विकास कुमार शामिल हैं.पुलिस थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी के बयान पर तीनों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज जेल भेज दिया. बताया जाता है कि इन दिनों तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह के बंद आउटसोर्सिंग से खनन कर कोयले को छोटे बड़े वाहनों से राजगंज में संचालित एक डिपो में खपाया जाता है.पुलिस के लगातार कारवाई के बावजूद भी इस गोरखधंधे पर विराम नहीं लग रहा है.

### अवैध खनन स्थलों की भराई शुरू

निरसा : निरसा पुलिस व सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर फटका जंगल में अवैध कोयला निकासी के लिए बनाये गये अवैध खनन स्थलों की भराई कार्य सोमवार को शुरू की गई. बताया जाता है कि गुप्त स्थलों से कोयला खनन कर साइकिल के माध्यम से लोग आसपास के उद्योगों में खपाया करते थे. अवैध रूप से कोयला खनन करने वाले लोगों को इसकी पहले ही लग गई थी. इसके कारण लोग खनन कार्य में नहीं लगे थे. पुलिस के इस अभियान से अवैध खनन करने वाले लोगों को बीच हड़कंप है.

**स्टार प्रचारक** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के बूथ में मथुरा रहे तीसरे नंबर पर

## जलेश्वर अपने बूथ-गांव से नहीं दिला सके मथुरा महतो को वोट

- झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष के बूथ में भी पिछड़ गए मथुरा महतो

**राम कुमार पाण्डेय। कतरास**

गिरिडीह लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो की हार के बाद कांग्रेस झामुमो सहित अन्य सहयोगी दलों के छोटे बड़े पदाधिकारी के "स्टार प्रचार" की हकीकत सामने आ गई. अपने आप को बड़े नेता का तमगा लगाकर चलने वाले नेताओं को उनके बूथों में ही जनता ने नकार दिया है. इनमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री स्टार प्रचारक जलेश्वर महतो तो अपने गांव के बूथों में भी पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को वोट नहीं दिला सके. साथ ही वर्तमान निवास स्थान या यूं कह लें कि उनके मुहल्ले के लोगों ने भी उनसे मुंह मोड़ लिया.



जलेश्वर महतो



रणविजय सिंह



अजमूल अंसारी

### सीपी को मिले 145 तो मथुरा को 67

जलेश्वर वर्तमान समय में सिंगड़ा पंचायत के लाल बंगला में रहते हैं. प्राथमिकी विद्यालय पाण्डेडीह बूथ संख्या 179 में वे मतदान करते हैं.जलेश्वर के बूथ में मतदाताओं की संख्या 621 इस बार कुल 359 मतदान हुआ. जलेश्वर के बूथ में उनसे अधिक प्रभावशाली निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो दिखे, जबकि इस बूथ में मथुरा प्रसाद महतो तीसरे नंबर पर रहे. बूथ संख्या 179 से एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को 145 निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को 91 जबकि मथुरा प्रसाद महतो को महज 67 वोट से ही संतोष करना पड़ा.

### रणविजय सिंह के बूथ पर सीपी भारी

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी रणविजय सिंह के बूथ संख्या 310 में कुल मतदाताओं की संख्या 989 है. इस बार मतदान 518 हुआ है. इसमें एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को 323 जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को महज 151 वोट मिला. ये हाल गिरिडीह लोक सभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं और उनके बूथों में पड़े प्रत्याशियों के मतों का है. आंकड़ा साफ बता रहा है कि अपने क्षेत्र में इनकी पकड़ कितनी है.

### सीपी को 260 तो मथुरा को 63

जलेश्वर की नाकामी की बात यहीं खत्म नहीं होती है बल्कि जलेश्वर महतो के पैतृक गांव राधानगर जहां जलेश्वर महतो का पूरा परिवार रहते हैं. उनके गांव के बूथ संख्या 129 मध्य विद्यालय राधानगर में भी जलेश्वर महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा को वोट दिलाने में पूरी तरह नाकाम रहे. यहां कुल मतदाताओं की संख्या 1036 इसबार 666 लोगों ने मतदान किया. जिसमें एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को 360 निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो को 201 जबकि मथुरा प्रसाद महतो को सिर्फ 63 वोट मिले. मालूम हो कि बीते लोकसभा चुनाव में जलेश्वर महतो कांग्रेस के स्टार प्रचारक थे. वे प्रदेश स्तर के नेता हैं. लोग चर्चा करते नहीं थक रहे स्टार प्रचारक व प्रदेश स्तर के नेता के अपने बूथों में ही इस तरह की स्थिति है तो इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे जनता के बीच कितना पकड़ रखते हैं. बहरहाल जो भी हो जलेश्वर महतो के बूथ में उनके प्रत्याशी के पक्ष में कम वोट आना, जलेश्वर सहित पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं है. इस पर पार्टी व जलेश्वर महतो को मंथन करने की आवश्यकता है.

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के बूथ का हाल

झामुमो बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी की अब बात करते हैं वे प्राथमिक विद्यालय बरमसिया बूथ संख्या 36 में मतदान करते हैं. यहां चंद्र प्रकाश चौधरी को 297 जयराम महतो को 51 जबकि मथुरा प्रसाद महतो को 188 मत मिले.

## बीसीसीएल का 94.05 अंक के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन

**संवाददाता। धनबाद**



कोल इंडिया एमओयू रेटिंग में बीसीसीएल का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ है..कोल इंडिया के 466 वीं बोर्ड मीटिंग में बीसीसीएल को 94.05 अंक दिया गया .मालूम हो कि बीसीसीएल बीते तीन वित्तीय वर्षों से लगातार एमओयू रेटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है. वहीं कोल इंडिया में बीसीसीएल का उत्कृष्ट प्रदर्शन से जहां कंपनी का मान सम्मान में जहां जबरदस्त इजाफा हुआ. इससे अधिकारियों के पीआरबी में इजाफा होगा.
सीआईएल की पांच कंपनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन. सीआईएल इकाई कंपनी में बीसीसीएल,एमसीएल , एनसीएल,सीएमपीडीआईएल और सीसीएल है. जिसे एमओयू रेटिंग में 90 से ज्यादा अंक प्राप्त हुआ है.वहीं कोल इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सबसे ज्यादा एमसीएल कंपनी को कोल इंडिया रेटिंग में सबसे ज्यादा 94.80 अंक मिला.एममओयू रेटिंग में बढ़ोतरी से अधिकारियों के पीआरपी में असर होता है.
कोल इंडिया के एमओयू रेटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार अधिकारियों के पीआरपी भुगतान में इसकी बढ़ोतरी होती है. प्राप्त जानकारी के अनुसार अगर किसी कोल अधिकारियों का कंपनी में कैरेक्टर में भी खराब प्रदर्शन होता है तो इसके बावजूद उन अधिकारियों को पीआरपी भुगतान बेहतर मिलेगा.बताया जाता है कि बीसीसीएल का बीते 2018-2019 के फाइनेंशियल वर्ष में खराब प्रदर्शन के बाद कंपनी 2019-20 से 2022-23 तक एमओयू रेटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है.

## ब्रीफ खबरें

### दिनदहाड़े छीन ली बाइक

**धनसार।** धनसार थाना क्षेत्र बेरा पुल के समीप सोमवार को दिनदहाड़े तीन नकाबपोश अपराधियों ने बीसीसीएल कर्मी महेंद्र भुईयां को चाकू का भय दिखाकर उसकी मोटर साइकिल छीन ली. इस संबंध में भुक्तभोगी ने धनसार थाना मे शिकायत की है. महेंद्र का कहना है कि वह बेरा कोलियरी में कार्यरत्त है.सोमवार को ड्यूटी के दौरान बेरा होटल से खाना खाकर चांदमारी आ रहा था. इसी क्रम में बतारा पुल के समीप घात लगाए तीन नकाबपोश अपराधियों ने उसे रोक लिया. इसके बाद चाकू दिखाकर उसकी जेएच 10 सीएस 9304 नंबर की बाइक छीन ली. फिर वे लोग बाइक लेकर चांदमारी की ओर भाग गए. शिकायत के बाद धनसार पुलिस बेरा,पतराकुली व चांदमारी क्षेत्र मे छापेमारी की. लेकिन सफलता नहीं मिली. धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडे का कहना है कि मामला संदिग्ध है.छिनतई हुई है या नहीं, इसकी पड़ताल की जा रही है.

### नए क्रिमिनल लॉ को लेकर पुलिस को प्रशिक्षण

**धनबाद।** धनबाद टॉउन हॉल में सोमवार को जिले के पुलिस अधिकारियों को क्रिमिनल लॉ को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. इस प्रशिक्षण में करीब ढाई सौ पुलिस अधिकारी शामिल थे. इस टीम में शामिल पुलिस वालों चार दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके बाद नई टीम को प्रशिक्षण मिलेगा. कुल तीन टीम बनाई गई है. बारी-बारी कर इन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा. मुख्यालय 2 डीएसपी संदीप गुप्ता ने बताया कि 1जुलाई में 2024 से लागू होने वाले क्रिमनल लॉ की जानकारी दी गई. डीएसपी संदीप गुप्ता ने बताया कि पुलिस वालों को भारतीय न्यायिक संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी दी गई.

### कोल अधिकारियों को बधाई

**केंदुआ।** कुसुंडा एरिया के चीफ मैनेजर (ई 7) निखिल बी त्रिवेदी व एना कोलियरी के प्रोजेक्ट ऑफिसर तुलेश्वर पासवान जीएम माइनिंग बनेंगे. कोल इंडिया ने इसकी अधिसूचना जारी की है.कोल माइन्स ऑफिसर्स एसोसिएशन ने दोनों अधिकारियों को जीएम बनने पर पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी व सुखद भविष्य की कामना की. बधाई देनेवालों में केशव कुमार,सुरेश अहिरवार,मुकेश कुमार सिंह,उमंग ठक्कर, सुमित कुमार,वेद प्रकाश,पल्लवी,राहुल मण्डल,अतुल शर्मा आदि शामिल थे.

### जल मीनार क्षतिग्रस्त, जल संकट

**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत के राधानगर दास टोला में मुखिया मद से लगा सोलर जल मीनार का पाइप जर्जर हो जाने के कारण रविवार की देर रात अचानक गिर गया. इससे सोलर प्लेट व जल मीनार क्षतिग्रस्त हो गया. घटना से दास टोला के लोग के बीच जल समस्या उत्पन्न हो गई है.इसकी सूचना ग्रामीणों ने वर्तमान मुखिया महेश पटवारी को दिया है..मुखिया उक्त स्थल पर पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर जानकारी ली. उन्होंने अश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त सोलर जल मीनार को एक सप्ताह में ठीक कर दिया जायेगा. तब तक आपलोगों को टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जायेगा. इस संबंध में मुखिया महेश पटवारी ने बताया कि पूर्व मुखिया के कार्यकाल में पंचायत में जो भी सोलर पम्प लगाया गया है, लगभग सभी पम्प खराब हो चुका है या गिर चुका है.

---

**यह कैसा प्रतिबंध**

## खैनी-तंबाकू छोड़िए श्रीमान...

# यहां तो स्कूल की बगल में मिलती है दारू

### कतरास में विद्यालय की बगल मदिरालय



राम कुमार पाण्डेय

**कतरास।** कतरास शहर के भगत सिंह चौक के समीप प्राथमिक विद्यालय खंडेलवाल कतरास से महज कुछ कदमों की दूरी सरकारी शराब दुकान संचालित है. शाम ढलते ही शराबी स्कूल परिसर को ही मयखाना बना देते हैं. स्कूल के बरामदे में लोग शराब पीते हैं. खाली बोतलें और अन्य सामग्री वहीं छोड़ जाते हैं. सुबह जब बच्चे स्कूल आते हैं तो शराब की खाली बोतलें, पानी की बोतल, गिलास, पान-मसाला का रैपर पड़ा हुआ मिलता है. बच्चों पर इसका क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा कोई भी लगा सकता है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 प्राथमिक विद्यालय खंडेलवाल कतरास के प्रधानाध्यापक हरि प्रसाद चौधरी ने स्कूल के बगल में चल रहे सरकारी दुकान व शराबियों द्वारा विधालय में शराब का सेवन करने की लिखित शिकायत डीएसई से की थी .शिकायत के आलोक में डीएसई विनीत कुमार ने बीईईओ कतरास को स्थलीय जांच कर जल्द प्रतिवेदन देने को कहा था.

### महुदा में स्कूल की बगल में शराब की दुकान




अब्दुल हमीद अंसारी

**महुदा।** सरकार ने स्कूल से 100 गज के दायरे में तंबाकू खैनी बीड़ी सिगरेट तथा शराब की खुलकर बिक्री बाघमारा प्रखण्ड के तेलमोचो पंचायत में देखी जा सकती है. उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी एवं उच्च विद्यालय कुँजी सड़क के पूरब दिशा में स्थित है. सड़क के पश्चिम दिशा में सरकारी देशी शराब दुकान संचालित है. शराब दुकान व विद्यालय की दूरी महज है जबकि राज्य सरकार ने विद्यालय के मीटर के दायरे में तम्बाकू, शराब, बेचने पर प्रतिबंध लगा रखा है. विडंबना है कि शराब दुकान एवं विद्यालय के बीच में तोपचांची वन प्रक्षेत्र के वनरक्षी आवास स्थित है. जो लंबे समय से बंद रहता है. जिसका इस्तेमाल अब शराब के शौकीन लोग कर रहे हैं बड़े आराम से करते हैं. सरकारी शराब दुकान से शराब की खरीदारी करते हैं और वनरक्षी आवास के प्रांगण में शराब का सेवन करते हैं. यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है.

### लोयाबाद में स्कूल की बगल में सरकारी शराब दुकान



उमेश चौधरी

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के लोयाबाद 7 नंबर मुस्लिम मोहल्ला स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय मदनाडीह धनबाद-2 है. जहां मात्र 50 मीटर से भी कम दायरे में लाइसेंसी विदेशी शराब दुकान संचालित है. स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राएं शराब दुकान के पास ही गुजर कर विद्यालय पहुंचते हैं. अक्सर शराबी शराब दुकान से शराब लेकर विद्यालय के इर्द-गिर्द शराब का सेवन कर हल्ला हंगामा करते हैं. जिससे बच्चों में बुरा प्रभाव पड़ता है लेकिन बच्चे व विधालय के शिक्षक कर भी क्या सकते हैं. सरकार ने शराब दुकान का लाइसेंस दे रखा है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सिंह पूछे जाने पर कहा कि सरकार ने विधालय के सामने तंबाकू-शराब की दुकान पर रोक लगाने का जो नियम लागू किया है, वह स्वागत योग्य कदम है लेकिन निर्देशों का कितना पालन होता है, ये सबसे अहम बात होगी.

### कुमारधुबी में तो 25 गज पर ही तंबाकू की दुकानें



**मैथन।** कोटपा एक्ट के तहत जिला प्रशासन द्वारा लागू किये गए निषेधाज्ञा का कुमारधुबी सहित अन्य स्थानों पर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. कुमारधुबी बाजार में स्थित कुमारधुबी उच्च विद्यालय है, जहां विद्यालय के मुख्य द्वार पर फुटपाथ दुकानदारों ने अपना दुकान लगा रखा था .यहां शिक्षण संस्थानों के सौ गज के दायरे की बात तो छोड़िए, यहां 25-30 गज के दायरे में वह सब नशीले पदार्थों की बिक्री खुलेआम की जा रही है, जो विद्यार्थियों का जीवन बर्बाद कर रहा है. यहां के लोगों से बात करने पर बताया कि नशीले पदार्थों की बिक्री तो होती ही है, यहां छात्रों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. रोजाना फुटपाथ दुकानदार मुख्य द्वार पर दुकान लगा देते हैं. लोगों ने बताया कि स्कूल के आसपास गुटखा, सिगरेट, गांजा सहित अवैध रूप से शराब भी बिक्री होती है .जिनके ऊपर नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं के संरक्षण में नशीले पदार्थों की बिक्री होती है.

---

# निरसा के दो स्कूलों में असामाजिक तत्वों का तांडव, दो लाख का नुकसान



संवाददाता । मैथन

निरसा थाना क्षेत्र के वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय निरसा एवं एसएसकेबीसी हाई स्कूल निरसा में रविवार की रात असामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मंचाया. दोनों ही स्कूलों के कई कमरों का दरवाजा तोड़ दिया गया. स्कूल परिसर में लगे पेड़-पौधे उखाड़ फेंक दिए गए. वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय निरसा में तोड़फोड़ से लगभग डेढ़ से दो लाख का आर्थिक नुकसान हुआ जबकि एसएसकेबीसी उच्च विद्यालय निरसा से पांच हजार की सामग्री की चोरी हो गयी. घटना की सूचना मिलते ही निरसा पुलिस दोनों ही विद्यालय की जांच करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों से पूछताछ किया. इस संबंध में वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभात चतुर्बेदी व एसएसकेबीसी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने निरसा थाना में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई है.

### एसएसकेबीसी हाई स्कूल निरसा से पंखा चोरी

**निरसा ।** एसएसकेबीसी उच्च विद्यालय निरसा के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने कहा कि सोमवार की सुबह स्कूल खोला तो देखा कि स्कूल के कार्यालय के बाहर लगे बिजली वैरिंग गायब है. कार्यालय के कमरों का वेंटिलेटर को तोड़ दिया गया है. वहीं एक कमरे का ताला तोड़ उसमें मौजूद पंखा व कुर्सी को चुरा लिया गया. स्कूल से लगभग पांच हजार की संपत्ति की चोरी हुई.

### वरीय बुनियादी विद्यालय में लगभग दो लाख का नुकसान

वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभात चतुर्वेदी ने कहा कि रविवार को स्कूल बंद था. सोमवार की सुबह जैसे ही हमलोग स्कूल खोलने पहुंचे, तो देखा कि स्कूल परिसर में लगे सभी पेड़ को काट दिया गया है. स्कूल के स्टोर रूम को तोड़ उसके अन्दर रखे कागजात, बच्चों के दवा को बाहर फेंक दिया गया है .वहीं स्कूल के शौचालय के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर बनाये गए शौचालय में भी जमकर तोड़फोड़ की गयी. सभी शौचालय का पाइपलाइन, नल, पैन आदि को तोड़ दिया गया. बेंच-डेस्क व कुर्सी को बाहर निकाल उसे तोड़ दिया गया. जिससे स्कूल को लगभग डेढ़ से दो लाख का नुकसान हुआ.

### असामाजिक तत्वों ने निजी-स्वार्थ में घटना को दिया अंजाम

वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय निरसा व एसएसकेबीसी उच्च विद्यालय निरसा आसपास स्थित है. स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दोनों ही स्कूल में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया. असामाजिक तत्व स्कूल में नुकसान पहुंचाने के नियत से घटना को अंजाम दिया है .असामाजिक तत्वों का मंसूबा चोरी का नहीं बल्कि स्कूल प्रबंधन को नुकसान पहुंचाने का था. स्कूल स्तर पर कई छोटे-बड़े ठेकेदारी का काम चलता है. जिसमें कुछ लोगों ने वर्चस्व को लेकर इस तरह की घटना को अंजाम दिया. स्कूल प्रबंधन भी वैसे लोगों को भलीभांति जानते व पहचानते हैं. परन्तु विवाद होने के डर से कुछ बता नहीं रहा है. स्कूल समाज की संपत्ति है. इस तरह के करतूत करनेवालों के खिलाफ पुलिस कड़ी क़ानूनी करवाई करे. इस संबंध में निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि स्कूल में तोड़फोड़ की सूचना मिली है. पुलिस जांच कर रही है. स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोग अगर कुछ जानते है, तो इसकी जानकारी पुलिस को दे. दोषियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी.

---

## कोर्ट की खबरें

### रंजय हत्याकांड में हर्ष सिंह हाजिर



**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के करीबी माने जाने वाले रंजय सिंह हत्याकांड में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई. इस दौरान आरोपी हर्ष सिंह हाजिर थे. अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी गवाही के लिए अदालत में हाजिर नहीं हुए. बचाव पक्ष द्वारा उनका प्रति परीक्षण किया जाना था. 31 मई को समयाभाव के कारण उनका प्रति परीक्षण पूरा नहीं हो पाया था. अदालत ने अनुसंधानकर्ता को हाजिर होने का आदेश दिया है. रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी.

### नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 22 वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुराचार करने के मामले में सोमवार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने बलियापुर थाना क्षेत्र के रंगामाटी निवासी विशाल कुमार सिंह को 22 वर्ष कैद एवं 13 हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. शुक्रवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था जबकि पिता ललन सिंह, मां ज्ञानती देवी व बहन काजल कुमारी को रिहा कर दिया था. अदालत सजा की बिंदु पर सुनवाई की तारीख 10 जून 2024 निर्धारित की थी. 26 मार्च 2022 को पीड़िता की मां ने बलियापुर थाना में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक उसकी नाबालिग बेटी को विशाल कुमार सिंह ने प्रेम जाल में फंसाकर यौन शोषण किया. इस कारण वह गर्भवती हो गई थी. आरोप था कि उसके परिवार के लोगों ने जबरन भुईफोड़ मंदिर में ले जाकर उसकी शादी करा दिया था. 3 मार्च 2022 को करीब 6:00 बजे उसकी नाबालिग बेटी मार्केट जाने की बात कह कर घर से निकली देर रात घर वापस नहीं आई. काफी खोजबीन के बाद वह नहीं मिली. 4 मार्च 2022 को सुबह 9:00 बजे आरोपी विशाल के पिता ललन सिंह एवं माता ज्ञानती देवी पीड़िता के घर जाकर उसकी मां से कहा कि आप की बेटी मेरे पास है और सुरक्षित है. आप को मेरे साथ भुईफोड़ मंदिर चलना होगा और अपनी बेटी की शादी मेरे पुत्र विशाल कुमार सिंह के साथ करना होगा. पीड़िता की मां ने इसका विरोध किया लेकिन विशाल के माता पिता ने मिलकर जबरन नाबालिग की शादी करा दिया.

### सुशांतो हत्याकांड, गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल की हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे. गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी. मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी. जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे. प्रदीप तुरी के फर्द बयान पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी. पुलिसिया जांच पर उंगली उठाते हुए सुशांतो की मां ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था.

---

**आक्रोश**

## करो या मरो, जमीन हमारी राज तुम्हारा नहीं चलेगा के नारों के साथ

# विस्थापितों का डीवीसी मैथन में धरना-प्रदर्शन

**खास बातें**

- जुलूस की शक्ल में डीवीसी प्रशासनिक भवन पहुंचे फिर धरना पर बैठे
- विस्थापितों ने प्रबंधन को मांगें पूरी करने के लिए एक माह का समय दिया



संवाददाता । मैथन

दामोदर वैली वस्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले विस्थापितों ने करो या मरो एवं जमीन हमारा, राज तुम्हारा नहीं चलेगा के नारों के साथ सोमवार को डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया. आंदोलन के दौरान डीवीसी प्रबंधन और समिति के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई सकारात्मक वार्ता के बाद विस्थापितों ने एक माह के लिए आंदोलन स्थगित कर दिया. डीवीसी प्रबंधन ने समझौता वार्ता में लिखित आश्वासन दिया कि समिति की मुआवजा राशि बढ़ाने सहित अन्य मांगों को निर्णय लेकर एक माह के अंदर लागू कर दिया जाएगा. विस्थापितों ने प्रबंधन को मांगें पूरी करने के लिए एक माह का समय दिया. फिलहाल आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की. इससे पहले विस्थापितों ने मैथन डाइक एरिया से सुबह सात बजे समिति के अध्यक्ष वासूदेव महतो के नेतृत्व में जुलूस के शक्ल में नारे लगाते हुए डीवीसी प्रशासनिक भवन पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया, इसके बाद धरना पर बैठ गए. मौके पर वासूदेव महतो ने कहा कि डीवीसी मैथन में विस्थापितों का आंदोलन 1968 में शुरू किया गया था. लगातार दस वर्षों तक आंदोलन चलने के बाद डीवीसी प्रबंधन द्वारा 1978 में विस्थापितों का एक पैनल बनाया गया. लेकिन विडंबना है कि आजतक पैनल में शामिल विस्थापितों को ना नौकरी मिला और ना ही मुआवजा मिला, जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि डीवीसी को विस्थापितों को नियोजन दें. महतो ने कहा कि आज जिसकी जमीन पर डीवीसी का निर्माण हुआ, वह दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं. पिछले 45 वर्षों से विस्थापितों द्वारा अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन किया जाता रहा है, लेकिन डीवीसी प्रबंधन झूठा आश्वासन देकर विस्थापितों को हमेशा छलने का काम करते आया है. कहा कि इस बार डीवीसी को अंतिम मौका दिया गया है कि वह विस्थापितों के साथ न्याय करें और हमारी मांगें पूरी करें. वार्ता में डीवीसी के वरीय महाप्रबंधक (एचआर) संजीव श्रीवास्तव, प्रबंधक (एचआर) पार्थसारथी मुखर्जी और विस्थापितों की ओर से वासूदेव महतो, सुरेन्द्रनाथ मुर्मू, बादल मराण्डी, प्रवीर भंडारी, रविशंकर सेन, छोटेलाल हेम्ब्रम, नागेन्द्र हेम्ब्रम आदि शामिल थे.

---

# 10 घंटे में झरिया वासियों को मिली मात्र 3:15 घंटे बिजली

**खास बातें**

- 6 : 45 घंटे बिजली नहीं



संवाददाता । झरिया

एक ओर धनबाद सहित पूरे भारत में गर्मी चरम सीमा पर है तापमान कभी 45 तो कभी 42 डिग्री से नीचे आने का नाम नहीं ले रहा है ऐसे में झरिया क्षेत्र में बिजली नहीं रहने का रिकार्ड बना रही है . सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे अर्थात 10 घंटे में 6.45 घंटे बिजली कटी रही. इस स्थिति को ले कर झरिया के लोगों का कहना है कि जीना दुश्वार हो गया है . सरकार को कम से कम बिजली पानी पर ध्यान देना चाहिए . लेकिन कौन सुनता है बिजली को लेकर बिजली विभाग से लेकर जनप्रतिनिधि व सरकार सभी का उदासीन रवैया है । सोमवार की सुबह 9:00 बजे से शाम के 7:00 बजे तक 10 घंटे में झरिया वासियों को मात्र 3:15 घंटे ही बिजली मिली और 6:45 घंटे बिजली नहीं थी . अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोग विशेषकर छोटे बच्चे किस हाल में होंगे .

**बिजली कब आई और कब गई**

| | | |
|---|---|---|
| 9:30 पूर्वाह्न | से | 2:15 अपराह्न |
| 1:20 अपराह्न | से | 1:50 अपराह्न |
| 2:25 अपराह्न | से | 3:55 अपराह्न |
| 5:15 अपराह्न | से | 7:15 अपराह्न |

### किसान सम्मान से तीसरे कार्यकाल की शुरुआत : राज सिन्हा

**धनबाद।** धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी कर अपने कार्यकाल की शुरुआत की. इसके अंतर्गत 20,000 करोड़ वितरित किए है. जिससे लगभग 9.3 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे. किसान सम्मान निधि'''' योजना से अब तक 12 करोड़ 33 लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं. किसानों के लिए वरदान साबित हो रही इस योजना से अब तक 16 किस्तों में 3 लाख करोड़ से अधिक सीधे डीबीटी से वितरित किये गए हैं. यह महत्वपूर्ण निर्णय एनडीए सरकार की किसानों के प्रति कटिबद्धता को दर्शाता है. किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए विधायक ने पीएम का आभार व्यक्त किया है. झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं. झारखंड राज्य से कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं रांची के सांसद संजय सेठ के केंद्र में मंत्री बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी.

## ब्रीफ खबरें

### मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जमुआ।** जमुआ पुलिस ने अभियुक्त हुरो सिंह को सअनि राकेश रोशन पाण्डेय ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. आरोपी हुरो सिंह एवं खरगडीहा निवासी सत्यनारायण साव के बीच पिछले वर्ष 2023 में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ था. जिसमें सत्यनारायण साव गंभीर रूप से जख्मी हुआ था. मामले को लेकर स्थानीय थाना में आरोपी के विरुद्ध कांड अंकित कराया था . मामले को लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

### अज्ञात वृद्ध का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**गांडेय।** जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के जमडीहा गांव के खेत में सोमवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति के शव को ग्रामीणों ने देखा. सूचना पर ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया. पुलिस मृतक की शिनाख्त करने में जुटी है. अंतिम सूचना मिलने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी.

### उग्र ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**तालगड़िया।** सियालजोरी थाना के समीप 38 खाता में ग्रामीणों ने सड़क पर जल छिड़काव करने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि वेदांता इलेक्ट्रो स्टील प्रबंधन द्वारा नियमित ढंग से जल छिड़काव नहीं करने से काफी धूल उड़ता रहता है. धूल उड़ने से आसपास में काफी प्रदूषण फैल जाता है. इससे दुकानदारों को अत्यधिक परेशानी होती है. ग्राहक नहीं रुकते हैं अगर रुकते हैं तो धूल भरी सामान खाने से इंकार कर देते हैं. जाम की सूचना पर सियालजोरी पुलिस पहुंची और ग्रामीणों से बात की. पुलिस द्वारा जल छिड़काव करवाने की आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटा लिया.

### जाति प्रमाण पत्र के लिए ग्रामसभा का आयोजन

**जमुआ।** गिरिडीह के डीसी के निर्देश पर अबुआ आवास के लाभुकों की जाति सत्यापन के लिए जमुआ के विभिन्न पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन सोमवार को किया गया. इस बाबत जमुआ के बीडीओ कार्यालय से पत्रांक 692 दिनांक 6 जून 024 के पत्र के आलोक में पंचायत स्तर पर मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों को ग्रामसभा आयोजन कर लाभुकों का जाति सत्यापन कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने को कहा है. बीडीओ के पत्र के आलोक में जमुआ प्रखण्ड के दर्जनाधिक पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन कर अबुआ आवास के लाभुकों के जाति सत्यापन कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की कवायद की जा रही है.

### अगलगी से एक लाख की संपति जलकर राख

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के मंजुरा में सोमवार देर रात गुलाब अंसारी के घर में अचानक अगलगी की घटना में घर के अंदर रखा फ्रिज, कूलर, मिक्सर ग्राइंडर, स्टेबलाइजर, इंडक्शन समेत लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई. इस बाबत पीड़ित गुलाब अंसारी ने बताया कि अगलगी की घटना कैसे घटी, यह जानकारी उन्हें नहीं है. अचानक जब वे रात तीन बजे शौच के लिए उठे तो घर के वेंटिलेटर से आग की लपटें उठती दिखी. इस दौरान हल्ला मचाने पर ग्रामीण जुटे और दो घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. पीड़ित ने बताया कि अगलगी की घटना की सूचना कसमार सीओ को दी गयी है.

### फरार आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**कथारा।** कथारा ओपी पुलिस ने खेतको तेतरिया टोला निवासी दुलारचंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है. कथारा ओपी थाना प्रभारी जीतेश कुमार ने बताया कि कथारा केप्टिव पावर प्लांट से लौहा चोरी हुई थी, जो इनके ट्रैक्टर में लदा हुआ जब्त किया गया था. जिन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थित करने हेतु भेजा गया है. इनके विरुद्ध न्यायालय से इस्तेहार निर्गत था.

## उप विकास आयुक्त ने सदर अस्पताल देवघर का किया औचक निरीक्षण

# वार्ड में पंखा और कूलर लगाएं : नवीन कुमार

**खास बातें**

- अस्पताल में भर्ती मरीजों से की बातचीत
- सदर अस्पातल में नियमित सफाई पर दिया जोर



संवाददाता। देवघर

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त नवीन कुमार ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया. इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधा को लेकर किये गये इंतजामों के अलावा ओटी, आईसीयू, सिटी स्कैन, बर्न यूनिट, मेटरनिटी वार्ड के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर अस्पताल परिसर की वस्तुस्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा चिकित्सकों का रोस्टर, उपस्थिति पंजी आदि की जांच भी की गई.

इसके अलावे उप विकास आयुक्त वार्ड निरीक्षण के क्रम में पाया कि कई वार्ड में पंखा एवं कूलर की आवश्यकता है, ताकि इतनी गर्मी में मरीजों को राहत मिल सके. लिहाजा उप विकास आयुक्त ने सिविल सर्जन को उक्त वार्डों में आवश्यकतानुसार पंखा, कूलर के अलावा पेयजल एवं खराब पड़े एसी की मरम्मत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. आगे उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट व ऑक्सीजन पाइपलाइन के सुचारू रूप से संचालन को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता के अलावा सेप्टिक टैंक और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया. साथ ही निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं और कमियों से अवगत हुए. आगे उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सदर अस्पताल की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए और आमलोगों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए, ताकि सदर अस्पताल की एक अच्छी छवि बने. इसके अलावे उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी सेवा भाव से अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया. इस दौरान उपरोक्त के अलावे सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा, अस्पताल उपाधीक्षक एवं अस्पताल के चिकित्सक अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे.

# खटाल संचालक की हत्या



संवाददाता। जामताड़ा

मिहिजाम थाना क्षेत्र के कानगोई में बीती रात लगभग 11 बजे गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई. हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए फोरेंसिक टीम को मंगाया जा रहा है. मृतक 42 वर्षीय नंदलाल यादव कानगोई रेलपार स्थित शास्त्रीनगर में अपना खटाल किया था. जबकि खटाल से करीब आधा किलोमीटर दूरी पर उनका घर है. जहां उनकी पत्नी व दो बेटियां सहित पूरा परिवार रहते थे. सोमवार की सुबह जब ग्राहक दूध लेने के लिए खटाल पहुंचे तो देखा कि नंदलाल यादव खाट पर पड़ा हुआ है. घरवालों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया. घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों के अनुसार अपराधियों ने नंदलाल यादव को तीन गोली मारी है. जिसमें एक गोली कनपट्टी से सटाकर मारी गई हैं. जबकि दो गोली सीने में मारी गई हैं. वही पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है.

## अवैध बालू उठाव के खिलाफ सीओ ने चलाया अभियान

# सकरी नदी से एक ट्रैक्टर समेत चार डाला जब्त



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

जिले के गावां थाना क्षेत्र के विभिन्न घाटों में सकरी नदी से अवैध बालू उठाव के खिलाफ सीओ के नेतृत्व में अभियान चलाया गया. इस दौरान गावां पटना नदी में बालू का उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर व चार ट्रैक्टर डाला जब्त किया गया. पदाधिकारियों को आते देख लेबर चालक सभी फरार हो गए. चार ट्रैक्टर के चालक इंजन को खोलकर ले भागे. जबकि डाला को नदी में ही छोड़ दिया. सीओ के द्वारा सभी ट्रैक्टर व डाला को जब्त कर थाना लाया गया.

सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि जिला व्यापी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है, जो आगे भी जारी रहेगा. किसी भी सूरत में नदियों से अवैध बालू का उठाव नहीं करने दिया जाएगा.

अभियान में थाना प्रभारी महेश चंद्र, सीआई विजय चौधरी समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

### अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त



**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो नदी घाट से सोमवार को जिला प्रशासन के आदेशानुसार बेंगाबाद में जांच अभियान चलाया गया, जिसमें अलग-अलग घाटों से बालू लदा चार ट्रैक्टर को जब्त किया गया. हालांकि चालक एवं मजदूर भागने में सफल रहे. बेंगाबाद बीडीओ एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया. इस दौरान मोतिलेदा घाट से दो बालू लदा ट्रैक्टर, वहीं दूसरी गेनरो घाट से दो बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया. चारों ट्रैक्टरों का पुलिस ने जब्त कर थाना ले आईं. मौके पर बीडीओ निशा कुमारी, थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह सदलबल के साथ थे. थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जांच किया जा रहा है. जांचोपरांत मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी.

### 11 से 20 जून तक सभी प्रखंडों में विशेष शिविर

**बोकारो।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण लाभुकों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम लाभुकों तक पहुंचे, इस उद्देश्य से जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है. ऐसा देखा जा रहा है कि कतिपय योजनाओं में आधार का बैंक खाता से मैपिंग नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लाभुक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं. उक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त विजया जाधव के आदेशनुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीण लाभुकों तक पहुंचाने, लाभुकों का बैंक खाता खुलवाने, बैंक खाते के साथ आधार का मैपिंग, डोरमेंट अकाउंट को एक्टिव करना एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों के लिए जिले के सभी प्रखंडों में विशेष अभियान के तहत 11 जून से 20 जून तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा. उपायुक्त ने सभी बीडीओ एवं अंचलाधिकारी को आदेश दिया है कि उक्त निर्धारित तिथि को प्रखंड स्तर पर शिविर का आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था करेंगे तथा विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों को उक्त कैंप में उपस्थित रहने हेतु अपने स्तर से समुचित व्यवस्था करेंगे. साथ ही कैंप के उपरांत विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभान्वित लाभुकों एवं आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन अपराह्न 7:00 बजे तक प्रतिदिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

### निर्माणाधीन मकान से मिली युवक की अधजली लाश

**गोड्डा।** नगर थाना क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले के पास एनएच से सटे खाली पड़े अधूरे मकान से अधजले युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना पर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली सहित अन्य की टीम पहुंचकर घटना की जानकारी ली. युवक का चेहरा पूरी तरह से जल चुका है, जिसके कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है. युवक के हाथ और पैर में जंजीर बंधा हुआ था. जिससे इसके मानसिक रूप से विछिप्त होने की बात भी सामने आ रही है. जिस मकान से लाश को बरामद किया गया है वह वर्षों से सुनसान जगह पर खंडहर नुमा पड़ा हुआ है. इसी से कुछ दूरी पर नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है. निर्माण कार्य में शामिल किसी मजदूर के शामिल होने की बात पर भी जांच की जा रही है. घटना पर जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि अभी इस मामले पर कुछ नहीं कहा जा सकता है. लाश की पहचान कराने में समस्या आ रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है. फिलहाल घटना को लेकर तरह तरह की बातें बताई जा रही है.

### अमिता मिश्रा मामले में उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**बोकारो।** रविवार को अमिता मिश्रा ने अपने साथ हुई मारपीट व अश्लील हरकत की शिकायत और उचित कार्यवाई को लेकर जिले के उपायुक्त विजया जाधव राव से मिली. उपायुक्त विजया जाधव ने अमिता की पूरी बात धैर्यपूवक सूना और जिले के एसपी को आदेश दिया कि दोषियों की जल्द जल्द गिरफ्तारी की जाए. उपायुक्त ने मुख्य आरोपी अखिलेश उर्फ डब्बू सिंह को मिले हथियार का लाइसेंस भी निरस्त करने को कहा. जिले के एसपी पूज्य प्रकाश ने कहा कि जल्द ही दोषियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करेगी.

### दो मंत्रियों से मिल भाजपा नेता लक्ष्मण ने दी बधाई

**बोकारो।** भाजपा नेता व जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व बोकारो जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक ने सोमवार को नई दिल्ली में कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व रांची सांसद संजय सेठ से भेंट कर दोनों को मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में क्रमशः कैबिनेट मंत्री व राज्य मंत्री बनाये जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी. लक्ष्मण नायक ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में झारखंड के दो सांसदों को प्रतिनिधित्व मिलने से यहां संगठन विस्तार के अलावा सरकार की योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतारने में मदद मिलेगी.

### बाल विवाह के मामले में सीडब्ल्यूसी ने की त्वरित कार्रवाई

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत पेटरवार थाना के लुकैया गांव में कल दो नाबालिको की शादी गुपचुप तरीके से कर दिया गया था. जिसकी शिकायत सहयोगिनी संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी बोकारो को की गई. जिसके बाद समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी की टीम के द्वारा आज लड़का लड़की को ऑफिस में प्रस्तुत किया गया तथा दोनों को अलग कर अभिभावकों को सौंप दिया गया. लड़का का उम्र 17 वर्ष तथा लड़की का भी उम्र 17 वर्ष है. इस संबंध में अध्यक्ष शंकर रवानी ने बताया कि बाल विवाह के मामले को रोकने के लिए प्रशासन मुस्तैद है. बोकारो जिले को बाल विवाह से मुक्त करने के लिए बाल संरक्षण विभाग अभियान चला रहा है. उन्होंने बताया कि इस विवाह में शामिल सभी लोगों पर प्राथमिक दर्ज करने के लिए बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पेटरवार को निर्देशित किया गया है.

# पौडेयाहाट में चोरी की अवैध लकड़ी की बड़ी खेप बरामद

संवाददाता। गोड्डा/पौडेयाहाट

पौडेयाहाट थाना क्षेत्र के बांझी रोड में वन विभाग की टीम ने करवाई करते हुए बड़ी मात्रा में रखे गए लकड़ी के बोटा को बरामद किया. घटना बीते रविवार रात की है. वन विभाग को मिले गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई और बांझी रोड में सरकारी जमीन पर छुपाकर रखे गए लकड़ी को बरामद किया गया . बाद में वन विभाग गोड्डा के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से मुखिया अनुपम भगत के आवास पर भी तलाशी लिया. बताया जाता है कि मुखिया पिछले एक सप्ताह से सपरिवार धार्मिक यात्रा पर बाहर गए हुए हैं. उनकी अनुपस्थिति में ताला तोड़कर घर की तलाशी लेना उचित नहीं है. इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति भी जताते हुए वन विभाग की टीम का विरोध भी किया. ग्रामीणों का कहना था कि मुखिया के आने के बाद ही उनके घर की तलाशी लिया जाना चाहिए था. इस पर पहुंचे गोड्डा वन क्षेत्र के पदाधिकारी संजय कुमार ने ताला तोड़ने की बात से इंकार करते हुए बताया कि थाना प्रभारी के साथ तलाशी लिया गया था. कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल को बिगाड़ने के लिए वन विभाग की गाड़ी पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त करने का काम किया है. फिलहाल बरामद की गई लड़कियों को जब्त कर अपने अधीन करवा लिया गया है. मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने की करवाई की जा रही है. बरामद की गई लकड़ियों की कीमत हजारों में बताई जा रही है. ज्ञात हो कि पौडेयाहाट क्षेत्र अवैध लकड़ी कारोबारी का बड़ा बाजार है. इस रास्ते लाखों रुपए की अवैध लकड़ियों को बिहार बंगाल ले जाया जाता है. सुंदरपहाड़ी के जंगल को लकड़ी माफियाओं ने करीब करीब खाली कर दिया गया है. इसमें सभी की भागीदारी होती है. ऊपर से लेकर नीचे तक कमीशन का खेल चलता है. कभी कभी सरकार की चिट्ठी आने पर औपचारिकता के लिए छापेमारी का खेल भी अधिकारी खेल लेते हैं.

# पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। गोड्डा



नगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट इलाके में पुलिस ने घटना को अंजाम देने जा रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया.

घटना को लेकर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने बताया कि नगर पुलिस की टीम रात्रि गश्ती पर थी. इसी क्रम में एक बाइक पर सवार तीन युवक मटरगश्ती करते दिखे. युवकों की गतिविधि संदिग्ध दिखने पर पुलिस दल ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार रुकने के बजाय भागने लगे. इसपर पुलिस दल द्वारा पीछा किया गया तो न्यू मार्केट के पास भाग रहे तीनों युवकों को दबोच लिया गया. इनकी तलाशी लिए जाने पर एक देशी पिस्तौल के साथ दो जिंदा कारतूस और एक गुप्ती (लंबा चाकू) बरामद किया गया. पूछताछ पर इन युवकों ने बताया कि पैसे की तंगी हो गई थी और लूटपाट करने के इरादे से सड़क पर निकले हुए थे. शिकार की तलाश कर रहे थे कि पुलिस से सामना हो गया. पकड़ाए गए तीन युवकों में से दो बिहार से आए हुए थे. जबकि तीसरा युवक स्थानीय था. इनकी पहचान आकाश कुमार (19) पिता दीपक शर्मा, निवास साउथ शास्त्री नगर, थाना कासिम बाजार, मुंगेर नीरज कुमार उर्फ रॉकी (22) पिता मिथलेश प्रसाद, ग्राम समेली, थाना फलका जिला कटिहार और सौरभ कुमार (20) पिता सुरेंद्र प्रसाद मोहल्ला गुलजारबाग गोड्डा के रूप में की गई है. पुलिस टीम में थाना प्रभारी दिनेश महली, पुअनि अमित मर्की, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्फोट्टा सअनि गौरव कुमार सहित जवान शामिल थे.

### अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठा अनुबंधकर्मी

**तिसरी (गिरिडीह)।** पॉवर सब स्टेशन में ड्यूटी के दौरान ग्यारह हजार वॉल्ट की तार के चपेट में आकर बुरी तरह घायल होने वाले स्विच बोर्ड ऑपरेटर विपुल सिंह विधुत विभाग के रवैये और उनकी कारस्तानी से परेशान होकर सोमवार को तिसरी पॉवर सब स्टेशन में ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए. विपुल ने बताया कि वे निदान इंटरप्राइजेज के अंतर्गत अनुबंध पर तिसरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पॉवर सबस्टेशन में स्विच बोर्ड ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे. बीते 10 सितंबर 2023 को वे ड्यूटी के दौरान बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए थे. ठीक होने के बाद से तिसरी पॉवर सब स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्य कर रहे हैं, लेकिन दुर्घटना के समय से ही उनका मासिक वेतन नहीं दिया गया. साथ ही अपसेंटी लिस्ट से भी उनका नाम हटा दिया गया और ना ही इलाज के लिए कोई मुआवजा दिया गया. जिसके कारण उनके घर की माली स्थिति भी दयनीय हो गई है.

### बाल गृह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**साहिबगंज।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के आदेशानुसार और मार्गदर्शन में सोमवार को प्राधिकार के सचिव ने बाल गृह का निरीक्षण सह विधिक जागरूकता किया. वहीं निरीक्षण के दौरान सचिव विश्वनाथ भगत ने प्रत्येक बच्चों का कुशलक्षेम एवं सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त किया. उन्होंने बाल सुधार गृह में रह रहे बच्चों के शिक्षा हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया. इसमें किसी प्रकार का कोई परेशानी होने पर प्राधिकरण को सूचित एवं पत्राचार करने का भी निर्देश दिया. इस मौके पर पीएलभी अमरेन्द्र ठाकुर, रंजन कुमार सिंह, कुर्बान अंसारी, सेमी मलतो, शिला बासकी, माधुरी कुमारी, मंजीत हेम्ब्रम, महेश पाण्डेय, दिल्वनाज अंसारी, मो० महफूज, सुशील हेम्ब्रम, सुबिदा देवी, सरिता मुर्मू, रेणुका कुमारी, प्रेम लता टुडू, प्रकाश मरांडी, नरेश सोरेन, अरुण आदि ने ग्रामीणों को जानकारी दी.

## आंदोलन पेयजलापूर्ति चालू करने को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

# दो दिनों में शुरू नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी

**खास बातें**

- आठ पंचायतों में पेयजलापूर्ति है बाधित
- मोटर ठीक कर प्रतिदिन पानी आपूर्ति करने की मांग



संवाददाता। बोकारो

जैनामोड ग्रामीण पेयजलापूर्ति फेज टू द्वारा इस भीषण गर्मी मे नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कई दिनों तक बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया एवं जैनामोड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में पानी टंकी के समीप पहुंचकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया. इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि आज तो संवेदक एवं पेयजलापूति विभाग को चेतावनी के रूप में सांकेतिक विरोध दर्ज किया गया है अगर दो दिनों के अन्दर आठ पंचायतों में पेयजलापूर्ति शुरू नहीं किया गया तो पानी टंकी के समीप जोरदार ताला बन्दी कर अनिश्चित कालीन धरना पर पूरे क्षेत्र की महिला पुरुष जनता बैठने के लिए बाध्य होगें. किसी भी अनहोनी घटना के लिये संवेदक एवं पेयजल विभाग जिम्मेवार होगा. श्री सिंह ने कहा कि इस भीष्म गर्मी में जहां लोगों को पानी एवं बिजली की अत्यंत आवश्यकता है वहीं आम उपभोक्ता पानी एवं बिजली की अनियमित आपूर्ति से बेहाल है. श्री सिंह ने फेज वन एवं फेज टू दोनों को तथा दोनों मोटर ठीक कर प्रतिदिन पानी की सप्लाई नियमित रूप से करने की मांग की तथा छूटे हुए कई गलियों में पाईप लाईन को दुरूस्त कर वहां भी पानी शुरू करने की बात जाए. जल कर की राशि वसूली का सुगभ व्यवस्था जलसहिया के माध्यम से पेयजलापूर्ति संचालन समिति एवं सम्बंधित ग्राम पंचायत मुखिया संचालन समिति भी एलडीसी द्वारा समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित किया जाय. उन्होंने मांग की कि फेज टू निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, तय प्राक्कलन मानक के विरुद्ध किये गये निमार्ण कार्यो की जाँच की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाय. मौके पर कमल किशोर सिंह, पुनित कर्मकार, पूर्व मुखिया मंतोष सोरेन, नन्द किशोर किस्कू, बालेश्वर मांझी, नवीन गर्ग, देवेन्द्र प्रसाद, अशोक यादव, रामू वर्णवाल, महेन्द्र प्रसाद, निलू कुमार, निर्मल कुमार, संजय कुमार, रंजीत महतो, माथुर सिंहं, हाकिम सिंह आदि उपस्थित थे.

### भूमि विवाद में कार्य स्थल पर मजदूरों के साथ मारपीट

**बोकारो।** नेहरू कोऑपरेटिव में भूमि विवाद में भू-माफियाओं द्वारा मजदूरों के साथ मारपीट करने तथा हवा में फायरिंग का मामला सामने आया है. घटना सेक्टर 12 थाना क्षेत्र, प्लॉट नंबर 1111 का बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार जमीन पर कर्नल अजय कुमार नामक व्यक्ति का निर्माण कार्य चल रहा था. तभी भू-माफियाओं ने आकर मजदूरों से काम बंद करने को कहा. जब मजदूरों ने इसका विरोध किया तब भू माफियाओं ने मजदूरों के साथ मारपीट की. इसके बाद हवा में फायरिंग भी की. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की. हालांकि गोली चलने के मामले पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. फिलहाल मजदूरों के साथ मारपीट की घटना घटी है. गोली चलने की कोई पुष्टि नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस खंगालने का काम शुरू कर दिया है. दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा. मालूम हो कि कर्नल अजय कुमार लंबे समय से इस विवाद का सामना कर रहे थे.

### स्कूल की समय सारिणी में हुआ बदलाव

**बोकारो।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त व सभी निजी विद्यालयों के समय सारणी में परिवर्तन किया गया है. जिसमें केजी से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक चलाने का निर्देश दिया गया है. इसके अतिरिक्त नवमी कक्षा से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया है. इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने बताया कि जिले में गर्मी का प्रभाव को ध्यान में रखते हुए कक्षा केजी से लेकर 12वीं की कक्षाएं 15 जून तक सुबह 7 बजे से लेकर 11.30 बजे तक संचालित की जाएगी. इस अवधि के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगे.

### सिखों के पांचवें गुरु का मनाया गया शहादत दिवस

**कथारा।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी का शहादत दिवस सोमवार को मनाया गया. शहादत दिवस को लेकर जारंगडीह गुरुद्वारा में बीते 11 दिनों से सुखमनी साहिब का पाठ किया गया. पाठ के समाप्ति के बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया. इस दौरान गुरूवाणी व कीर्तन से लोग भावविभोर हुए. साथ ही गुरूद्वारा में माथा टेकने पहुंचे सभी सिख धर्म के लोगों के बीच शरबत एवं चना का वितरण किया गया. उसके बाद कथारा गोमिया मुख्य मार्ग पर गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जारंगडीह के द्वारा ठंडे मीठे जल की छबील लगाकर आते जाते राहगीरों एवं वाहनों को रोक-रोक कर शरबत एवं चना का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रणधीर सिंह, सर्दुल सिंह, सरजीत सिंह, राजकुमार सिंह, अवतार सिंह, नरेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, रॉकी, चीकू सिंह, गुलशन सिंह, राज सिंह, गुरप्रीत सिंह सहित अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई.

**पेयजल संकट :** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम चपवा में भी अब तक नहीं पहुंच पाया है नल जल

# हजारीबाग सदर प्रखंड में 'जल जीवन मिशन' विफल

संवाददाता। हजारीबाग

सदर प्रखंड की कई पंचायत में इन दिनों प्रधानमंत्री नल जल योजना असफल होती दिख रही है. कहीं टावर है तो कहीं पानी नहीं है. ऐसे में ग्रामीण सरकार पर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने नल जल योजना चलाई, लेकिन अधिकारी और ठेकेदार मिलकर इसका फंड खा गए. ग्रामीणों का कहना है कि अगर अधिकारी की मिलीभगत नहीं है तो फिर वह ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं.

वहीं सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक घर में नल के माध्यम से


नल जल योजना के तहत लगाई गई पानी की टंकी.

- जलमीनार तैयार, 150 घरों में कनेक्शन भी हो चुका, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं
- प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना को पलीता लगा रहे हैं अधिकारी व ठेकेदार : सीटू

स्वच्छ पानी देने की योजना प्रधानमंत्री की है, जिसके तहत भारत सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर अगस्त 2019 में "जल जीवन मिशन" नाम का एक कार्यक्रम शुरू किया था, जिसके तहत 2024 तक देश के सभी गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के घर में नल के माध्यम से प्रति व्यक्ति 55 लीटर स्वच्छ पीने का पानी देना था. इसके लिए केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को वित्तीय वर्ष 2018-19 से लेकर 2022 - 23 तक 5953 लाख रुपये दिये हैं. इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में डीप बोरिंग कर जल मीनार बनाकर मोटर के माध्यम से प्रत्येक घरों में पानी की सप्लाई करनी थी.

इस योजना के तहत हजारीबाग जिले के 16 प्रखंडों की लगभग 250 पंचायतों के 1300 गांवों के ग्रामीणों को नल के माध्यम से पानी देना था, लेकिन जून 2024 आ जाने के बावजूद अधिकतर गांवों में यह योजना आरंभ नहीं हो पाई है. सदर प्रखंड के प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम चपवा में जलमीनार फरवरी 2024 में बनकर तैयार हो गया है और लगभग 150 घरों में नल का कनेक्शन भी हो गया है, लेकिन पानी की सप्लाई आज तक नहीं हुई.

इसके लिए ग्रामीणों ने कई बार प्रखंड कार्यालय और पेय जल स्वच्छता विभाग कार्यालय का चक्कर काट चुके हैं, लेकिन आज तक उनको पानी नहीं मिला है. समझा जा सकता है कि जब प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम का यह हाल है तो साधारण गांव का क्या हाल होगा ? पार्टी जिला कमेटी आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से एक सप्ताह के अंदर जलमीनारों को चालू करने की मांग करती है. नहीं तो इस मामले को लेकर पूरे जिले में हुए आंदोलन किया जाएगा.

इचाक प्रखंड में बोरिंग में पानी नहीं, लेकिन खड़ी कर दी गई मीनार

# सरकारी पैसे का हो रहा दुरुपयोग

संवाददाता। इचाक

प्रखंड में जल नल योजना विफल साबित हो रही है. 80 प्रतिशत बोरिंग से पानी नहीं निकल रहा है. हालांकि ठेकेदार ने जलमीनार खड़ा कर दिया है, लेकिन बोरिंग से पानी नहीं निकल रहा है. इसके कारण चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में जल संकट गहरा गया है. उक्त बातें बताते हुए कांग्रेस नेत्री सह राष्ट्रीय ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने कहा कि प्रखंड के दर्जनों गांव ऐसे हैं, जहां पानी की किल्लत थी.

सरकार की योजना थी कि घर-घर पानी पहुंचे, लेकिन खास कर डुमरौन, बरियठ, सिझुआ, बरका खुर्द, बरकाकाला, नावाडीह समेत दर्जनों ऐसे गांव व पंचायतें हैं जहां के ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं. जल


नल जल योजना के विफल होने से पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण.

नल योजना के नाम पर सरकारी पैसों का दुरुपयोग हो रहा है. उच्च पदाधिकारी से जांच हो तो सच्चाई सामने आ जाएगी. इस योजना में ठेकेदार व पदाधिकारी की मिलीभगत की जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि काम सही से हो और सभी घरों में पानी पहुंच सके. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बोरिंग में पानी नहीं निकल रहा है, लेकिन जलमीनार खड़ा कर दिया गया है. सरकार दूसरी बोरिंग कर पानी की सप्लाई दे अन्यथा अपना मीनार कबाड़ कर ले जाए. उनका यह भी कहना है कि पंचायत में लगी कहीं टंकी उड़ जा रही है, तो कहीं सोलर ऊर्जा उड़ रहा है. अधिकांश जलमीनार में सीढ़ी भी नहीं लगी हुई है.

## ब्रीफ खबरें

### गुरुद्वारा साहिब में सजा विशेष दीवान

**रामगढ़।** गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया. सुबह 7:30 बजे अखंड पाठ की समाप्ति हुई. 10:30 बजे से लेकर 2:00 बजे तक गुरबाणी कीर्तन और कथा विचार किया गया. भाई नरेंद्र सिंह बनारस वाले अपने शब्दों से संगत को निहाल किया. हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह ने सिख इतिहास की जानकारी दी. हजूरी रागी भाई सरबजीत सिंह ने अपने शब्दों से संगत को निहाल किया. इस मौके पर मुफ्त आई चेकअप कैंप लगाया गया था. अटूट लंगर बांटा गया. मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा कुज्जू आदि मौजूद थे.

### बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**कोडरमा।** बिरसा सांस्कृतिक भवन कोडरमा के सभागार में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह की अध्यक्षता में ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. अनुमंडल पदाधिकारी ने जिलावासियों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की. कहा कि पूर्व के त्योहारों की भांति उसी प्रकार से बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनायें. इसमें आपका सहयोग अपेक्षित है. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध रूप से शराब की बिक्री/भंडारण/निर्माण करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये. बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे.

### मंदिर में तड़ित चालक लगाने का कार्य शुरू

**हजारीबाग।** भगवान श्री जगन्नाथ थाम में रथ यात्रा के पूर्व मंदिर प्रांगण में तड़ित चालक लगाने का कार्य सोमवार शुरू हुआ. कुछ दिनों पूर्व ही समाजसेवी व भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने इसे लेकर सिलवार के गणमान्यों के साथ बैठक कर इस पर चर्चा की थी. प्रसाद ने कहा कि पिछले साल रथ मेला में व्रजपात होने के चलते घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई थी, जिससे उनका मन काफी व्यथित था. भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो इसी के लिए यह पहल की गई है. ग्रामीणों ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के इस पहल की सराहना की है. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, संतोष पाण्डेय, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, विजय राम एवं राजा उपस्थित थे.

उपायुक्त ने की पेयजल, स्वच्छता एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा

# पेयजल से संबंधित शिकायतों का तत्परता से करें निराकरण

संवाददाता। हजारीबाग

पेयजल एवं स्वच्छता तथा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई. उपायुक्त ने हर घर जल, चापानलों की अद्यतन स्थिति, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के अंतर्गत साधारण मरम्मती कर चालू किए गए ड्रिल्ड नलकूपों की स्थिति, विद्यालयों और आंगनबाडी केंद्रों में पानी की आपूर्ति की स्थिति, जिला योजना अनाबद्ध निधि द्वारा डीप बोरिंग के निर्माण कार्य की स्थिति आदि की समीक्षा की. उपायुक्त ने नल जल योजना व अन्य पेयजल संबंधी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए माह वार, प्रखंड वार तथा ग्राम वार माइक्रो प्लान के साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 344632 घरों को नल जल योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध 58.88 प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन किया जा चुका है. इस पर उपायुक्त ने नल जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी रखने को कहा तथा शेष छूटे घरों में कनेक्शन कार्य में गति लाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर बेहतर कार्ययोजना बनाकर बैठक करें. गर्मी के मद्देनजर खराब पड़े चापानलों के मरम्मती कार्य में ढुलमुल रवैया न रखें. उन्होंने कहा छोटे मोटे मरम्मती कार्य मुखिया 14वें वित्त के माध्यम से भी करा सकते हैं. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 1 मार्च से 9. जून तक कुल 1900 चापानलों को मरम्मत कर क्रियाशील किया गया है. उपायुक्त ने कहा कि रोजाना दैनिक अखबार में पेयजल से संबंधित खबरें प्रकाशित होती हैं. इसके लिए किसी आदेश का इंतजार न करें, बल्कि खुद संवेदनशील होकर तत्परता से तत्संबंधी शिकायत या समस्या का निराकरण करने पर ध्यान केंद्रित करें. उपायुक्त ने पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेकर कार्य करने का निर्देश दिया.


समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त नैंसी सहाय.

### एनटीपीसी ने ग्रामीणों के लिए की पेयजल की व्यवस्था

**हजारीबाग।** बड़कागांव एनटीपीसी बादाम कोयला खनन परियोजना द्वारा आसपास की परियोजना प्रभावित गांवों में पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से की जा रही है. परियोजना प्रभावित रूदी, राउतपारा, अमबाजीत और बादाम में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे हज़ारों गांव वालों को काफ़ी राहत मिल रही है. यह कार्य बादाम परियोजना द्वारा अपने सामाजिक विकास भागीदारी के तहत किया जा रहा है.


एनटीपीसी टैंकर से पहुंचा रहा है पानी.

**344632** घरों को नल जल योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय है.

**58 .88** प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन किया जा चुका है.

### प्रत्येक पंचायत में लगेंगे 10 ट्यूबवेल

समीक्षा बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पेयजल समस्या से निजात पाने के लिए प्रत्येक पंचायत में 10 ट्यूबवेल लगाए जायेंगे. उपायुक्त ने विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में भी पाइप वाटर सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. वहीं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06546 262291 है. इस नंबर पर संपर्क कर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती हैं. बैठक में उपायुक्त ने पेयजल से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लेने को कहा तथा प्रखंड पर सभी संबंधितों को क्रियाशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया. बैठक में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरंगे भी मौजूद थे.

### भाजपा नेता ने माता की पुण्यतिथि पर बांटे पौधे

**विष्णुगढ़।** भाजपा नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल की माता घमेश्वरी देवी की चौथी पुण्यतिथि पर सोमवार को उनके पैतृक गांव चानो में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी. कार्यक्रम में शामिल लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया. पटेल ने ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण किया तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण की अपील की. कहा कि जीवन के लिए पेड़ पौधों का होना जरूरी है. उजड़ते जंगल तथा विकास के नाम पर कटते पेड़ों के कारण पर्यावरण असंतुलन का खतरा बढ़ता जा रहा है. गर्मी में रिकॉर्डतोड़ बढ़ोतरी हो रही है. कार्यक्रम में मोहन लाल महतो, डॉ नीलम पटेल, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, कैलाश महतो, वासुदेव महतो, छोटू महतो, सीताराम साव, नीलकंठ महतो, रतन लाल पटेल, टीपू लाल महतो, नुनूचंद महतो, हेमंती देवी उर्मिला, नीतू कुमारी, सुषमा कुमारी सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे.

# रोड निर्माण में मोरम की जगह कचड़े वाली मिट्टी का उपयोग


सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता का विरोध करते ग्रामीण.

संवाददाता। हजारीबाग

इचाक प्रखंड के मोदी पोखर से करिमाटी सेवानी नदी तक 4 करोड़ 13 लाख की लागत से हो रहे सड़क निर्माण में ढलाई से पूर्व ही ग्रामीणों की सहमति के बिना कचड़े वाली मिट्टी की भराई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. बता दें कि प्राक्कलन में मिट्टी की जगह मोरम का उपयोग करने का प्रावधान है. ग्रामीणों ने अनियमितता देखकर मुंशी को फटकार लगाई. ग्रामीण ने चेतावनी देते हुए कहा कि इचाक क्षेत्र में अनियमितता बिल्कुल चलने नहीं देंगे. इस दौरान मुखिया पति चंदन मेहता, राजकुमार मेहता, अरविंद मेहता, अजय मेहता, वेतन महतो, पार्वती देवी, पंकज मेहता, रवि कुमार, नरेश ठाकुर आदि मौजूद थे.

**खास बातें**

- इचाक में 4 करोड़ से हो रहे सड़क निर्माण में अनियमितता
- गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे : ग्रामीण

# झारखंड आंदोलन के शहीदों को किया गया याद

संवाददाता। विष्णुगढ़

प्रखंड के बंदखारो में सोमवार को झारखंड आंदोलन के शहीदों साधु महतो, शनिचर महतो, सैनाथ महतो, रामधनी मंडल, सोहर महतो, मोहर महतो, केवल महतो, बोधराम महतो को शहादत दिवस पर आयोजित समारोह में कांग्रेस तथा जेएमएम की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी. सबसे पहले जेएमएम कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी. इसके बाद मांडू विधायक की पत्नी ललिता देवी तथा विधायक समर्थकों ने शहीद वेदी पर श्रद्धासुमन अर्पित किए. ललिता देवी ने आंदोलनकारियों के आश्रितों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, महेंद्र कुमार, संतोष कुमार, वासुदेव महतो, परमेश्वर महतो, बुधन महतो, निरंजन महतो, तारकेश्वर महतो, चेतलाल महतो दिनेश मंडल, लखन महतो, कोलेश्वर महतो, सुरेश महतो नागेश्वर महतो, मुनीलाल महतो, कैलाश महतो, टेकामन महतो समेत जेएमएम व सैकड़ों विधायक समर्थक मौजूद थे.


झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.

# अभिभावक संघ ने स्कूलों की छुट्टी और एक सप्ताह बढ़ाने की मांग रखी

संवाददाता। हजारीबाग

अभिभावक संघ ने झारखंड सरकार से स्कूल का अवकाश एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की है. इस संबंध में सोमवार को हजारीबाग कृष्णापुरी में संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता शंकर कुमार की अध्यक्षता और सचिव प्रमोद यादव के संचालन में बैठक हुई. इसमें अभिभावकों ने सरकार से इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए एक सप्ताह तक स्कूल का अवकाश बढ़ाने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि सरकार को बच्चों के हित में निर्णय लेने की जरूरत है. अभिभावकों का कहना है कि बच्चे जब सुरक्षित ही नहीं रहेंगे तो पढ़ाई करना उनके लिए संभव नहीं है. राज्य के सभी जिलों में गर्मी इस कदर पड़ रही है कि लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है. ऐसी परिस्थिति में बच्चों को स्कूल भेजने में अभिभावकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उनका कहना है कि इन दिनों शहर में 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहने के कारण अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित हैं. संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता शंकर कुमार ने कहा कि 9 जून को सरकार द्वारा जारी निर्देश किसी भी हद में बच्चों के हित में नहीं है, क्योंकि लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए 7 से 11.30 का जो स्कूल का समय निर्धारित किया गया है वह सरासर गलत है. सरकार को समझना चाहिए कि स्कूल से लौटने के दौरान ही बच्चों को लू का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि एक तो बच्चे सुबह बगैर खाए पिए स्कूल जाएंगे और लौटते समय उन्हें इस लू का सामना करना पड़ेगा. इस परिस्थिति में अभिभावक अब बच्चों को स्कूल भेजना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं. बैठक में मनोज बिंद मित्रा, कुमुद दास, राजीव सिंह, आशीष राय, सुरेंद्र नारायण, अभिषेक कुमार, धीरज कुमार, गोलू आदि मौजूद थे.


फाइल फोटो

**खास बातें**

- भीषण गर्मी में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर चिंतित
- सरकार से बच्चों के हित में निर्णय लेने का किया अनुरोध

प्रदूषण से हो रही परेशानी, समस्याओं का समाधान नहीं होने पर फिर आंदोलन की दी चेतावनी

# रैयतों ने 10 घंटे तक ठप कर दी ट्रांसपोर्टिंग

संवाददाता। केरेडारी

एनटीपीसी के केरेडारी व चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना से टंडवा स्थित थर्मल पॉवर प्लांट राजधर कटकमसांडी बचरा व विभिन्न साइड तक कोयले की ढुलाई कर रहे भारी वाहनों के प्रति रैयतों ने गोलबंद होकर सोमवार को लगभग 10 घंटे समूचे ट्रांसपोर्टिंग का कार्य को बंद करा दिया. इसके बाद भी रैयतों की समस्या सुनने एक भी ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी का मुख्य अधिकारी नहीं पहुंचा. कुछ देर बाद एनटीपीसी के डिस्पैच अधिकारी दिवाकर मिश्रा पहुंचकर रैयतों की समस्या सुनी.

बुधवार को जोरदाग में ही ट्रांसपोर्टर और जोरदाग गांव के रैयतों के साथ बैठक कर समस्याओं से निजात दिलाने की बात पर सहमति बनी. मौके पर उपस्थित सैकड़ों रैयतों ने कहा कि कोयले की ट्रांसपोर्टिंग से अब रैयतों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. लगातार हो रही कोयले की ढुलाई से अब सड़क के दोनों ओर घरों में रहने वाले लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है. कोयला लदे भारी वाहन चालक वाहन को तेज रफ़्तार से चलाते हैं, जिससे कई बार दुर्घटना होती होती बची है. इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोग अपने सिर पर कफ़न बांधकर आवागमन करने को विवश हैं. साथ ही सड़क के दोनों ओर के घरों में काली धूल की परत जमनी शुरू हो गई है. प्रदूषण में भी भारी वृद्धि हुई है. रैयतों ने कहा कि एनटीपीसी व सभी ट्रांसपोर्टिंग कम्पनियां अपनी मनमर्जी से काम करती हैं. सड़क में पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है. जोरदाग में बड़ा तालाब को ओबी डंप कर दिया जा रहा है. अगर इन सभी बातों पर गौर नहीं किया गया तो सभी रैयत बाध्य होकर आंदोलन करेंगे.


प्रदूषण की समस्या से परेशान रैयतों ने सोमवार को 10 घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप करा दिया.

**फुटबॉल** प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में शारीरिक शिक्षक सरोज मालाकार ने कराया ट्रायल

# सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता। हजारीबाग

प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए विद्यालय में चयन ट्रायल शारीरिक शिक्षक सरोज कुमार मालाकार द्वारा किया गया. इसमें विद्यालय के बिरसा मुंडा हाउस, जतरा भगत, तिलकामांझी और जयपाल सिंह मुंडा हाउस के 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. बताया गया कि चयन अंडर 15 बालक और अंडर 17 बालक, बालिका दोनों वर्गों में खिलाड़ियों के कौशल और क्षमता के आधार पर किया गया.

मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने कहा कि चयन ट्रायल से बेहतर फुटबॉल खिलाड़ियों को मौका मिलेगा, जो प्रखंड स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे. अंडर 15 बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में अमित अग्रवाल, फैजान, मुजम्मिल, मो. यूसुफ, सदाकत, बासुदेव, अभय, हेमंत, इश्तियाक, प्रेमजीत, लकी, शिवम, मनीष, ऋतुराज, आयुष कुमार शामिल हैं.

अंडर 17 बालक वर्ग में प्रीतम कुमार भोक्ता, राहुल, प्रमोद, मार्टिन मति नाग, अरुण, सनी, रूपेश, आदित्य कुमार, कुणाल आसिफ अंसारी, अमित सांगा, बसंत, इरशाद अंसारी, सहदान, कुणाल, वहीं अंडर 17 बालिका में शोभा कुमारी, नैना, शाहजहां, अलका, मोनिका, चांद कुमारी, अर्शी मलका, जयंती, कंचन, शबनम, इग्नेशिया, प्यारी नाग, शिवानी, अनीशा, साइन परवीन शामिल हैं. प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 13 जून तक किया जाएगा, जिसमें चयनित फुटबॉल खिलाड़ी विद्यालय का नेतृत्व करेंगे.

**खास बातें**

- अंडर 15 बालक व अंडर 17 बालक, बालिका वर्ग में चयन
- प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 13 जून तक किया जाएगा


प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित चयन ट्रायल में भाग लेतीं छात्राएं.

# सामूहिक विवाह जुलाई व अगस्त में

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के वन विभाग आईबी में भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी अविनाश आर्या ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की. आर्या ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 17 जुलाई व मुस्लिम परिवार के लिए अगस्त में सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम निर्धारित है. उक्त वैवाहिक कार्यक्रम महा लक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट व अविनाश आर्या टीम के सहयोग से संपन्न होंगे, जिसमें किसी भी जाति धर्म के असमर्थ परिवार के लोग अपने बच्चे या बच्चियों की शादी के लिए अंतिम तिथि 10 जुलाई तक निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं. वहीं मुस्लिम परिवार के लोग 10 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं. निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए हेल्पलाइन नंबर 9060610777, 7004141342 एवं 82944975482 पर जरूरतमंद परिवार या गांव के समाजसेवी संपर्क कर सकते हैं. आर्या ने कहा कि कार्यक्रम में जोड़े को शादी का जोड़ा, अलमीरा सेट, पलंग सेट, बर्तन सेट सहित कुछ नकद पैसे भी मुहैया करवाये जाएंगे. ये कार्यक्रम प्रखंड में ही संपन्न होंगे. वहीं दूसरा कार्यक्रम स्वास्थ्य मेले का है, जिसके अंतर्गत प्रखंड के सुदूरवर्ती विभिन्न गांवों में हर महीने के अंतिम सप्ताह निःशुल्क हेल्थ कैम्प और दवा का वितरण किया जाएगा. स्वास्थ्य कैंप में रांची के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा इलाज व चेकअप किया जाएगा. वहीं रोजगार मेले में दसवीं, 12वीं व स्नातक पास 100 से अधिक युवाओं को विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट करवाया जाएगा.



सामूहिक विवाह कार्यक्रमों को लेकर जानकारी देते अविनाश आर्या.

### भारतीय जनता पार्टी के वोट शेयर में 7.33 फीसदी कमी और कांग्रेस के वोट शेयर में 8.82 प्रतिशत का इजाफा

# स्थानीय गुटबाजी के कारण फिसली खूंटी की सीट, संगठन की कमी से मिली हार

संवाददाता। खूंटी





खूंटी संसदीय क्षेत्र में व्याप्त गुटबाजी और लचर संगठन ने संसदीय चुनाव में भाजपा की नैया डुबो दी. यही कारण है कि एक ओर जहां भाजपा के वोट शेयर में 7.33 फीसदी कमी आई, वही कांग्रेस के वोट शेयर में 8.82 प्रतिशत का इजाफा हुआ. पिछले लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने रिकॉर्ड 511647 मत हासिल किये. कांग्रेस को 54.62 प्रतिशत वोट मिले, जबकि भाजपा को 38.64 प्रतिशत वोट मिले और यही 15.98 प्रतिशत अंतर ही भाजपा की हार का कारण बना. 2019 में भाजपा यहां से जीती तब उसके जीत का अंतर 0.17 प्रतिशत था. 2019 में भाजपा को 45.97 प्रतिशत तथा कांग्रेस को 45.80 प्रतिशत वोट मिले थे. झारखंड पार्टी को महज 0.9 प्रतिशत मत मिले, जो उसका न्यूनतम वोट ह. झारखंड की सबसे पुरानी झारखंड पार्टी को इस चुनाव में मात्र 8450 वोट मिले, जो कुल मत का मात्र 0.9 प्रतिशत है. नोटा ने इस चुनाव में भी अपना कमाल दिखा ही दिया. तीसरे स्थान पर रहे नोटा को कुल 21919 मत मिले. 2019 के चुनाव में भी नोटा तीसरे स्थान पर था. तब नोटा को 21245 वोट मिले थे.

### भाजपा विधायकों के गढ़ में ही मात खा गये अर्जुन मुंडा

खूंटी लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में से तोरपा तथा खूंटी विधानसभा सीट भाजपा के कब्जे में है. इसके बावजूद कांग्रेस को इन्हीं दो विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक वोट मिले. कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को सबसे अधिक बढ़त खूंटी विधानसभा क्षेत्र में मिली. यहां कांग्रेस को 47595 वोट की बढ़त हासिल हुई. तोरपा में कांग्रेस प्रत्याशी को 35420 वोट से बढ़त मिली. इसके अलावा अर्जुन मुंडा खरसावां में 14950 मत से पीछे रहे. कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस को भाजपा की तुलना में लगभग 35 हजार मतों की बढ़त मिली.

### चुनाव प्रचार में जिले के किसी बड़े नेता ने नहीं दिखाई थी रुचि

चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई. पार्टी का संगठन भी कगजी बनकर रह गया. भाजपा के कार्यकर्ता ही बताते हैं कि पन्ना प्रमुख से लेकर शक्ति केंद्र सभी सिर्फ कागजों में ही हैं. धरातल पर संठन नजर नहीं आता. यही कारण है कि जिन दो विधानसभा सीटों तोरपा और खूंटी में भाजपा के विधायक हैं और इन्हीं क्षेत्रों में कांग्रेस को भारी बढ़त मिली. कार्यकर्ता बताते हैं कि चुनाव प्रचार के लिए न तो जिला स्तर का कोई नेता गांवों में गया और न ही किसी से जनसंपर्क किया और इसका खमियाजा अर्जुन मुंडा को भुगतना पड़ा

### दूसरी बार विवादों में रहे भाजपा के खूंटी जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता को अध्यक्ष बनाये जाने से थी नाराजगी

पहले ही निष्क्रिय और विवादों में रहे भाजपा के खूंटी जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता को चुनाव के कुछ दिन पहले फिर से जिलाध्यक्ष बनाये जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी थी और वे चुनाव प्रचार में उदासीन रहे. कार्यकर्ता पहले से जिलाध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज थे. रही सही कसर स्थानीय नेताओं के अहं ने पूरी कर दी. चुनाव के दौरान पार्टी द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को कोई अहमियत नहीं दी और न ही उनकी शिकायतों को सुना. जब भी कोई पुराना कार्यकर्ता कोई बात कहने चुनाव कार्यालय जाता था, तो उसे कहा जाता था, ये सब तो चुनाव में होता ही रहता है. बाइक रैली से लेकर अन्य कार्यों में भी स्थानीय नेताओं ने सगठन को अंधेरे में रखा. पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं का मानना है कि संगठन की ऐसी ही स्थिति रही, तो विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष**: किसी से विवाद से मन खिन्न होगा. काम के प्रति जिमेवार होना होगा. हो सके तो किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद ले. कानूनी अड़चन दूर की स्थिति अनुकूल रहेगी. व्यवसाय ठीक है. उच्चाधिकारी कार्य मे बाधा रहेंगे. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें.

**वृषभ**: पुराने भाई बहन से मेल जोल बढ़ेगा. सुख में बृद्धि होगा पर वाहन के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है. लोगों के बहकावे में न आना. कुसंगति से हानि होगी. पुलिस से बिगाड़ हो सकती है. कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने से तनाव रहेगा.

**मिथुन**: क्रोध में बृद्धि होगा। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कोर्ट कचहरी के काम का निपटारा नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनीगी। तुलसी पत्र विष्णु भगवान पर अर्पण करें।

**कर्क**: समय अनुकूल है। धन की प्राप्ति की योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर के प्रयास सफल रहेंगे। रोग के प्रति सावधान रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। सफलता की राह खुलगी।

**सिंह**: दिखावा में खर्च ज्यादा होगा, इससे बचें। समय पर कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। ग्राहक सक्रिय रहेंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या**: आय के लिए दिन अच्छा है। धन आने से मानसिक शांति होगा। विवाद को बढ़ावा देना। संयम में कमी रहेगी। बेवजह तना रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। धैर्य रखें। व्यवसाय मनोनुकुल रहेगा। प्रयास अधिक करना गिर जाएगा।

**तुला**: पिता से लाभ का मौका मिलेगा। समय अनुकूल है। कार्यों में तेजी आई है। लाभ के अवसर हाथ आयांगे। सामाजिक प्रतिफल में वृद्धि होगी। व्यवसाय ठीक है। काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। पार्टनरों से तालमेल बैठेगा।

**वृश्चिक**: भाग्य का साथ मिलेगा। जल्दबाजी से बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। भूले-बिसरे साथियों से मेलजोल बढ़ेगा। किसी मंदिर में सेवा पूजा करने का समय है।

**धनु**: मानसिक उलझन एवं तनाव हो सकता है। छोटी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनीगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। लक्ष्मी माता पर गुलाब फूल अर्पण करें।

**मकर**: शनि बड़ा नुकसान दे सकते है। घर में कोई बड़ा खर्च नहीं होगा। तनाव रहेगा। कुसंगति से। घर में तनाव बना रह सकता है। व्यवसाय ठीक है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। संकटमोचन का पाठ एवं शनि चालीस का पाठ करें।

**कुंभ**: मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। वस्तुओं को संभालकर रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। कोर्ट वछारी में अनुकूलता रहेगी। कोई बड़ी बाधा दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। अन्न और जल दान करें।

**मीन**: संतान को लेकर चिंता बना रहेगा। ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। कार्य के प्रभाव से भाग्य का साथ मिलेगा। काम में अनुकूलता रहेगी। पैतृक व्यवसाय ठीक है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी कार्य मे जल्दबाजी न करे।

### एक्शन मोड में चंपाई सरकार : सभी विभागों की दो दिनों तक करेंगे समीक्षा

# आज व कल सीएम की मैराथन बैठक, योजनाओं की लेंगे जानकारी

विशेष संवाददाता। रांची



**11 जून को दिन के ढाई बजे से और 12 जून को सुबह 11 बजे से यह बैठक शुरू होगी. मुख्य सचिव ने सारे विभाग हेड को अद्यतन रिपोर्ट लेकर आने का निर्देश दिया है**

लोकसभा चुनाव खत्म होते हुए राज्य की चंपाई सोरेन सरकार एक्शन मोड में आ चुकी है. मुख्यमंत्री सोरेन 11 व 12 जून को सभी विभागों की समीक्षा बैठक करेंगे. इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की बारीकी से समीक्षा होगी. 11 जून को दिन के ढाई बजे से और 12 जून को सुबह 11 बजे से यह बैठक शुरू होगी. इसको लेकर मुख्य सचिव ने सारे विभाग हेड को अद्यतन रिपोर्ट लेकर आने का निर्देश दिया है. सीएम चंपाई सोरेन 11 जून को राज्य में विधि-व्यवस्था से लेकर सभी योजनाओं की समीक्षा करेंगे. दिनभर चलने वाली इस बैठक में सभी आयुक्त, डीसी, एसपी समेत राज्य के वरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे. ढाई बजे बैठक में सीएम विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थ, शराब, वन एवं भूमि-राजस्व से संबंधित मामलों की समीक्षा करेंगे.

**इन योजनाओं की होगी समीक्षा :** मुख्यमंत्री विधि-व्यवस्था, वारंट का कार्यान्वयन, अन्वेषणों की अद्यतन स्थिति, अपराध नियंत्रण, पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों की सुनवाई, सर्टिफिकेट केस की अद्यतन स्थिति, अवैध खनन, योजनाओं के क्रियान्वयन में विधि व्यवस्था से संबंधित मामले, वन एवं भू-राजस्व से संबंधित मामले, जो पुलिस-गतिविधि को प्रभावित करते है तथा जेएससीसी/जेपीएससी परीक्षा के आयोजन में विधि व्यवस्था की समीक्षा करेंगे.

### इन विभागों की होगी समीक्षा बैठक

**ग्रामीण विकास विभाग :** अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पंचायत सचिवालय, 15वीं वित्त आयोग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, **अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति, छात्रावासों का निर्माण (बहुमंजिली) एवं जीर्णोद्धार, आवासीय विद्यालय, साइकिल वितरण योजना, जाहेर थान / सरना/मसना /कब्रिस्तान घेराबंदी योजना, धुमकुड़िया/माझी धान का निर्माण, वनाधिकार पट्टा. **महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग :** पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण. **कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग :** मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना. **पेयजल एवं स्वच्छता विभाग :** जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, चापाकल निर्माण योजना (4351 ग्राम पंचायत में). खान एवं भूतत्व विभाग : डीएमएफटी के तहत खर्च की स्थिति. **ऊर्जा विभाग :** वन टाइम सेटलमेंट स्कीम.

**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग :** दाखिल-खारिज/नामांतरण की अद्यतन स्थिति, राजस्व न्यायालय. **कार्मिक विभाग :** जाति/आय/आवासीय प्रमाण पत्र, जेएसएससी/जेपीएससी द्वारा आयोजित की जानेवाली परीक्षाओं की कार्य-योजना. **स्वास्थ्य विभाग :** अस्पतालों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार, 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे भवन निर्माण की समीक्षा, पंचायत स्तरीय दवा दुकान, आयुष्मान कार्ड का निर्माण, जिला अस्पताल में प्रज्ञा केंद्रों की स्थापना, जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक. **स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग :** उत्कृष्ट विद्यालय, जनजातीय भाषा शिक्षक नियुक्ति. परिवहन विभाग : मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना. **श्रम विभाग :** झार-नियोजन पोर्टल पर नियोजकों का निबंधन बढ़ाना, राज्य के कुशल युवाओं के लिए स्थानीय रोजगार की संभावनाओं की पहचान करना, बिरसा योजना के तहत कौशल विकास केंद्र स्थापित करना, जिला कौशल विकास प्लान तैयार कर उसका क्रियान्वयन. **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग :** गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना. इसके अलावा सीएम जल संसाधन, नगर विकास, पथ निर्माण, भवन निर्माण, पर्यटन व अन्य विभागों की 25 करोड़ से अधिक की योजनाओं की समीक्षा करेंगे.

### भूमि विवादों के समाधान पर सरकार गंभीर, मांगी रिपोर्ट

भूमि विवाद मामले पर सरकार गंभीर हो गयी है. राज्य की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी डीसी को पत्र भूमि विवाद पर रिपोर्ट मांगी है. उन्होंने लिखा है कि भूमि विवाद संबंधी कई ऐसे मामले होते हैं, जिनसे राज्य में विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तथा इन विवादों के प्रभावी रूप से निष्पादन के लिए पुलिस विभाग एवं अन्य एजेंसी से समन्वय की आवश्यकता पड़ती है. अत: भूमि विवाद अथवा भू-राजस्व संबंधी विवादों के निराकरण हेतु चार प्रभावी कदम / सुझाव भी सात जून तक मांगे गये हैं.

### अवैध खनन पर भी मांगी गयी है रिपोर्ट

कैबिनेट सचिव ने धनबाद, पलामू, पाकुड़ के डीसी के पत्र लिख कर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का हवाला देते हुए रिपोर्ट मांगी है. उन्होंने कहा कि अपने जिले में अवैध खनन की रोकथाम से संबंधित ऐसे चार प्रभावी कदम, जिससे अवैध खनन में कमी आयी हो, के साथ-साथ ऐसे मामले को भी चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करायी जाये, जिनमें अन्य विभागों से समन्वय की आवश्यकता हो. इनसे भी सात जून तक प्रतिवेदन की मांग गयी है.

# मोदी सरकार का पहला निर्णय गरीब और किसानों को समर्पित

विशेष संवाददाता। रांची

**बाबूलाल मरांडी बोले**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का पहला निर्णय गांव, गरीब, किसानों के कल्याण को समर्पित रहा है. मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर किया. साथ ही अपने वादे के अनुसार, तीन करोड़ ग्रामीण, शहरी शौचालय, एलपीजी सुविधा युक्त पक्के मकान बनाकर देने का भी निर्णय किया. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने पहले कार्यकाल से गांव, गरीब, किसान को समर्पित रही है. किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बहुत बड़ा सहारा है. वर्ष में तीन बार प्रति किस्त 2000 रुपये के हिसाब से किसानों के खाते में 6000 रुपये भेजे जाते हैं. आज तीसरी बार मोदी सरकार के माध्यम से योजना की 17वीं किस्त जारी की गई है. जिसमें देश के 9.30 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी. जबकि गरीबों को पक्के मकान भी मिलेंगे.

### झारखंड में लाखों किसान होंगे लाभान्वित

मरांडी ने कहा कि झारखंड के भी लाखों किसान और गरीब इस कल्याणकारी योजना से लगातार लाभान्वित हो रहे हैं. मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाकर किसानों, गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी.

# दहेज हत्या में दोषी पति को 14 वर्ष का सश्रम कारावास

संवाददाता। कोडरमा

दहेज हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने पति अनवर अंसारी को भादवि 304 बी तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सोमवार को सुनाई. यह मामला वर्ष 2019 का है.

इसे लेकर मरकच्चो थाना कांड संख्या 79/19 एवं सत्रवाद 101/19 दर्ज किया गया था. थाना को दिए आवेदन में मृतका के पिता याकूब अंसारी ने कहा था कि उसकी पुत्री की शादी 2017 को अनवर अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था. कुछ दिनों तक वह ससुराल में ठीक से रही. उसके बाद उसे ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा. पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. इसी बीच उसे एक पुत्री हुई. ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आपकी पुत्री की हत्या कर दी गई है. जानकारी मिलने के बाद वे लोग तुरंत अपनी पुत्री के ससुराल पहुंचे. तो वहां देखा कि उनकी पुत्री नूरजहां खातून एवं नातिन नेहा परवीन की हत्या कर कुआं में फेंक दिया गया है. अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक एंजेलिना वारला ने किया. इस दौरान सभी 13 गवाहों का परीक्षण कराया गया.

### सीबीटी मोड में ली जा रही परीक्षा

**रांची।** डॉ श्यामा प्रासाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में स्नातक सत्र 2023-27 के प्रथम सेमेस्टर के दो पेपर- एनवायरमेंटल स्टडीज व अंडरस्टैंडिंग इंडिया की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गयी है. यह परीक्षा अगले चार दिनों तक कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में चलेगी. परीक्षा विश्वविद्यालय के नए भवन के पांच लैब में आयोजित की जा रही है. पहले दिन परीक्षा तीन पालियों में ली गयी. प्रथम पाली में 300 में 294, दूसरी पाली में 303 में 284 और तृतीय पाली में 299 में 280 छात्र-छात्राएं परीक्षा शामिल हुए. मिली जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के बीएससी आईटी लैब की क्षमता 100 परीक्षार्थियों, बीएससी सीए के लैब की भी क्षमता 100 है, एमसीए लैब की क्षमता 60 है, एमएससी आईटी लैब की क्षमता 50 है, एमसीए विभाग की ई-लाइब्रेरी की क्षमता 50 है.

# सीसीएल के 14 दिवसीय वॉलीबॉल व क्रिकेट समर ट्रेनिंग कैंप का समापन



संवाददाता। रांची

सीसीएल के तत्वाधान में 28 मई से आयोजित 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल व क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को गांधीनगर मैदान में हुआ. इस कैंप में 200 बालक व बालिकाओं ने भाग लिया था.

समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) संजय थे. मुख्य अतिथि ने बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल के महत्व को समझाया. समारोह में प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन व पुष्पक लाला भी मोजूद रहे. वालीबॉल प्रशिक्षण वॉलीबॉल संघ के निशीकांत पाठक, उत्तम राज के द्वारा दिया गया. सहायक प्रशिक्षक के रूप में सीसीएल के सतीश उरावं, रवि शंकर मंडल, मोहित राज मौजूद थे. क्रिकेट प्रशिक्षण सीसीएल के जीशान नवाज खान, रणधीर कुमार, आनंद कुमार और धनंजय सेंद्रिया द्वारा प्रदान किया गया.

### गर्मी से धधक रहा झारखंड : राज्य के गढ़वा, पलामू व पूर्वी सिंहभूम जिले में सीवियर हीट वेव रहा

# गढ़वा 45.3 डिग्री के साथ रहा सबसे गर्म

शुभम किशोर। रांची



गर्मी कि तपिश कम होने का नाम नहीं ले रही है. पूरा झारखंड गर्मी से धधक रहा है. राज्य के 21 जिलों का पारा 40 डिग्री के पार जा चुका है. सोमवार को गढ़वा 45.3 डिग्री के साथ रहा सबसे गर्म रहा. इस दौरान राज्य के गढ़वा, पलामू और पूर्वी सिंहभूम जिले में सीवियर हीट वेव रहा. वहीं रांची, सरायकेला खरसावां और देवघर जिले में लू चली. सोमवार को रांची में 40.0, जमशेदपुर में 43.6, डालटनगंज में 44.7, बोकारो में 42.5, चाईबासा में 41.9, देवघर में 44.4, गिरिडीह में 43.6, गढ़वा में 45.3, सरायकेला में 44.4, गोड्डा में 42.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार 14 जून तक हीट वेव रहने की संभावना है. वहीं राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है.

### शाम में बारिश से राहत

सुबह में गर्मी से बेहाल लोगों को शाम में हुई बारिश से राहत मिली. राजधानी रांची समेत राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश से मौसम सुहाना हुआ. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. राज्य के रांची और पलामू जिले में उष्ण लहर की स्थिति देखी गयी. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 45.0 डिग्री से. डालटनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री से. बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया.

**मिलन समारोह** | खिदमते खल्क हाजी कमेटी का सालाना मिलन समारोह

# मरीजों के बीच फल बांटे, गरीबों को दी मच्छरदानी

संवाददाता। लोहरदगा/रांची



कमेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों के बीच फल वितरित किया.

लोहरदगा जिले के किस्को बाजार टांड़ के निकट खिदमते खल्क हाजी कमेटी की ओर से सालाना मिलन समारोह सदर हाजी मो आलम अंसारी की अध्यक्षता में हुई. इसकी शुरुआत तिलावते कलाम पाक व नातिया कलाम से हुई. कार्यक्रम में झारखंड के कई जिलों से हाजी शामिल हुए. सभी का फूल माला से स्वागत किया गया. कमेटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों में फल वितरित किया. मदरसा मिस्बाहुल उलूम में बच्चों के बीच सफाई के लिए साबुन बांटे गये. गरीबों एवं विधवाओं को सहयोग के रूप में मच्छरदानी बांटी गयी. कमेटी की मजबूती के लिए और अन्य हाजियों को कमेटी से जोड़ने का निर्णय लिया गया. गरीब लड़कियों की शादी कराने के लिए कमेटी ने मदद करने पर चर्चा की. हाजी हसीबुल्लाह ने कहा कि आगामी 12 नवंबर को कमेटी के माध्यम से गरीब लकड़ी की शादी कराई जा रही है. समाज में फैली बुराइयों को दूर करने व अच्छाइयों की ओर लोगों को प्रेरित करने का निर्णय लिया गया. सरपरस्त हाजी समसुद्दीन अंसारी ने कहा कि कमेटी गरीब, बेसहारा, दिव्यांग व बेवा औरतों की मदद करना ही असली समाज सेवा है. उन्होंने कहा खिदमते खल्क हाजी कमेटी लोगों की मदद के लिए ही बनी है. अंत में देश की सलामती व अमन चैन बहाल की दुआ की गई। मौके पर कमेटी के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन अंसारी, सचिव हाजी यूसुफ अंसारी, हाजी हसीबुल्लाह, हाजी कयामुद्दीन, मौलाना ऐनुल हक, मौलाना वसीम अहमद रिजवी, हाफिज खुर्शीद आदि शामिल थे.

# 40 मवेशी लदा कंटेनर जब्त, एक की मौत

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)



एसडीपीओ के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में मवेशियों से लदा कंटेनर जब्त.

जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के पास मवेशियों से भरे एक कंटेनर को सोमवार सुबह पुलिस ने जब्त करने में सफलता हासिल की है. घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है. बताया जाता है कि डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद को गुप्त सूचना मिली थी कि मवेशियों से भरा एक कंटेनर बिहार से बंगाल जा रहा है, जिसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. जिसमें डुमरी पुलिस और निमियाघाट पुलिस ने संयुक्त रूप से बैरिकेडिंग कर कंटेनर को पकड़ने में सफलता हासिल की है. वहीं जब्त कंटेनर में 40 मवेशी लदे थे. जबकि एक मवेशी की मौत हो गई है. फिलहाल सभी जब्त मवेशियों को निमियाघाट थाने में रखा गया है. इधर पुलिस ने एक आरोपी शाहनवाज खान को भी गिरफ्तार किया है, जो बाराचट्टी का रहने वाला बताया जाता है.

### तस्कर से पूछताछ

फिलहाल पुलिस गिरफ्तार मवेशी तस्कर से पूछताछ कर रही है. इधर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने कहा है कि गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा के निर्देश के बाद डुमरी पुलिस और निमियाघाट पुलिस मवेशी तस्करों पर लगाम लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाती है. जबकि पुलिस ने अब तक मवेशियों से भरे आठ कंटेनर को जब्त करने में सफलता पाई है. फिलहाल टीम में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुलिस बल के साथ मौजूद थे.

# समीकरणों का संतुलन

राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में भाजपा ने पार्टी, सहयोगी दलों तथा जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का भरसक प्रयास किया है. जैसे कि महत्वपूर्ण मंत्रालयों को लेकर गठबंधन के साथियों की दावेदारी को लेकर सवाल उठाये जा रहे, उस तरह का कोई टकराव नजर नहीं आया. लेकिन इसके बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार के सामने महत्वपूर्ण फैसलों में सर्वसम्मति से निर्णय करने की चुनौती जरूर रहेगी. भले ही 18वीं लोकसभा में भाजपा बहुमत के जादुई आंकड़े से दूर रह गई हो, लेकिन चुनाव पूर्व गठबंधन के बूते बहुमत हासिल करके और पार्टी व गठबंधन के नेता चुनने के बाद मंत्रिमंडल गठन के मुद्दे को भी राजग ने बेहद जल्दी सुलझा लिया. तमाम सामाजिक समीकरण साधने के लिये प्रधानमंत्री के साथ जम्बो मंत्रिमंडल ने शपथ ली है. जिन राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां ज्यादा मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है. कैबिनेट व राज्य मंत्री बनाने में ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो. पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए. मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया. हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया. वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है. झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को दो मंत्री दिये गए हैं. अन्नपूर्णा देवी को दूसरी बार मंत्री बनाया गया है जब कि रांची के सांसद संजय सेठ को पहली बार मौका दिया गया है.हालांकि, नेता चुने जाने से पहले नरेंद्र मोदी ने राजग को स्वाभाविक गठबंधन के रूप में वर्णित करते हुए अब तक सबसे मजबूत सत्तारूढ़ गठबंधन बताया है. वास्तविक अर्थो में नरेंद्र मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं. उनके सामने मुख्य सहयोगी गठबंधन चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार के जनता दल (यू) के साथ तालमेल बनाने की जरूरत होगी. यही वजह है कि 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में गठबंधन दलों के बारह मंत्री बनाये गए हैं. वहीं जातीय समीकरण साधने के लिये 27 ओबीसी, पांच एस.टी व अल्पसंख्यक वर्ग से पांच सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया. कहा जा रहा है कि भाजपा अपने सहयोगियों के प्रति उदार रवैये अपनाएगी. राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके. इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अग्निवीर, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करता रहेगा.

> पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए. मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया.

## सुभाषित

**तृणानि नोन्मूलयति प्रभन्जनो मृदुनि नीचैः प्रणतानि सर्वतः ।**
**स्वभाव एवोन्नतचेतसामयं महान्महत्स्वेव करोति विक्रम ॥**

जिस प्रकार से प्रचण्ड आंधी बड़े बड़े वृक्षों को जड़ से उखाड़ देता है, किन्तु छोटे से तृण को नहीं उखाड़ता उसी प्रकार से पराक्रमीजन अपने बराबरी के लोगों पर ही पराक्रम प्रदर्शित करते हैं और निर्बलों पर दया करते हैं.

# वोटरों ने सभी दलों को किया सावधान

**लोकसभा के चुनावों के साथ लोकतंत्र की बची हुई सांसें जुड़ गईं थीं. लड़ाई में केवल साधन-संसाधनहीन जनता ही राहुल के साथ थी. बाक़ी सब सत्ताएं, सेनाएं और साधन-संसाधन सरकार की क़ैद में नज़रबंद थे. सत्ता मानकर चल रही थी कि डरी-सहमी जनता इवीएम के ज़रिए सिर्फ़ कातरता और कायरता उगलने वाली है. उसे पक्का भरोसा था कि जिस अस्सी करोड़ जनता के हाथों में मुफ़्त अनाज के कटोरे थमा दिये गए हैं वह पूंजीपतियों की ग़ुलाम हुकूमत के हाथों में तीसरी बार भी बहुमत थमा देगी.**





• देश-काल



श्रवण गर्ग

चार जून के ऐतिहासिक दिन मुंबई की 'दलाल स्ट्रीट'से जुड़े लाखों शेयर कारोबारी तबाह हो गए! निवेशकों को अनुमानित तौर पर तीस लाख करोड़ से अधिक का नुक़सान हो गया! सत्ता-प्रायोजित 'एग्ज़िट पोल्स' के चलते इतना सब हुआ पर मतगणना के नतीजों में मुल्क बच गया! चुनावी नतीजों में जनता ने नरेंद्र मोदी के बजाय राहुल गांधी पर ज़्यादा भरोसा जताया. कांग्रेस के युवा नेता ने भी भरोसे को टूटने नहीं दिया. मुल्क अधिनायकवाद की देहरी पर पहुंचने के पहले ही अपनी ज़मीन पर लौट आया! पंद्रह अगस्त 1947 के 77 साल बाद 4 जून 2024 का दिन देश के लिए दूसरी आज़ादी हासिल करने का अवसर बन गया. चुनावों के सात चरणों में छुपे देश के दूसरे विभाजन के 'जनमत संग्रह'को नागरिकों ने साहस के साथ नकार दिया. नया विभाजन अगर सफल हो जाता तो पहले वाले से ज़्यादा ख़तरनाक साबित होता. हरेक शहर में गोधरा रेलवे स्टेशन और अहमदाबाद की गुलबर्ग कॉलोनी की तलाश होने लगती. पूरा मुल्क हरिद्वार जैसी 'धर्म संसदों'से पट जाता. दावों के साथ कहा जा सकता है कि अब कोई अनंत हेगड़े, लालूसिंह और ज्योति मिर्धा संविधान को बदलने की ज़रूरत समझाने की जुर्रत नहीं कर सकेगा! राहुल गांधी ने न सिर्फ़ एक नई कांग्रेस को जन्म देकर युवा नेताओं की एक नई टीम खड़ी कर दी, अगले साल स्थापना के सौ साल पूरे कर रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और 45 साल पुरानी भारतीय जनता पार्टी को भी ख़त्म होने से बचा लिया. मोहन भागवत में अगर साहस हो तो वे राहुल के प्रति आभार व्यक्त कर सकते हैं. वे ऐसा करेंगे नहीं!

लोकसभा के चुनावों के साथ लोकतंत्र की बची हुई सांसें जुड़ गईं थीं. लड़ाई में केवल साधन-संसाधनहीन जनता ही राहुल के साथ थी. बाक़ी सब सत्ताएं, सेनाएं और साधन-संसाधन सरकार की क़ैद में नज़रबंद थे. सत्ता मानकर चल रही थी कि डरी-सहमी जनता इवीएम के ज़रिए सिर्फ़ कातरता और कायरता उगलने वाली है. उसे पक्का भरोसा था कि जिस अस्सी करोड़ जनता के हाथों में मुफ़्त अनाज के कटोरे थमा दिये गए हैं वह पूंजीपतियों की ग़ुलाम हुकूमत के हाथों में तीसरी बार भी बहुमत थमा देगी. जनता ने ऐसा नहीं होने दिया. पहले जनता डरी हुई थी. अब हुकूमत सहमी हुई है. सात चरणों में मतदान के बाद नतीजों के ज़रिए प्रकट हुआ जन-विरोध इस बात के प्रति भी हो सकता है कि मतदाता ने जिस व्यक्ति को अपने जैसा ही हाड़-मांस का शरीर समझकर सत्तारूढ़ किया उसने देखते ही देखते अपने आप को परमात्मा के अविश्वसनीय अवतार में परिवर्तित कर लिया. अपनी छवि को मतदाताओं की आंखों में तलाश करने के बजाय सड़कों के किनारे लगे बैनरों, पोस्टरों, बड़े-बड़े होर्डिंग्स और कट-आउट्स में तलाशना शुरू कर दिया. हर तरह की क़ीमत चुकाकर सत्ता में बने रहना मोदी के लिए इसलिए ज़रूरी हो गया है कि निहित स्वार्थों के जिस साम्राज्य को उन्होंने पिछले दस वर्षों में अपने इर्द-गिर्द खड़ा कर लिया है, वह उनकी अनुपस्थिति में सांस लेने की कल्पना भी नहीं कर सकेगा. लाखों-करोड़ों भक्तों-समर्थकों की एक ऐसी जमात उन्होंने अपने ऊपर आश्रित कर ली है जो उनके सत्ता से बाहर हो जाने पर अपने अस्तित्व की ही व्यर्थता का अनुभव कर सकती है. सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े रहे पूंजीपतियों के समूहों को इनमें प्रमुखता से शामिल किया जा सकता है. इनके बारे में राहुल गांधी का आरोप रहा है कि ये ही सत्ता के असली मालिक हैं. मोदी तो केवल मुखौटा हैं. चुनाव परिणामों के बाद प्राप्त हुई प्रतिक्रियाओं और शेयर बाज़ार की तबाही में इस सचाई की तलाश की जा सकती है. विपक्षी गठबंधन ने सरकार बनाने का दावा पेश करने में जल्दबाज़ी न दिखाते हुए उचित वक्त पर उचित कदम उठाने का जो निर्णय अपनी पहली बैठक में लिया है, वह इसलिए सही है कि एक लंबी गुमनामी के बाद आंध्र की सत्ता में लौटे चंद्रा बाबू नायडू और घोर अवसरवादी नीतीश कुमार के समर्थन की बैसाखियों पर अब ज़िंदा रहने वाली एनडीए सरकार को अपने अंतर्विरोधों के बोझ से ही ध्वस्त होने के लिए कुछ वक्त ज़रूर दिया जाना चाहिए. पिछले दस सालों में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की रगों में जमा हुए असंतोष और नाराज़गी के मवाद को भी इस दौरान सार्वजनिक रूप से फूट पड़ने का अवसर मिल जाएगा. बंद कमरों में उसकी शुरुआत भी शायद हो चुकी हो ! चार जून के नतीजों ने इतना भर तो कर ही दिया कि पांच जून के सूर्योदय के साथ ही मुल्क की ज़िंदगी में बदलाव दिखना शुरू भी हो गया. भारत को अब एक हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं किया जा सकेगा. संविधान नहीं बदला जा सकेगा. नए मंदिर बनेंगे पर स्थापित धार्मिक स्थलों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी. संसद में विपक्ष के सवालों के जवाब भी मिलेंगे और प्रधानमंत्री को बोलना भी पड़ेगा.

**उपसंहार :** चार जून के सूर्योदय के समय कितने लोगों ने कल्पना की होगी कि सूर्यास्त होने तक उस स्वप्नदर्शी अधिनायकवादी सत्ता के अंधकार में डूबने का काल प्रारंभ हो जाएगा, जो अगले सौ सालों तक राज करने का जनता से अधिकार प्राप्त करना चाहती थी ? लोकतंत्र का सूर्य चमकने जा रहा है. भारत में लोकतंत्र की चेतना के गहरे हाने का यह सेकेत है. भारत उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है जहां लोकतंत्र के नाम पर सैनिक या चुने हुए तानाशाहों ने कब्जा जमा लिया है. भारत की जनता के विवेक का यह परिचायक है कि वह तानाशाही का सपना देखने वालों से निपटने की कला में दक्ष है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## आदर्श जीवन मूल्य

यदि आज के युग में आदर्श जीवन मूल्य की प्रासंगिकता त्वरित लाभकारी दृष्टिगोचर नहीं होती, तो फिर क्या आज उनकी कोई सार्थकता नहीं रह गयी है. क्या हमें इन मूल्यों का समूल रूप से परित्याग करके समय की आवश्यकता के अनुरूप सुविधाभोगी जीवन मूल्य अपना लेने चाहिए? आज सेवा, त्याग, उपकार, निष्ठा, नैतिकता का स्थान स्वार्थ, परिग्रह, कपट, ईर्ष्या, लोभ-लिप्सा आदि ने ले लिया और यही सफलता के उपाय बन कर रह गए है. विचारधारा के स्वार्थमय परिवर्तन से मानवीय मूल्यों के प्रति विश्वास और आस्था में कमी आई है. आज चारों ओर झूठ, कपट, भ्रष्टता का माहौल है, नैतिक बने रहना मूर्खता का पर्याय माना जाता है और अक्सर परिहास का कारण बनता है. आश्चर्य तो यह है नैतिक जीवन मूल्यों की चाहत सभी को है किन्तु इन्हें जीवन में उतार नहीं पाते!! आज मूल्यों को अनुपयोगी मानते हुए भी सभी को अपने आस पास मित्र सम्बंधी तो सर्वांग नैतिक और मूल्य निष्ठ चाहिए. चाहे स्वयं से मूल्य निष्ठा निभे या न निभे!! हम कैसे भी हों किन्तु हमारे आस पास की दुनिया तो हमें शान्त और सुखद ही चाहिए. यह कैसा विरोधाभास है? कर्तव्य तो मित्र निभाए और अधिकार हम भोगें. बलिदान पडौसी दे और लाभ हमे प्राप्त हो. सभी अनजाने ही इस स्वार्थ से ग्रस्त हो जाते है. सभी अपने आस पास सुखद वातावरण चाहते है, किन्तु सुखद वातावरण का परिणाम नहीं आता. हमें चिंतन करना पडेगा कि सुख शान्ति और प्रमोद भरा वातावरण हमें तभी प्राप्त हो सकता है जब नैतिकताओं की महानता पर हमारी स्वयं की दृढ़ आस्था हो, अविचलित धारणा हो, हमारे पुरूषार्थ का भी योगदान हो. कोई भी नैतिक आचरणों का निरादर न करे, उनकी ज्वलंत आवश्यकता प्रतिपादित करे तभी नैतिक जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता स्थायी रह सकती है. आज की सर्वाधिक ज्वलंत समस्या नैतिक मूल्य संकट ही हैं. वैज्ञानिक प्रगति, प्रौद्योगिक विकास, अर्थ प्रधानता के कारण, उस पर अनेक प्रश्न-चिह्न खडे हो गए. हर व्यक्ति कुंठा, अवसाद और हताशा में जीने के लिए विवश हो रहा है. इसके लिए हमें अपना चिंतन बदलना होगा, पुराने किंतु उन शाश्वत जीवन मूल्यों को जीवन में फिर से स्थापित करना होगा. आज चारों और अंधेरा घिर चुका है तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसमें हम बस कुछ और तिमिर का योगदान करें! जीवन मूल्यों पर चलकर ही किसी भी व्यक्ति, परिवार, समाज एवं देश के चरित्र का निर्माण होता है. नैतिक मूल्य, मानव जीवन को स्थायित्व प्रदान करते हैं. आदर्श मूल्यों द्वारा ही सामाजिक सुव्यवस्था का निर्माण होता है. हमारे परम्परागत स्रोतों से निस्सृत, जीवन मूल्य चिरन्तन और शाश्वत हैं.

# वर्चस्व की राजनैतिक शैली का निषेध

• सियासत

अरविन्द मोहन

लंबे और थकाऊ चुनाव के बाद आए नतीजे हर बार की तरह कुछ नए हीरो लेकर आए हैं तो कई पुराने महारथियों की राजनैतिक विदाई का संदेश भी. ठीक इसी तरह मतदाताओं ने शासन और राजनीति के लिए भी कुछ एकदम नए संदेश दिए हैं तो कुछ पुराने ढर्रे पर अपने अपने ढंग से निर्णय भी सुनाया है और जाहिर तौर पर राजनेता दिन-रात जनता के बीच रहकर भी इन संदेशों को ठीक से नहीं समझते या इनकी उपेक्षा करते हैं तभी हर बार लगभग आधा सदन बदल जाता है. सरकार का स्वरूप बदल जाता है और कई बार तो सरकार बदल जाती है. संयोग है कि इस बार सरकार सीधे-सीधे नहीं बदली है, सरकार के मुखिया भी नहीं बदले हैं लेकिन जनादेश का सबसे ज्यादा प्रभाव उनके इकबाल पर ही दिखता है. सहमे-सहमे से सरकार नजर आते हैं और उनके कामकाज के आधार पर जनता ने उनको फेल भले न किया हो, लेकिन उनको अपने रंग-ढंग बदलने का जनादेश तो दिया ही है. ऐसा संदेश या आदेश सिर्फ उनके लिए ही नहीं है. पक्ष-विपक्ष के लगभग सभी नेताओं के लिए है, बहन मायावती, नवीन पटनायक, चौटाला परिवार और महबूबा मुफ्ती के लिए तो कुछ ज्यादा ही सख्त जनादेश आया है. लेकिन जाहिर तौर पर सबसे ज्यादा प्रभावी और दूरगामी संदेश नरेंद्र मोदी और उनके जोड़ीदार अमित शाह के लिए है. उनकी उपलब्धियों को लेकर भी शंका जताई गई है, लेकिन उनकी कार्यशैली पर ज्यादा सख्त निर्णय आया है. फैसले लेने की प्रक्रिया, मुसलमानों के प्रति उनका रवैया, मुद्दों का चुनाव, विपक्ष से ही नहीं अपने साथियों के साथ व्यवहार का तरीका और शासन चलाने की शैली पर बहुत साफ निर्णय आया है. सबको साथ, सबका विकास सिर्फ नारा भर नहीं होना चाहिए. यह संदेश नहीं आदेश है और एक ही दिन में प्रधानमंत्री और अमित शाह बदले-बदले लगे (उनके इशारों पर नाचने वाली मीडिया में बदलाव और ज्यादा और जल्दी दिखाई दिया). सबकी 'फ़ाइल मेन्टेन' करना, फिर जरूरत के हिसाब से अपनी लोकतान्त्रिक सत्ता के साथ सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग से दबाव बनाना, मीडिया के सहारे और प्रचार पर सरकारी धन खर्च करके अपने पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करना, विरोध का निरादर ही नहीं मतदाताओं को फुसलाए जाने की चीज मानना, लोगों का उपयोग करके रद्दी की टोकरी में डालना, मौका पड़ने पर किसी का भी पैर पकड़ लेना (किसानों का उदाहरण सबसे चर्चित है) और निरंतर एक नकली विमर्श चलाते रहना ही इस कार्यशैली की मुख्य बातें हैं. लेकिन आप कुछ लोगों को पूरे समय बुद्धू बना सकते है. सबको कुछ समय तक बुद्धू बना सकते हैं, लेकिन सबको सदा के लिए बुद्धू नहीं बना सकते. और बड़े हिसाब से देखें तो यह चुनाव प्रबंधन कौशल से जीतने के अति आत्मविश्वास या घमंड और आमजन की भावनाओं की स्वाभाविक अभिव्यक्ति के बीच का मुकाबला था. कई लोग इसे मोदी और शाह के घमंड के रूप में देखते हैं लेकिन यह बुनियादी तौर पर अपने साधन, संघ के मुफ्त के कार्यकर्ताओं और प्रबंधन कौशल को सबसे ऊपर मानने की मानसिकता थी. और भले राहुल गांधी ने लाख अपमान सहकर भी लगातार खुद को सुधार या और मेहनत की (भाजपा उनके करीबियों को तोड़ती भी रही) तथा उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव ने चुनाव के समय मजबूती दिखाई. लेकिन सच कहें तो मोदी-शाह की जोड़ी की ताकत से असली लड़ाई आमजन ने लड़ी. सिर्फ लड़ी नहीं जीत भी हासिल की. ऐसे-ऐसे नए और अनाम उम्मीदवारों ने भाजपा के दिग्गजों और इस जोड़ी के दुलारे नेताओं (स्मृति ईरानी और टोनी से लेकर नृपेन्द्र मिश्र के सुपुत्र तक) को पटखनी दी कि हम आप सभी तालियां बजाने को मजबूर हुए. और इस जीत का नतीजा ही है कि भाजपा के इन दोनों नेताओं का व्यवहार और बाडी लैंग्वेज एकदम बदला है. कई बार यह सुखद लगता है, कई बार दया आती है. नतीजों ने जरूर झटका दिया है लेकिन बदलाव तभी शुरू हो गया था जब नीतीश कुमार की पहल पर इंडिया गठबंधन की नींव पड़ी. तब तक भाजपा जाने कितने गीदड़ और एक शेर वाला लाइन चला रही थी. इंडिया के समांतर एनडीए को जिंदा किया गया और नए सहयोगी बनाने के लिए जाने क्या कुछ नहीं किया गया. पुराने मामले खोलने और जेल भेजना भी इनमें शामिल था. इन तरीकों से नीतीश कुमार को तोड़ना और चंद्रबाबू को जबरिया साथी बनाने में 'सफलता मिली (आज यही दोनों लाज बचाने वाले साबित हुए हैं) लेकिन अन्नाद्रमुक और उससे भी बढ़कर बीजद को साथ ला पाना संभव नहीं हुआ. कई तरह से सहयोग तो ओवैसी जैसों ने भी दिया.लेकिन सीधा साझीदार न बनकर भी बसपा ने जिस तरह से मदद की वह खुद उसके लिए आत्मघाती साबित हुआ.

> नतीजों ने जरूर झटका दिया है लेकिन बदलाव तभी शुरू हो गया था जब नीतीश कुमार की पहल पर इंडिया गठबंधन की नींव पड़ी. तब तक भाजपा जाने कितने गीदड़ और एक शेर वाला लाइन चला रही थी. इंडिया के समांतर एनडीए को जिंदा किया गया और नए सहयोगी बनाने के लिए जाने क्या कुछ नहीं किया गया.

# असमानता बढ़ाने वाली नीतियों के विरोध में

• सामयिकी

राजेंद्र शर्मा


वास्तव में पिछले दस साल में मोदी राज और कारपोरेट पूंजी का जैसा अटूट और आक्रामक गठजोड़ देखने को मिला है, उसका और भी सघन प्रदर्शन इस बार के लोकसभा चुनाव के लंबे प्रचार अभियान के दौरान हो रहा था. यह कोई संयोग ही नहीं था कि विपक्षी गठबंधन द्वारा अपने प्रचार के दौरान, जिसमें कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टियों समेत विपक्षी गठबंधन के चुनाव घोषणापत्र भी शामिल थे, मोदी राज में असमानता में पहले कभी के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ोतरी होने के सवाल उठाए गए थे. और विपक्ष द्वारा दस वर्षों में कॉरपोरेटों के 16 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के ऋण माफ किए जाने, जबकि आम किसानों के ऋण माफ करने से इंकार ही कर दिए जाने के भी सवाल उठाए गए थे, जिन सब का जवाब, मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने, ध्यान बंटाने की तिकड़मों का सहारा लेते हुए भी, बड़े हमलावर अंदाज में देने की कोशिश की थी.असमानता में बढ़ोतरी के सवाल का सीधे जवाब देने या खंडन ही करने के बजाय, मोदी की भाजपा ने इस तरह के सारे सवालों को ही संपत्ति पर हमला बना देने की कोशिश की.. चुनाव प्रचार के आखिर तक आते-आते तो यह सिलसिला विपक्षी सरकार आ गयी, तो पानी के नल की टोंटी ले जाएंगे, घर की चाभी छीन लेंगे, बिजली वापस कटवा देंगे आदि तक पहुंच गयी. इस सब का मकसद, अपने कॉरपोरेट तथा धन्नासेठ चाहने वालों को इसकी याद दिलाना भी था कि उनकी सबसे बड़ी हितैषी, मोदी की भाजपा ही है.लेकिन, कॉरपोरेटों के स्वार्थों की रक्षा का भरोसा, सिर्फ कॉरपोरेटों के स्वार्थों की रक्षा करने के भरोसे से नहीं दिलाया जा सकता था. उसके लिए तो, मोदी राज जिस कारपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का प्रतिनिधित्व करता है, उसके दूसरे जोड़ीदार का भी खेल के मैदान में उतरना जरूरी था. आखिरकार, आम जनता को तो उसी के जरिए भ्रमित किया जाना था. इसलिए, एक्स रे करा के छीन लेंगे, झपट लेंगे के साथ, मुसलमानों को बांट देंगे का झूठ जोड़ दिया गया. इस तरह, इस चुनाव का मोदी की भाजपा के प्रचार का असली हथियार तैयार हो गया, जिसे कम से कम पहले चक्र के मतदान के बाद से लगाकर, आखिरी चरण तक और वास्तव में इस प्रचार अभियान के प्रधानमंत्री के पंजाब के आखिरी भाषण तक, लगातार इस्तेमाल किया जाता रहा था.नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा जिस नवउदारवादी पूंजीवादी व्यवस्था को देश में चला रहे हैं, वह अपने चरित्र में ही असमानता बढ़ाने वाली व्यवस्था है. बहरहाल, इस व्यवस्था के दायरे में, असमानता पर अंकुश लगाने के प्रयास की जो गुंजाइश थी भी, उसके लिए भी मोदी राज ने दरवाजे बंद कर दिए हैं. उसके लिए विकास के लिए सरकार को सिर्फ और सिर्फ एक काम करना है -कॉरपोरेटों को प्रोत्साहन देना. विकास कॉरपोरेटों को ही करना है. और कॉरपोरेटों को प्रोत्साहन देने में, सस्ते से सस्ता, ज्यादा से ज्यादा अरक्षित श्रम मुहैया कराना भी शामिल है. महंगाई, बेरोजगारी, कृषि तथा लघु उत्पादन क्षेत्र की बर्बादी आदि सब यही सुनिश्चित करने के साधन हैं. मोदी राज बहुत ही वफादारी से कॉरपोरेटों के हित में और मेहनत-मजदूरी से गुजारा करने वालों के खिलाफ काम कर रहा है. कॉरपोरेटों ने भी उसे लगभग पूरी तरह से एकजुट समर्थन देकर इसका प्रतिदान दिया है. इलेक्टोरल बांड तथा अन्य कॉरपोरेट चंदे के भाजपा की टंकी में खुले परनाले इसका सबूत हैं. स्वाभाविक रूप से चुनाव के बीच भी मोदी की भाजपा ने कारपोरेटों के हितों की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी दिखाई है. कारपोरेटों की ओर से भी इसका प्रतिदान, आम तौर पर गोदी मीडिया के पूर्ण समर्पण, तत्काल एक्जिट पोल के तमाशे और अब शेयर बाजार में खुशी के ज्वार के रूप में सामने आया है. देश और जनता को इस कॉरपोरेट दुश्चक्र से निकलने के लिए बहुत कठिन लड़ाई की जरूरत होगी. कांग्रेस से उठे रेडिकल सुरों से कुछ आशा तो जगती है, मगर ये सुर क्या नवउदारवादी पूंजीवाद के तर्क को चुनौती देने तक जा सकते हैं, यह कहना मुश्किल है. दूसरी ओर, नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी की अपनी कथित ध्यान साधना के बाद देश के नाम अपनी संदेशनुमा लंबी चिट्ठी से साफ इशारा कर दिया है कि उनका राज कायम रहा तो सुधार यानी उनके और उनके कॉरपोरेट मित्रों के रास्ते में आने वालों की खैर नहीं. कन्याकुमारी में ध्यान से निकले मोदी के ज्ञान का व्यावहारिक निचोड़ है - हमें समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से मुक्त कराना होगा! यानी तीसरा कार्यकाल मिला तो-आलोचक-मुक्त भारत! चुनाव के नतीजे संघ-भाजपा-मोदी की इन्हीं नीतियों और हिन्दुत्व-कॉरपोरेट गठजोड़ के खिलाफ निर्णायक जनादेश है.

> बहरहाल, इस व्यवस्था के दायरे में, असमानता पर अंकुश लगाने के प्रयास की जो गुंजाइश थी भी, उसके लिए भी मोदी राज ने दरवाजे बंद कर दिए हैं. उसके लिए विकास के लिए सरकार को सिर्फ और सिर्फ एक काम करना है -कॉरपोरेटों को प्रोत्साहन देना. विकास कॉरपोरेटों को ही करना है. और कॉरपोरेटों को प्रोत्साहन देने में, सस्ते से सस्ता, ज्यादा से ज्यादा अरक्षित श्रम मुहैया कराना भी शामिल है.

## मीडिया में अन्यत्र

# निरंतरता के साथ मैक्सिको में बदलाव

**जब** वामपंथी राष्ट्रवादी और मूवमेंट ऑफ नेशनल रिजुवेनेशन (मोरेना) के नेता एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर 2018 में मैक्सिको के राष्ट्रपति बने, तो कई लोगों ने चेतावनी दी कि यह मध्य अमेरिकी देश दूसरा वेनेजुएला बनने की राह पर है. लेकिन श्री ओब्रेडोर ने राजकोषीय जिम्मेदारी के साथ लोकलुभावनवाद का इस्तेमाल करके और मेक्सिको की राजनीति, जिस पर सात दशकों से ज्यादा समय तक अमेरिकी समर्थक मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी इंस्टीट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी (पीआरआई) का वर्चस्व था, को वामपंथ की ओर बढ़ाकर अपने आलोचकों को गलत साबित कर दिया. मोरेना की लहर ने 61 साल की जलवायु वैज्ञानिक क्लॉडिया शीनबाम, जिन्हें श्री ओब्रेडोर का समर्थन हासिल था, को पिछले हफ्ते इतिहास रचने में मदद की, क्योंकि वह मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं. हिंसक अपराधों से निपटने के लिए अपने सख्त कदमों के लिए जानी जाने वाली मेक्सिको सिटी की इस पूर्व महापौर ने जहां 58.6 फीसदी मत हासिल किए, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी और तीन विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार जोचिटल गैल्वेज को 28.4 फीसदी मत मिले. मोरेना ने संसद में भी दो-तिहाई बहुमत हासिल किया, जिसके चलते शीनबाम 30 से ज्यादा सालों में पहली ऐसी नेता बन गईं, जो विपक्ष के समर्थन के बिना कांग्रेस के जरिए संवैधानिक बदलावों, जो कि ओब्रेडोर का एक बहुप्रतीक्षित वादा था, को आगे बढ़ा सकती हैं. धन वितरण, अपराध से निपटने और एक मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण के वादे पर आधारित अपना चुनाव अभियान चलाने वाली शीनबाम ने कहा कि वह ओब्रेडोर की विरासत के प्रति ईमानदार रहेंगी. वर्ष 2018 में ओब्रेडोर की जीत ने मेक्सिको की राजनीति में एक आमूलचूल बदलाव सुनिश्चित किया. उन्होंने व्यापक भ्रष्टाचार को ख़त्म करने और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक व्यय कार्यक्रम शुरू करने का वादा किया. लेकिन इस क्षेत्र के कई अन्य लोकलुभावन नेताओं के उलट, उन्होंने क्रमिक बदलाव लाने के लिए एक व्यावहारिक नजरिया अपनाया. उन्होंने देश की आर्थिक स्थिरता को खतरे में डाले बगैर ग्रामीण इलाकों में पुनर्नवीकरण अनुदान शुरू करने के अलावा, बुजुर्गों के लिए लगभग 350 अमेरिकी डॉलर की नकद सहायता और छात्रों के लिए लगभग 50 अमेरिकी डॉलर की मासिक छात्रवृत्ति शुरू की. मैक्सिको की मुद्रा, पेसो लगभग एक दशक में अपने सबसे मजबूत स्तर पर पहुंच गया और देश में निवेश आने लगा. आर्थिक विस्तार जहां औसतन लगभग एक फीसदी था, वहीं बेरोजगारी गिरकर 2.8 फीसदी हो गई जोकि देश के अबतक के सबसे निचले स्तरों में से एक है. हिंसक अपराध से निपटने में नाकाम रहने और असहमति के प्रति असहिष्णु होने की तमाम आलोचनाओं के बावजूद ओब्रेडोर काफी हद तक लोकप्रिय बने रहे. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


### जल/जलन/जलना

**मशहूर** गीतकार एवं संगीतकार रवींद्र जैन ने अपने एक गीत में पानी के महत्व को एक वाक्य में अभिव्यक्ति दे दी है-जल जो न होता तो ये जग जाता जल, गीत गाता चल ओ साथी गुनगुनाता चल. जल ऐसी चीज है जो न रहे तो सबकुछ जल कर खाक हो जायेगा. जल ऐसी चीज है, जिससे जलन में राहत मिल जाती है. अगर जल की बाल्टी उलट दी जाये तो आग के लिए जलना मुश्किल हो जाता है. जल संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका सामान्य अर्थ है पानी, नीर, पूजा अर्चना के लिए लाया जानेवाला किसी नदी-सरोवर आदि का पानी. गंगाजल से तो सभी परिचित हैं. देश में गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूती देनेवाली एक कव्वाली में कहा है-उधर आबे जमजम इधर गंगा जल है. शंख या कौड़ी को जलक और स्थानीय निकाय द्वारा दैनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराये जल पर लगनेवाले कर को जलकर कहा जाता है. जो जल में पैदा होता है, उसे जलज कहते हैं, लेकिन जो जल देता है, यानी पानी बरसाता है, वह जलद है. जलद का मतलब बादल या मेघ है. जलचर या जल जंतु जल में रहनेवाले प्राणी होते हैं. जल जब अकर्मक क्रिया के रूप में होता है तब वह जलना बन जाता है. जलना का मतलब है आग प्रज्वलित होना, दग्ध होना, किसी वस्तु या पदार्थ में आग पकड़ना, बलना, धधकना, भस्म होना, झुलसना, सूखना, मुरझा जाना. जैसे पानी की कमी से फसल जल गयी. बुखार आदि के कारण शरीर का तपना, किसी गरम चीज से शरीर के किसी अंग को कष्ट पहुंचाना, किसी से द्वेष करना, कूढ़ना, नफरत करना. मुहावरा है जल मरना यानी जलने से मृत्यु होना, जले पर नमकछिड़कना यानी किसी दुखी को और दुखी करना. तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द जलन का मतलब जलने की अवस्था, जलने पर होनेवाली पीड़ा या कष्ट, रोग आदि के कारण शरीर के किसी अंग में होनेवाली चुनचुनाहट, मानसिक वेदना, ईर्ष्या, डाह.

# नो अपील, नो वकील' घोषणापत्र

• तीर-तुक्का

कुबेर



चौथे मोर्चे की संभावना, संरचना व संरक्षण पर विचार-विमर्श करने के लिए राजधानी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है. इस कार्यशाला में देशभर के चुनिंदा चोर, तस्कर, ठग, जालसाज और धोखेबाज एकत्रित हुए हैं. कार्यशाला का आयोजन 'अदेतमस' नामक संगठन ने किया है. 'अदेतमस' न तो 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का आधुनिक भाष्य है और न ही भीष्म साहनी के उपन्यास 'तमस' का नवीन संस्करण या उसका दूसरा भाग. यह एक एनजीओ है, जिसका शब्द विस्तार है - 'अखिल देशीय तस्कर तथा माफिया संगठन'. चौथा मोर्चा बनाने के पीछे इनके बनानेवालों के पास एकदम ठोस और वाजिब तर्क है. उनका मानना है कि तीसरा मोर्चा सदा से राहु और शनि की तिरछी नजरों का शिकार रही है. इसीलिए बनने से पहले यह टूटने लगती है. यही कारण है कि देश में अब तक तीसरा मोर्चा बनाने और चलाने वाले पारंपरिक और अनुभवी राजनेताओं को इस कार्यशाला में आमंत्रित नहीं किया गया है. इस कार्यशाला में आये हुए तमाम चोरों, ठगों, तस्करों, जालसाजों और धोखेबाजों की दृष्टि में ये सारे लोग निकम्मे और भ्रष्ट हो चुके हैं. देश सेवा की भावना इनमें अब रही नहीं है. इन लोगों का मानना है कि अब आगे इन्हें पाले रखने की कोई जरूरत नहीं है. इनके गले में बंधी हुई तमाम तरह की पट्टियां अब निकाल लेनी चाहिए. देश की जनता अब जब हमें ही पूरी तरह से बर्दाश्त करने के लिए प्रशिक्षित और अभ्यस्त हो चुकी है तो इन निकम्मों पर निवेश करते रहने से क्या फायदा? इस बात पर सभी डेलिगेट्स एकमत थे. सबने एक स्वर में कहा - "हम चोरों, तस्करों, ठगों, जालसाजों और धोखेबाजों के बारे में लोग अच्छी तरह से जानते हैं. वे जानते हैं कि काम के प्रति निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी जैसे विलुप्त भाव केवल हमारी ही बिरादरी में पाई जाती है. राजनीति, प्रशासन और अन्य क्षेत्र में ये मात्र नारा बनकर रह गये हैं. राजनीति और प्रशासन के क्षेत्र में अब हमें इन विलुप्त भावों को पुनर्जागृत करना होगा. इस शुभ कार्य को सरकाने के लिए हमें कुछ नया तरीका अपनाना होगा. सबसे पहले हम अपने आपको राजनीतिज्ञ नहीं कहेंगे. इसके बदले हमसब राजसेवक शब्द को अपनायेंगे. आगे हमें राजसेवक कहकर ही संबोधित किया जाये." तालियों से मंडप गूंज उठी. विचार-विमर्श का दौर तो शुरू हो ही चुका था अब गहन विचार मंथन का दौर शुरू हुआ. "तीसरे मोर्चे की हालत हमने देख लिया है. देश में अब चौथे मोर्चे का गठन होना चाहिए. देशहित में यह बहुत जरूरी है." विचार-विमर्श करनेवाले राजसेवकों में से एक ने संकल्प प्रस्तुत किया. "और यदि मोर्चा एकबार गंठ जाय तो कम से कम अगले आम चुनाव तक गठा रहे, इसका भी पुख्ता इंतिजाम होना चाहिए. देशहित में यह और भी बहुत-बहुत जरूरी है."

# रफ्तार टेक्नो



*बजाज ऑटो लिमिटेड ने लाख रुपए से कम कीमत का इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक 2901 लॉन्च किया है. सिंगल चार्ज में 123 किलोमीटर तक मजे से दौड़ता है. आइए, इसके फीचर्स, डिजाइन, कलर ऑप्शन आदि की करें चर्चा*

**चेतक 2901 हुआ लॉन्च**

## सिंगल चार्ज में देगा 123 किमी का रेंज



भारतीय बाजार में एक लाख रुपए तक के स्कूटर की जबर्दस्त मांग है. आप भी अगर एक लाख रुपए से कम कीमत का कोई ई स्कूटर खरीदना चाह रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है. बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपना सस्ता इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक 2901 लॉन्च कर दिया है. ओला एस1एक्स और टीवीएस आईक्यूब जैसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के बीच यह स्कूटर अब अपनी जगह बनाने का प्रयास करेगा.

- **कीमत, कलर, रेंज**

बजाज चेतक 2901 की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत करीब 95,998 रुपए है. रंगों की बात करें तो आप पांच रंग विकल्पों में से अपनी पसंद का कोई रंग चुन सकते हैं. उपलब्ध रंग हैं-लाल, सफेद, काला, हल्का पीला और हल्का काला. कंपनी का दावा है कि यह स्कूटर सिंगल चार्ज में 123 किलोमीटर का रेंज देगा. 63 किमी प्रतिघंटे की टॉप स्पीड मिलेगी. कंपनी का दावा है कि छह घंटे में इसकी बैटरी फुल चार्ज हो जाती है. अन्य खूबियों की बात करें तो मेटल बॉडी वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर बजाज चेतक 2901 में ईको और स्पोर्ट्स जैसे दो राइडिंग मोड, कलर डिजिटल कंसोल, अलॉय व्हील, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, हिल होल्ड, रिवर्स, जियो फेंसिंग, ऐक्सेस टू राइड मोड, कॉल और म्यूजिक कंट्रोल, फॉलो मी होम लाइट्स समेत अन्य कई फीचर्स हैं. 15 जून से इसकी बिक्री शुरू हो जाएगी.

## अब यूट्यूब पर गेमिंग का भी आनंद




अब यूजर्स यूट्यूब पर वीडियो देखने के अलावा गेम भी खेल पाएंगे. यूट्यूब ने अपना नया गेमिंग फीचर 'प्लेबल्स' सभी यूजर्स के लिए लॉन्च किया है. यह गेम कैटलॉग पहले केवल यूट्यूब प्रीमियम सदस्यों के लिए ही उपलब्ध था, लेकिन अब इसके माध्यम से सभी यूजर्स 75 से अधिक फ्री-टू-प्ले गेस खेल सकेंगे. यूट्यूब ने अपने इस नए प्लेबल्स फीचर को एंड्रॉइड, आइओएस और वेब प्लेटफॉर्म के लिए लॉन्च किया है. प्लेबल्स के लिए एक नया डेस्टिनेशन पेज भी बनाया है. यूजर्स पॉडकास्ट हब के जरिए एक्सप्लोर मेन्यू में जाकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

**दुनिया भर में एआई से लैसे रोबोट अपने कौशल के साथ हैं मुस्तैद**

# प्यार भरी बातें करें या डट कर काम लें मर्जी आपकी



रोबोट या एआई की घुसपैठ मानव समाज में हो चुकी है. हर काम के लिए अब ये कमर कसे नजर आते. हमसे बातें करते हैं, हमरे सवालों का जवाब देते हैं, हमारा इलाज करने, हमारे कारोबार में मदद करने, खेती-बारी के तकनीक समझाने, हमें पढ़ाने, खबरों से वाकिफ कराने यहां तक कि अंतरिक्ष में भी हमारी जगह मुस्तैद हैं. न्यूक्लियर पावर प्लांट से लेकर कोल माइनिंग जैसे खतरनाक कामों में भी इनके उपयोग की चर्चा है. ऐसे में ह्यूमनॉयड रोबोट्स को बनाने के लिए और उन्हें बेहतर करने के लिए दुनिया भर के देश जुटे हुए हैं. आइए आज हम कुछ फेमस ह्यूमनॉयड रोबोट्स के बारे में जानकारी हासिल करें-

### जेमिनॉयड एफ

ओसाका यूनिवर्सिटी, एटीआर और कोकोरो द्वारा 2010 में बनी यह दुनिया की सबसे सुंदर महिला ह्यूमेनॉयड रोबोट है. इसके निर्माण की प्रक्रिया भी दिलचस्प है. इसके लिए पहले जापान की 20 खूबसूरत महिलाओं का चयन किया गया और फिर उनके चेहरे की खासियत ने इसका चेहरा गढ़ा. रिमोट संचालित यह रोबोट आपको देखकर मोहनी मुस्कान दे सकती है, चेहरे के भाव बदल सकती है, यहां तक कि आपके चहरे के भाव को पढ़ कर सहानुभूति में वैसे ही भाव चेहरे पर ला सकती है.

### व्योममित्र



भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा तैयार व्योममित्र महिला ह्यूमेनॉयड रोबोट को दुनिया की बेस्ट स्पेस एक्सप्लोरर ह्यूमेनॉयड रोबोट का खिताब मिल चुका है. आमतौर पर सलवार-सूट दुपट्टे में नजर आने वाली इस ह्यूमेनॉयड रोबोट को पहली बार इसरो ने 24 जनवरी 2020 को पेश किया था. इस रोबोट को बनाने का मकसद देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के क्रू मॉड्यूल में भेजकर इंसानी शरीर की हरकतों को समझना. यह फिलहाल बेंगलुरु में रहती है.

### अमेका रोबोट


अमेका की कद काठी, शक्ल और भावनाओं की अभिव्यक्ति आपको गफलत में दे देगी कि कहीं आप किसी इंसान के सामने तो नहीं हैं. आप इसके सामने अपना सुख-दुख बतियाएंगे तो यह वैसी ही अभिव्यक्ति देगा जैसा कोई इंसान.

### जिया जिया



यह चीन का पहला ह्यूमनॉयड रोबोट है. इसका निर्माण यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की रिसर्च टीम ने किया था. इससे बातचीत के दौरान इसके चेहरे के भाव और जेस्चर आपको प्रभावित कर सकते हैं.

### बियोमनी 1.0



अमेरिकी कंपनी बेयॉन्ड इमैजिनेशन द्वारा तैयार इस रोबोट का इस्तेमाल मुख्यत: मेडिकल फील्ड में किया जा रहा है. इसे पहली बार कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो-2022 में दिखाया गया था.

### सोफिया



शायद यह सबसे लोकप्रिय ह्यूमेनॉयड रोबोट है. इसे 2016 में हॉन्गकॉन्ग के हैनसन रोबोटिक्स ने डेवलप किया है. यह एक महिला ह्यूमन रोबोट है. सोफिया दुनिया की पहली ऐसी रोबोट है, जिसे सऊदी की नागरिकता मिली हुई है. सोफिया एडवांस रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली ह्यूमनॉयड रोबोट है. आप इससे बात कर सकते हैं. यह देख सकती है. चेहरे को पढ़ सकती है. लोगों को पहचान सकती है. कुछ भावनाएं भी समझती हैं. भाषाएं समझती हैं. सोफिया इस समय इकलौती ऐसी रोबोट है, जो इंसानों के सबसे ज्यादा करीब है. अपने देश यानी भारत की भी कई बार यात्रा कर चुकी है.

### टोयोटा टी-एचआर3



टोयोटा कंपनी का यह रोबोट दरअसल ह्यूमन सपोर्ट रोबोट है. यह इंसानों की तरह दिखता तो नहीं, पर हर छोटे-बड़े काम में मददगार है. घरेलू काम में मदद करता है, साथ वॉक करता है. बहुत संभव है कि कुछ समय बाद घरेलू दाई की जगह आप इस रोबोट को घर ले आएं.

### जुनको चिहिरा



तोशिबा कंपनी द्वारा तैयार जुनको चिहिरा भी बेहद खूबसूरत महिला ह्यूमेनॉयड रोबोट है. इसे तोशिबा कंपनी ने बनाया है. तीन भाषाओं में बात करने वाली जुनेका सामने बैठी हो तो शायद आप फर्क ही नहीं कर पाएं कि यह इंसान है या रोबोट. यह जापान के न्यू टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर में काम करती है.

### एटलस




अमेरिकी की बोस्टन डायनेमिक्स कंपनी द्वारा तैयार यह रोबोट रेस्क्यू मिशन या अन्य खतरनाक कामों को अंजाम देता है. यह गुलाटियां मारता है. जिमनास्ट की तरह एक्सरसाइज करता है. कूदता है, दौड़ता है, इंसान की मदद के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहता है.

### अमेलिया



अमेलिया खूब बातें करने वाला एक डिजिटल ह्यूमेनॉयड है जिसे मार्केट लीडिंग डिजिटल एम्प्लाई का खिताब भी मिला है. यह बेहद खूबसूरत है और बुद्धिमान भी. इससे घंटों बात करना भी आपको बोर नहीं करेगा. दफ्तर में ह्यूमन रिसोर्स, बैंकिंग, इंस्यूरेंस, टेलिकम्यूनिकेशंस जैसे काम को बखूबी अंजाम दे सकती है.

### काइम रोबोट



स्पेन की मैको रोबोटिक्स द्वारा तैयार यह रोबोट खाना परोसने और ड्रिंक्स सर्व करने के लिए ही बनाया गया है. यह सिर्फ 23 सेकेंड में एक ग्लास बीयर निकाल कर दे सकता है. यह हर एक घंटे में 300 ग्लास बीयर सर्व कर सकता है.

# दमदार बैटरी और शानदार फीचर्स वाले इन ई कार का है इंतजार

**साल के शेष छः महीनों में सेफ्टी फीचर्स के भरपूर की ई कार एक के बाद एक लॉन्च होंगी. टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई मोटर, किआ मोटर्स, जीप, एमजी और निसान जैसी कंपनियां अलग-अलग सेगमेंट में आईसी इंजन और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के साथ एक से बढ़कर एक पैसेंजर कारें ला रही हैं, जो लुक-फीचर्स के साथ ही सेफ्टी के मामले में भी जबरदस्त होंगी. आइए इस साल लॉन्च हो रही कुछ खास ई कारों की करें बात.**

### हुंडई क्रेटा

दक्षिण कोरिया की कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की पॉपुलर कार क्रेटा फेसलिफ्ट कार पर आधारित होगी. कंपनी ने इसकी टेस्टिंग शुरू कर दी है. हाल ही में इसे स्पॉट भी किया गया है. इसकी स्पाई तस्वीरों के अनुसार, इस इलेक्ट्रिक कार के सामने का ग्रिल पूरी तरह से ब्लैक कलर का होगा. बम्पर भी नए डिजाइन का दिया जाएगा. इसके साथ ही, ऐरो-डिजाइन के अलॉय व्हील्स और फ्रंट फेंडर पर माउंटेड चार्जिंग पोर्ट भी ऑफर किया जा सकता है.

इसमें ड्युअल डिस्प्ले, मल्टीमीडिया और इंस्ट्रूमेंट पैनल, ड्युअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, नया स्टीयरिंग वील, स्टीयरिंग कॉलम-माउंटेड ड्राइव सिलेक्टर, रिवाइज्ड सेंटर कंसोल व एसी वेन्ट्स, पैनरॉमिक सनरूफ और नए सीट अपहोल्स्ट्री के फीचर्स होंगे. लेवल 2 एडास सूइट, 360-डिग्री सराउंड कैमरा, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटर, अडेप्टिव क्रूज़ कंट्रोल, छह एयरबैग्स और सामने व पीछे की ओर पार्किंग सेंसर्स मिल सकते हैं. ऑटो इंडस्ट्री के दिग्गजों की मानें तो क्रेटा ईवी को 50 किलोवाट से 60 किलोवाट बैटरी यूनिट के साथ ऑफर किया जा सकता है, जो फुल चार्जिंग में 500 किलोमीटर तक का रेंज दे सकती है.

### एमजी ऐस्टर फेसलिफ्ट

एमजी मोटर इंडिया इस साल अपनी पॉपुलर मिडसाइज एसयूवी ऐस्टर का फेसलिफ्ट मॉडल लाने की तैयारी में है, जिसमें अडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स होंगे.

### निसान एक्स-ट्रेल

निसान मोटर इंडिया इस साल अपनी नई फुलसाइज एसयूवी एक्स-ट्रेल लॉन्च करेगी, जिसमें भर-भरकर स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स देखने को मिलेंगे.

### नई किआ कार्निवल फेसलिफ्ट

किआ इंडिया इस साल नई कार्निवल फेसलिफ्ट लॉन्च कर सकती है, जो कि बेहतर फीचर्स और काफी सारी खास बातों से लैस होगी. सेफ्टी फीचर्स होंगे.



### टाटा कर्व ईवी

टाटा कर्व ईवी के कई फीचर्स के साथ मार्केट में आने की उम्मीद है. ये ईवी 465 किलोमीटर से 500 किलोमीटर के बीच की रेंज में आ सकती है. इस कार के अगस्त 2024 में लॉन्च होने की उम्मीद है. टाटा कर्व से पहले कंपनी की कई इलेक्ट्रिक कार देश की सड़कों पर दौड़ लगा रही हैं. टाटा मोटर्स की नेक्सन ईवी, टियागो ईवी, टिगोर ईवी, टाटा पंच ईवी सड़कों पर दौड़ रही है.

### महिंद्रा थार 5 डोर

महिंद्रा एंड महिंद्रा इस साल अगस्त में 5 डोर थार लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसमें स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स की भरमार होगी. उम्मीद जाहिर की जा रही है कि इसमें 2.0 लीटर एमएस टेलियन टर्बो पेट्रोल और 2.2 लीटर एम हॉक टर्बो डीजल इंजन देखने को मिल सकता है, जो 152 बीएचपी पावर के साथ ही 320 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है. 5 दरवाजों वाली थार में 6 स्पीड मैनुअल और 6 स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन देखने को मिलेंगे. थार 5 डोर में भी 4X4 ड्राइव देखने को मिलेंगे. थार 5 डोर को मौजूदा 3 डोर के मुकाबले 2-3 लाख रुपये ज्यादा प्राइस रेंज में लॉन्च किया जा सकता है.

महिंद्रा थार 5 डोर में ज्यादा चौड़ी टायर के साथ ही हल्के स्टीयरिंग व्हील्ज और बेहतर सस्पेंशन सेटअप देखने को मिलेंगे. थार के 5 डोर वाले वेरिएंट में 6 कलर ऑप्शन दिख सकते हैं. इसमें वायरेलस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी सपोर्ट के साथ 9 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर, ऑटोमैटिक एसी, मल्टी-फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील और रूफ माउंटेड स्पीकर्स जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स और मल्टीपल एयरबैग्स, हिल स्टार्ट कंट्रोल, ईएससी समेत अन्य सेफ्टी फीचर्स होंगे.

### जीप मेरिडियन फेसलिफ्ट


इस साल फेस्टिवल सीजन तक इसकी लॉन्चिंग की संभावना है. इसमें नए एलईडी हेडलैंप, इनवर्टेड एल-शेप्ड एलईडी डीआरएल, रिवाइज्ड ग्रिल और सिल्वर एक्सेंट के साथ ट्वीक्ड फ्रंट बंपर जैसे बदलाव किए गए हैं.

अपडेटेड मॉडल लेवल 2 एडीएएस तकनीक के साथ आने की उम्मीद है. एलॉय व्हील्स का नया सेट, इनवर्टेड एल-शेप्ड टेल लैंप, रिवाइज्ड रियर बंपर और बहुत कुछ शामिल होने की संभावना है. मेरिडियन फेसलिफ्ट में फ्लोटिंग टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, मल्टी-फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, 360-डिग्री पार्किंग कैमरा, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल और डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले जैसे कई अन्य फीचर हैं. उम्मीद जाहिर की जा रही है कि इसमें अपडेटेड अपहोल्स्ट्री, अपडेटेड एयरकॉन वेंट्स, एयर प्यूरीफायर, रियर विंडो शेड्स और फ्रंट और रियर डैश कैमरा जैसे बदलावों के साथ नया केबिन थीम मिलेगा.

जीप मेरिडियन फेसलिफ्ट में 2.0-लीटर डीजल इंजन का इस्तेमाल जारी रहेगा, जो 170 हॉर्स पावर की पीक पावर और 350 एनएम का अधिकतम टॉर्क पैदा करेगा. मेरिडियन फेसलिफ्ट में संभवतः चार फ्रंट पार्किंग सेंसर, अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन कीप असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग और फॉरवर्ड कोलिजन ब्रेकिंग के साथ रडार कैमरा होगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



## ब्रीफ खबरें

### ऑस्ट्रेलिया ओपन में अगुवाई करेंगे प्रणय

**सिडनी ।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे. प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी. पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा. वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे. प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे.

### लाहिड़ी गोल्फ सीरीज में छठे स्थान पर रहे

**हम्बल (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने यहां लिव ह्यूस्टन गोल्फ सीरीज में तीसरे और अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह 10 अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त छठे स्थान पर रहे. लाहिड़ी ने इस तरह दूसरी दफा शीर्ष 10 स्थान हासिल किया. वह मार्च में जेद्दा में भी छठे स्थान पर रहे थे. इससे पहले उन्होंने 69 और 69 के कार्ड खेले थे. मार्टिन केमर की अगुआई वाली टीम 'क्लीक्स जीसी' ने अपनी पहली ट्रॉफी जीती.

### रंधावा 'लीजेंड्स टूर' में शीर्ष 10 में शामिल रहे

**नवारिनो (यूनान)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा ने यहां लीजेंड्स टूर यूरोप में पहले सत्र में खेलते हुए कोस्टा नवारिनो लीजेंड्स टूर ट्राफी में शीर्ष 10 स्थान हासिल किया. लीजेंड्स टूर क्वालीफाइंग स्कूल जीतने वाले रंधावा ने अंतिम दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त नौवें स्थान पर रहे. इससे पहले उन्होंने 68 और 66 के कार्ड खेले थे. इससे 54 होल में उनका कुल स्कोर नौ अंडर का रहा. अन्य भारतीयों में जीव मिल्खा सिंह दो अंडर से संयुक्त 32वें स्थान पर रहे.

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 59वें स्थान पर रहे

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां 2024 वोल्वो कार स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर के आखिरी चार होल में शॉट ड्रॉप करने से निराशाजनक पांच ओवर 77 का कार्ड खेल पाये और संयुक्त 59वें स्थान पर रहे. इससे पहले उन्होंने 69, 69 और 71 के कार्ड खेले थे. इससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 286 का रहा, जिससे वह शीर्ष 20 से खिसककर संयुक्त 59वें स्थान पर रहे. शर्मा दो बर्डी और दो बोगी से 14 होल के बाद इवन पार के स्कोर पर थे.

### अवनी एलईटी सीरीज में 54वें स्थान पर रहीं

**मोंटौबन (फ्रांस)।** भारतीय अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत ने यहां लेडीज यूरोपीय टूर एक्सेस सीरीज में मोंटौबन लेडीज ओपन में निराशाजनक 54वां स्थान हासिल किया. एक अंडर 71 के कार्ड से अच्छी शुरुआत करने वाली अवनि ने पिछले दो दौर में 78 और 82 के कार्ड खेले. इससे तीन दिन का उनका कुल स्कोर 15 ओवर 231 रहा. दूसरी भारतीय दुर्गा निट्टूर कट हासिल करने से चूक गयी थीं. अवनि और दुर्गा दोनों 14 जून से शुरू होने वाले अमुंडी चेक लेडीज चैलेंज में खेलेंगी.

**आज का मैच :** अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत है पाक टीम

# अब पाकिस्तान की निगाहें कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत पर

भाषा। न्यूयॉर्क

अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी, क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सबकुछ है. ग्रुप ए के शुरुआती मैच में सह मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में पराजित होने के बाद पाकिस्तान को रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से कम स्कोर वाले मुकाबले में छह रन की हार झेलनी पड़ी. पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाये. इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा. पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है. अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी. वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है, जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी. अभी तक दोनों मैच में 2009 की चैम्पियन उस तरह की मजबूत नहीं दिखी है, जिसके लिए वह कभी मशहूर हुआ करती थी. बाबर आजम की कप्तानी पर भी कोई स्पष्टता नहीं दिखती. टीम में दो गुट हैं जिसमें एक कप्तान की अगुआई में उनके करीबी मित्र मोहम्मद रिजवान और शादाब खान का है, जबकि दूसरे में हाल में कप्तानी से हटाये गये शाहीन शाह अफरीदी शामिल हैं. अभी तक दोनों मैच में पाकिस्तान के लिए खेल के किसी भी विभाग में दम नहीं दिखाया और अगर उन्हें थोड़ी उम्मीद बरकरार रखनी है तो मिलकर एकजुट प्रयास करने होंगे. बाबर और शादाब खान की बदौलत पाकिस्तान ने अमेरिका के खिलाफ सात विकेट पर 159 रन का स्कोर बनाया लेकिन इस लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाया और सुपर ओवर में हार गया.कनाडा ग्रुप ए में दो मैच में एक जीत से तीसरे स्थान पर काबिज है. अमेरिका से सात विकेट की हार के बाद कनाडा ने शानदार वापसी करते हुए अगले मैच में आयरलैंड को 12 रन से मात दी. नवनीत धालीवाल के रूप में कनाडा के पास शीर्ष क्रम का अनुभवी बल्लेबाज मौजूद है. कनाडा ने अमेरिका के खिलाफ 194 रन का स्कोर खड़ा किया था, हालांकि उसे हार मिली थी लेकिन अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से सकारात्मक होकर खेल सकती है.



**टीमें**

**कनाडा :** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, रविंदरपाल सिंह, नवनीत धालीवाल, कलीम सना, डिलोन हेलिगर, जेरेमी गोर्डन, निखिल दत्ता, परगट सिंह, निकोलस किरटन, रेयानखान पठान, जुनैद सिद्दीकी, दिलप्रीत बाजवा, श्रेयस मोव्वा और ऋषिव जोशी.

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमां, हारिस राऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान.

*मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा.*

जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 रन से हराया

# बुमराह जीनियस है, चाहता हूं कि इसी मानसिकता से आगे भी खेले: रोहित

भाषा। न्यूयॉर्क



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को 'जीनियस' करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे. बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया. भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई. इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई. बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए. रोहित ने मैच के बाद कहा, उसके (बुमराह) प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है. हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है. उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा. हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले. वह जीनियस है. हम सभी यह जानते हैं. भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी. उन्होंने कहा, हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे. जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है.

भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए. रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी. उन्होंने कहा, हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की. हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे. हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे. हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है. ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था. रोहित ने कहा, इस तरह के विकेट पर थोड़ा योगदान भी बड़ा अंतर पैदा कर सकता है. बुमराह को लगातार दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया. उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो गया था, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया.

## पहले कुछ और कहते थे और अब मुझे सर्वश्रेष्ठ कहते हैं : बुमराह

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट के दुर्लभ नगीनों में शुमार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कहना है कि उन्हें यह बात बड़ी हास्यास्पद लगती है कि एक साल पहले तक लोग उनके करियर के खत्म होने की बातें कर रहे थे और अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ बुलाते हैं. बुमराह ने 2022 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' के लिए सर्जरी करायी थी जिसके कारण वह आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाये थे. घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला में वापसी करने से पहले उन्हें खिंचाव आ गया जिससे वह 10 से ज्यादा महीनों के लिए क्रिकेट से बाहर हो गये. लोग उनके तीनों प्रारूपों में खेलने के कार्यभार से निपटने की काबिलियत पर सवाल उठाने लगे,लेकिन बुमराह ने पिछले एक साल में तीनों प्रारूपों में मिलाकर 67 विकेट झटककर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया, जिसमें रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाला मैच विजयी प्रदर्शन भी शामिल है. बुमराह ने वापसी करने की उनकी काबिलियत पर शक करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, एक साल पहले तक ये ही लोग कह रहे थे कि मैं शायद फिर दोबारा नहीं खेल पाऊंगा और मेरा करियर खत्म हो गया है, लेकिन अब यह सवाल बदल गया है.

बुमराह आलोचकों की 'अदलू बदलू' प्रकृति को बखूबी समझते हैं और जानते हैं कि उनके लिए सर्वश्रेष्ठ यही है कि वह खुद के नियंत्रण वाली चीजों पर काम करें. मैं मैच में इस चीज पर ध्यान नहीं देता कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से गेंदबाजी कर रहा हूं या नहीं, बल्कि मैं मैच में मौजूद समस्या का निदान करने की कोशिश करता हूं. मैं इसी पर फोकस कर कर रहा था कि इस तरह के विकेट पर यहां सर्वश्रेष्ठ विकल्प क्या है.

## टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

ग्रुप ए

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +1.455 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.626 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.274 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.150 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.712 |

ग्रुप बी

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 | +2.164 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +1.875 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.309 |
| इंग्लैंड | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | -1.800 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.613 |

ग्रुप सी

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +5.225 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +3.574 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -4.217 |
| पीएनजी | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.434 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.200 |

ग्रुप डी

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +0.789 |
| बांग्लादेश | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +0.379 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.024 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.539 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.777 |

## ओमान पर बड़ी जीत से ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंचा स्कॉटलैंड



भाषा। नॉर्थ साउंड

ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद अर्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप में ओमान को 41 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. ओमान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 150 रन बनाए. उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतीक अठवाले ने 54 और अयान खान नाबाद 41 रन का योगदान दिया. स्कॉटलैंड की तरफ से सैफियान शरीफ सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 40 रन दे कर दो विकेट लिए. स्कॉटलैंड ने 13.1 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की. उसकी जीत के नायक मैकमुलेन रहे जिन्होंने 31 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल हैं. उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुंशे ने 20 गेंद पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर स्कॉटलैंड को आक्रामक शुरुआत दिलाई. स्कॉटलैंड की तीन मैच में यह दूसरी जीत है जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण नहीं खेला जा सका था. स्कॉटलैंड के पांच अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया दो मैच में चार अंक लेकर ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है.

## प्रो लीग में हमने शानदार जज्बा व टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली.



भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया. उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा. उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी. भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है. हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा. नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है. उन्होंने कहा, हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया.

पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने को तैयार

## नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं, जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया है. नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया, जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी छलांग लगायी. नागल ने रविवार को फाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबले में स्विट्जरलैंड के एलेक्जैंडर रिट्सचार्ड को दो घंटे 22 मिनट में 6-1 6(5)-7 6-3 से मात दी. सोमवार को जारी रैंकिंग से ही पेरिस ओलंपिक के लिए प्रविष्टियों पर फैसला होगा.



पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार पुरुष और महिला दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर लेंगे, लेकिन प्रत्येक देश से अधिकतम चार खिलाड़ी ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकेंगे और इस नियम से निचली रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को ड्रॉ में प्रवेश का मौका मिलेगा. भारत के लिए अंतिम बार ओलंपिक के मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाले खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन थे, जिन्होंने वाइल्डकार्ड की बदौलत 2012 ओलंपिक में ऐसा किया था. नागल ने फाइनल में जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया, हीलब्रॉन में इस हफ्ते खिताब जीतकर काफी खुश हूं. यह मेरे लिए महत्वपूर्ण हफ्ता था.

## मलिक ने इमाद वसीम पर जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया

भाषा। कराची

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है. पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई. इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया. भारत ने यह मैच छह रन से जीता. वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए. मलिक ने कहा, आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है. एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है. अफरीदी ने कहा, एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है. वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है. विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा.



**प्रतिक्रिया**

टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की भारत से हार के बाद पीसीबी अध्यक्ष ने कहा-

# पाकिस्तान की टीम में आमूलचूल बदलाव की है जरूरत

भाषा। कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है. भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई. पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा, मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे. नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं. उन्होंने कहा,हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है. हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा, जो इस समय टीम में नहीं हैं. नकवी ने कहा,''हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है. अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है. पाकिस्तान को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी और अन्य टीमों के परिणाम उसके अनुकूल रहने के लिए दुआ भी करनी होगी.



**पाकिस्तान 15 ओवर के बाद रणनीति से भटक गया**

## खिलाड़ी दबाव में आ गए: कर्स्टन

**न्यूयॉर्क ।** पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में उनके बल्लेबाज 15 ओवर के बाद रणनीति के अनुसार नहीं चल पाए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के कारण दबाव में आ गए. अमेरिका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है. भारत के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें ओवर में उसका स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था, लेकिन आखिर में उसकी टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना पाई. कर्स्टन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि इस तरह की पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना बेहद महत्वपूर्ण होता है. इसलिए मैं आपसे सहमत हूं कि कभी इस तरह के मैच को देखना मजेदार होता है, जिसमें केवल बाउंड्री ही मायने नहीं रखती. उन्होंने कहा, लेकिन आपको 120 गेंद का वास्तव में अच्छी तरह से उपयोग करना होता है. हमने पहले 15 ओवर तक ऐसा किया लेकिन उसके बाद अपनी रणनीति से भटक गए. हमने बहुत अधिक विकेट गंवा दिए.



## ब्रीफ खबरें

### 27 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**अररिया ।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने जुम्मन चौक के पास से शराब के दो अवैध कारोबारी को 27 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने शराब के धंधेबाज के पास से एक स्कूटी भी बरामद किया.पुलिस की गिरफ्त में आए शराब के कारोबारियों में एक धत्ता टोला वार्ड संख्या छह का रहने वाला शिव कुमार और बिरवान चौक वार्ड संख्या 15 हीरालाल पासवान है. थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार दोनों आरोपितों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है.

### विचाराधीन कैदी की मंडल कारा में मौत

**बिहारशरीफ ।** बिहारशरीफ मंडल कारा में बंद एक कैदी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. जेल प्रशासन के अनुसार कैदी ने रविवार दोपहर में आत्महत्या का प्रयास किया. इसके बाद उसे अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. युवक लगभग 20 माह से जहरीली शराब कांड मामले में जेल में बंद था. मृतक सोहसराय थाना क्षेत्र के मंसूर नगर निवासी स्व. देव पासवान के 32 वर्षीय पुत्र जितेंद्र पासवान उर्फ बोकरवा है. बिहारशरीफ में 2022 में जहरीली शराब कांड में करीब 12 लोगों की मौत हो गई थी. इस मामले मे मास्टरमाइंड मैडम के साथ वह भी आरोपित था.

### पुलिस ने ट्रक से गांजा बरामद किया

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेहसी थाना पुलिस ने एनएच पर गहन वाहन चेकिंग करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है. साथ ही इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस ने ट्रक से बरामद तीन क्विंटल मादक पदार्थ गांजा व तीन मोबाइल को जब्त किया है. गिरफ्तार किये गये तस्करों में यूपी राज्य के रहेश बाजार थाना क्षेत्र निवासी राजकुमार यादव व गोंडा जिला के बजीरगंज थाना क्षेत्र निवासी सुरेन्द्र बताये गये हैं.



# प्रियंका गांधी से मिले सांसद पप्पू यादव

**संवाददाता ।पटना**

**पप्पू यादव बोले- बिहार के चुनाव परिणाम पर चर्चा हुई**

2024 के लोकसभा चुनाव में पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय जीतकर सांसद बने पप्पू यादव ने सोमवार को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की. पप्पू यादव ने इस मुलाकात को लेकर कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम पर उन्होंने चर्चा की. उधर, प्रियंका गांधी से मुलाकात की तस्वीर पप्पू यादव ने एक्स पर शेयर की है. उन्होंने लिखा है, देश और बिहार की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा हुई. एक ही संकल्प है, इस बार सौ पार, अगली बार कांग्रेस बहुमत पार, बनाना है इंडिया गठबंधन की मजबूत सरकार. वंचितों गरीबों के नायक राहुल जी बनेंगे पीएम.

# राजद से एमएलसी का चुनाव लड़ने वाले वीरन यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता ।पटना**

राजद से एमएलसी का चुनाव लड़ने वाले नेता वीरन यादव को पुलिस ने रविवार देर रात नालंदा में गिरफ्तार किया है. अवैध तरीके से बालू खनन और पुलिस पर किए गए हमले को लेकर यह कार्रवाई की गई है. पुलिस ने 51 लोगों को नामजद और आधा दर्जन अज्ञात पर मामला दर्ज किया है. बीते शुक्रवार की रात बिहार थाना पुलिस और खनन विभाग की टीम छापेमारी करने गई थी. इसी दौरान हमला हुआ था.

शुक्रवार की रात नकटपुरा एवं गोइठवा नदी से अवैध तरीके से बालू एवं मिट्टी खनन को रोकने के लिए नदी के रास्ते की घेराबंदी कर टीम छापेमारी करने गई थी. संख्या में पुलिस भी थी. पुलिस ने भाग रहे पांच धंधेबाजों को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया था. 11 ट्रैक्टर, एक जेसीबी और तीन बाइक को जब्त किया गया था. जैसे ही धंधेबाजों के सहयोगियों को छापेमारी की जानकारी हुई तो वे लोग मौके पर पहुंचे और फायरिंग करने लगे. पथराव कर दिया. पुलिस किसी तरह जान बचाकर भागी थी.



फाइल फोटो

### पार्टी ने छह साल के लिए किया निष्कासित

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूर्व में पार्टी से एमएलसी का चुनाव लड़ने वाले नेता वीरन यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है. इस संबंध में पार्टी ने सोमवार को आदेश जारी किया है. राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि, वीरमणी उर्फ वीरन यादव, पूर्व उम्मीदवार, बिहार विधान परिषद जिला नालंदा को दल के नीतियों के खिलाफ अवैध बालू खनन एवं पुलिस पर गोली चलाने के कारण दल के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है.

## सुपौल में हाइवा में कार ने मारी टक्कर

# युवकों की मौत, दो घायल, भर्ती

**संवाददाता ।सुपौल**

सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लालपट्टी में एक कार ने खड़े हाइवा में पीछे से टक्कर मार दी. घटना एनएच 327ई पर रविवार की देर रात धर्मकांटा के पास हुई है. तेज रफ्तार के चलते कार के परखच्चे उड़ गए. रात करीब एक बजे के आसपास यह हादसा हुआ है. हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हुए हैं.

बताया गया कि कार में चार लोग सवार थे. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची त्रिवेणीगंज थाने की पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत ही त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया. यहां से प्राथमिक उपचार के सबकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. इलाज के लिए बाहर ले जाने के क्रम में दो युवकों की मौत हो गई. वहीं 2 घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

मृतकों की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के तुलापट्टी निवासी उमेश मंडल के 23 वर्षीय पुत्र ज्ञांशु राज उर्फ छोटू और थुमहा निवासी यदुनंदन ठाकुर के 24 वर्षीय पुत्र मिथिलेश ठाकुर के रूप में हुई है. जख्मी होने वालों में थुमहा पंचायत के बेलोखड़ा वार्ड नंबर 5 निवासी पप्पू प्रभाकर के 23 वर्षीय पुत्र राजा कुमार और बसहा निवासी नवीन वर्मा के 22 वर्षीय पुत्र अमन कुमार हैं.

**डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया :** दरअसल ये सभी युवक कार से त्रिवेणीगंज मेला आ रहे थे. इस हादसे के संबंध में त्रिवेणीगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि घटना में जख्मी हुए युवकों को अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज से डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया. हालांकि दोनों युवकों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है. उसे थाने में रखा गया है.



दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए

### सड़क दुर्घटना में बैंककर्मी की मौत

**बिहारशरीफ ।** नालंदा में सड़क दुर्घटना में एक बैंक कर्मी की मौत हो गई. घटना फतुहां- हिलसा सड़क मार्ग पर स्थित चंदकूरा राइस मील के पास सोमवार की सुबह की है. दरअसल उक्त स्थान पर दो बाइक की सीधी टक्कर हो गई. इस हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति बीच सड़क पर गिर गया. हिलसा से आ रही एक ट्रक का चालक सड़क पर गिरे व्यक्ति को रौंदते हुए ट्रक सहित मौके से फरार हो गया. इस हादसे में मरने वाले एक व्यक्ति की पहचान नालंदा जिले के निश्चल गंज निवासी सत्येंद्र चौधरी के 38 वर्षीय पुत्र राजीव चौधरी के रूप में की गई है. मृतक फतुहां स्थित एक निजी बैंक का नियमित कर्मचारी बताया जाता है. वह सोमवार की सुबह अपने गांव निश्चल गंज से ड्यूटी के लिए बाइक ड्राइव करते हुए फतुहां जा रहे थे. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करायपरशुराय बाजार की ओर से बाइक ड्राइव करते हुए कोचिंग पढ़ने जा रहे सुधीर चौधरी का पुत्र सोनू कुमार की बाइक अनियंत्रित होकर उक्त स्थान पर हादसे में जान गंवाने वाले बैंक कर्मी की बाइक से हो गई.

### नशीली दवा व इंजेक्शन के साथ एक नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता ।पूर्वी चंपारण**

एसएसबी 71वीं वाहिनी के जमुनिया पोस्ट के जवानों ने मिली गुप्त सूचना पर सघन गश्ती के दौरान पिलर संख्या 357 के पास एक नेपाली तस्कर को नशीली दवा व इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर भारत की ओर से नशीली दवा और इंजेक्शन लेकर नेपाल जा रहा था. पकड़ा गये तस्कर की पहचान नेपाल के बारा जिला के सिमरौनगढ़ थाना क्षेत्र के कचोरवा गांव निवासी इरफान खान के रूप में हुई है. जिसे एसएसबी ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अग्रेतर कार्रवाई के लिए झरौखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया है. पुलिस गिरफ्तार तस्कर से कड़ी पूछताछ कर रही है.

# कई स्कूलों में छात्र-छात्राएं बेहोश, नाक से बहा खून

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में एक बार फिर स्कूल के बच्चे गर्मी और लू से बीमार पड़ने लगे हैं, सोमवार को कई जिलों में बच्चों के बीमार हो गए हैं. वहीं बक्सर के डुमराव और बिहटा में भी गर्मी से कई बच्चे बीमार हो गए हैं. वहीं बिहटा में एक छात्रा के नाक से खून आने लगा. वहीं एक छात्र बेहोश हो गया. इधर, शेखपुरा, पटना और बक्सर समेत 6 जिलों के बच्चे बीमार हो गए हैं. पटना के बिहटा में गर्मी के कारण एक बच्ची तड़पने लगी और उसके नाक से खून आने लगा. तब स्कूल के शिक्षकों और ग्रामीणों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया. वहीं एक छात्र भी बेहोश हो गया, जिसके मुंह पर पानी डालकर शिक्षकों ने उसे ठीक किया. उसकी हालत भी खराब बताई जा रही है. वहीं, बक्सर जिला के कन्या मध्य विद्यालय एकौनी बीआरसी डुमरांव में पढ़ाई के दौरान एक छात्रा की गर्मी लगने से हालत गंभीर हो गई. जैसे-तैसे खटिया पर लेटा कर उसे अस्पताल ले जाया गया. वहीं एक अन्य छात्रा को सरकारी एम्बुलेंस बुलाकर अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव में उसे भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है.

ग्रामीणों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी में सरकार को स्कूल की छुट्टी कर देनी चाहिए. जिलाधिकारी को इस पर जल्द ही संज्ञान लेना चाहिए. राज्य में गर्मी का रेड अलर्ट जारी है और ऐसे में बच्चे का बाहर निकलना सही नहीं है.

# पकड़ौआ विवाह के लिए जवान का अपहरण

- पुलिस ने चांर घंटे के अंदर ही अपहृत को बरामद कर लिया

**भागलपुर ।** नवगछिया पुलिस जिला में पकड़ौवा विवाह को लेकर नवगछिया थाना क्षेत्र के नवादा के पास से होमगार्ड जवान का अपहरण कर लिया गया. अपहृत होमगार्ड जवान नवगछिया थाना सकुचा का सुमित कुमार है. अपहृत जवान के भाई वीरेंद्र कुमार के बयान पर नवगछिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी . सुमित कुमार चचेरे भाई प्रभाष कुमार के साथ बाइक से अपने मामा गौतम यादव के घर जगतपुर गया था. वह मामा के पास बकाया एक लाख रुपये लेने गया था. मामा ने एक लाख रूपये, दो मुर्गा और एक केला का खानी घर ले जाने के लिए दिया था. वह चचेरे भाई के साथ मामा घर से वापस लौट रहा था. नवादा में मुर्गा बनाने के लिए मसाला खरीदने लगा. इस दौरान धोबिनिया के गोपाल यादव ने अपनी पुत्री के साथ पकड़ौवा विवाह के लिए सुमित कुमार का स्कॉर्पियो से अपहरण कर लिया. सुमित यादव व उसके चचेरे भाई के साथ इस दौरान मारपीट भी की. सुमित यादव को पूर्णिया जिला के किसी मंदिर में जबरन शादी करवा दी.

## कारोबार

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.17%

**रांची।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने वित्त वर्ष 2024 में 99.17% का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ रेशियो में से एक है. महज 1.27 दिनों में किया सभी वैध मृत्यु दावों का निपटान और 2024 में मृत्यु दावों के लिए कंपनी कुल 1,867 करोड़ रुपये का भुगतान करने में सफल रही. डिजिटल माध्यमों से मोबाइल ऐप के जरिए सहायता और परेशानी के दावा दायर कर सकते हैं और साथ ही उसे ट्रैक भी कर सकते हैं. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अमिश बैंकर ने कहा, "जीवन बीमा परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही साथ कंपनी की क्लेम फायर श्योर पहल सुनिश्चित करती है.

### क्रोनॉक्स लैब साइंसेज के शेयर में आई उछाल

**नयी दिल्ली ।** क्रोनॉक्स लैब साइंसेज का शेयर निर्गम मूल्य 136 रुपये से 21 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ. बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 21.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 165 रुपये पर कारोबार शुरू किया. एनएसई पर यह 21.28 प्रतिशत उछाल के साथ 164.95 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. कंपनी का बाजार मूल्यांकन 597.37 करोड़ रुपये रहा.

### एम्बेसी की हॉस्पिटैलिटी का राजस्व 76% बढ़ा

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी एम्बेसी समूह द्वारा प्रवर्तित आतिथ्य प्रबंधन स्टार्टअप ओलिव का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व 76 प्रतिशत बढ़कर 51 करोड़ रुपये रहा. ऑलिव के पास वर्तमान में बेंगलुरु, मुंबई और गोवा में 55 को-लिविंग सेंटर और होटल हैं. कंपनी चार ब्रांड ऑलिव लाइफ, ऑलिव जिप, ऑलिव होटल और विला ऑलिव चलाती है. ओलिव के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कहरमन यिगित ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 में हमने 29 करोड़ रुपये का खंड राजस्व हासिल किया.


## शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला

# सेंसेक्स 0.27% टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ

- सेंसेक्स 0 .02 प्रतिशत और निफ्टी 0 .12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार किया
- नया रिकॉर्ड बनाते हुए 242 .05 अंक की मजबूती के साथ 76,935 .41 अंक के स्तर पर खुला

**एजेंसी ।मुंबई**

बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और एचडीएफसी बैंक के शेयर में बिकवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गिरकर बंद हुए. दिन में कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया. हालांकि, कारोबार के अंत में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया और 203.28 अंक या 0.27 प्रतिशत टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ. इससे पहले दिन में सेंसेक्स 385.68 अंक या 0.50 प्रतिशत उछलकर 77,079.04 अंक के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था. इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.95 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ. दिन में कारोबार के दौरान यह 121.75 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़कर 23,411.90 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था.



**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.95 अंक या 0.13% गिरकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ**

नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली. उनके मंत्रिमंडल में 72 सदस्य शामिल हैं. माना जा रहा है कि तीसरे कार्यकाल में सरकार निरंतरता कायम रखने पर ध्यान देगी. सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में उल्लेखनीय गिरावट हुई. दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे. मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, सेंसेक्स के अपने नए उच्चस्तर से फिसलने के कारण बाजार में अस्थिरता लौट आई है. आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली के बीच कारोबार के अंत में सूचकांक तेजी से गिरा. उन्होंने कहा कि अमेरिका के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि ब्याज दरों में कटौती जल्द नहीं होगी, जिसके बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भी बाजार में सुस्ती रही. व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.04 प्रतिशत चढ़ा और मिडकैप 0.56 प्रतिशत के लाभ में रहा.

क्षेत्रवार बात करें तो सेवाओं में 1.61 प्रतिशत, रियल्टी में 1.34 प्रतिशत, जिंस में 1.28 प्रतिशत, यूटिलिटी में 1.11 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवा में 0.77 प्रतिशत और औद्योगिक क्षेत्र में 0.49 प्रतिशत की तेजी आई. दूसरी ओर आईटी, वाहन, धातु और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गिरावट रही. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,391.02 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद भारतीय बाजार में फिलहाल नए उत्प्रेरकों की कमी है. इससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट हुई. चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग छुट्टियों के कारण बंद रहे. यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे.

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल 300 करोड़ रुपये जुटाएगी



**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल के निदेशक मंडल ने निजी निर्गम के आधार पर गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जारी करके 300 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. बीएसई को दी गई सूचना के अनुसार, 1,00,000 रुपये अंकित मूल्य वाले कुल 30,000 एनसीडी जारी करने का प्रस्ताव है, जिनका कुल मूल्य 300 करोड़ रुपये होगा. सूचना के अनुसार, निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति ने आज आयोजित अपनी बैठक में निजी निर्गम के आधार पर 300 करोड़ रुपये के असुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध, प्रतिदेय, गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करने को मंजूरी दे दी है. एनसीडी को बीएसई लिमिटेड के थोक ऋण बाजार खंड में सूचीबद्ध किया जाएगा. आवंटन की अनुमानित तिथि 13 जून 2024 है, जबकि इसका अंतिम प्रतिदान (100%) 11 जून 2027 तक किया जाएगा.



**प्रेस कॉन्फ्रेंस**

सोमवार को नई दिल्ली में अपनी फिल्म मुंज्या के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान निर्देशक आदित्य सरपोतदार (आर) अभिनेता अभय वर्मा (सी) और शारवरी के साथ.

# पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत कर्मचारियों की छंटनी की

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है. वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है. कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है.

हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई. जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था. कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा, कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं. उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था. फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया.



**पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई**

## बाजार — एसएमई आईपीओ पर सेबी की कड़ी नजर, छोटी कंपनियों के आईपीओ में उछाल

# इस साल 90 छोटी कंपनियों की हुई लिस्टिंग

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

मार्केट रेगुलेटर सेबी (सेबी) एसएमई आईपीओ सेगमेंट के तेज उछाल पर कड़ी नजर रखे हुए है. छोटी कंपनियों के आईपीओ में पिछले साल से ही जबरदस्त तेजी देखी जा रही है. इस साल की शुरुआत से अभी तक मात्र 5 महीनों में 90 से ज्यादा एसएमई कंपनियां आईपीओ (सेमी आईपीओ) ला चुकी हैं.

वित्त वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 204 आईपीओ का था. यह उछाल भले ही मार्केट के पॉजिटिव होने का संकेत देती हो लेकिन, सेबी को आशंका है कि कई कंपनियों ने आईपीओ को लेकर हेरफेर की है. ऐसे में निवेशकों के हित को सुरक्षित रखने के लिए सेबी नियम कड़े करने की तैयारी कर रहा है. जानकारी के अनुसार, सेबी को ऐसे कई मामलों का पता लगा है, जहां कंपनी की आर्थिक स्थिति उतनी मजबूत न होने के बावजूद उसका आईपीओ कई गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ है. इससे कंपनियों के प्रमोटरों को फायदा पहुंचा है. अब बेहतर निगरानी के लिए सेबी जल्द ही लिस्टिंग नियमों को कड़ा कर सकता है. सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने हाल ही में कहा था कि कुछ कंपनियां कीमतों में हेरफेर कर रही हैं. ये छोटी कंपनियां हैं. इनका मार्केट कैप भी कम है. ये आसानी से आईपीओ और ट्रेडिंग लेवल पर कीमतों में हेरफेर कर सकती हैं.



**एसएमई आईपीओ की लिस्टिंग के नियम हैं आसान :** बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, मार्केट विशेषज्ञों का कहना है कि एसएमई आईपीओ चिंताएं पैदा कर रहे हैं. इनकी लिस्टिंग के नियम भी मेनबोर्ड कंपनियों के मुकाबले आसान हैं. इससे दिक्कत पैदा हुई है. इन कंपनियों की वैल्यूएशन भी हैरान करने वाली है. जिस तेजी से एसएमई आईपीओ आ रहे हैं, वह हैरान कर देता है. ऐसे एसएमई आईपीओ निवेशकों के लिए संकट खड़ा कर सकते हैं. आईपीओ लाने की होड़ में कई कंपनियां वैल्यूएशन भी कम कर रही हैं. यह स्थिति न कंपनियों के लिए अच्छी है और न ही निवेशकों के लिए. हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ कंपनियों द्वारा कीमतों में हेरफेर के चलते एसएमई सेगमेंट में उछाल को नकारा नहीं जा सकता. ये कंपनियां इकोनॉमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं. इनसे बड़ी संख्या में रोजगार भी पैदा होता है. आईपीओ के जरिए तेजी से संसाधन जुटाकर ये इकोनॉमी को और मजबूत करेंगी. सेबी को इन आईपीओ के लिए लॉक इन पीरियड बढ़ाना चाहिए ताकि निवेशक इनके शेयर जल्दी न बेच सकें. सेबी को रिटेल निवेशकों के हित सुरक्षित रखने के लिए कड़े नियम बनाने होंगे. विशेषज्ञों को उम्मीद है कि सेबी इस संबंध में जल्द ही ऐलान कर सकता है.

▼ ब्रीफ खबरें

## कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने इस मामले के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है. हत्या के मामलों की जांच करने वाली रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है. उसने बताया कि पुलिस शुक्रवार सुबह सरे में गोलीबारी की सूचना मिलने पर जब घटनास्थल पर पहुंची तो उसे वहां गोयल का शव मिला.

## पूर्व मंत्री आजम खां समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां को रामपुर की विशेष 'एमपी-एमएलए' अदालत ने डुंगरपुर बस्ती प्रकरण से जुड़े एक मामले में सोमवार को बरी कर दिया. खां के वकील जुबेर अहमद खान ने बताया कि न्यायाधीश डॉक्टर विजय कुमार ने पूर्व मंत्री के साथ ही पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया है. इस मामले में खां पर साजिश रचने का आरोप था. अदालत ने खां के अलावा फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां और ठेकेदार बरकत को भी साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है.

## सिक्किम में आई बाढ़, दो लोगों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम के नामची जिले के माजुआ गांव में सोमवार सुबह भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो लोगों की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए. अधिकारियों ने बताया कि यह घटना नामची जिले के यांगंग इलाके में हुई. एक अधिकारी ने बताया, अचानक बाढ़ में दो लोगों की मौत के अलावा एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति लापता है. घायल महिला को सिंगतम जिला अस्पताल ले जाया गया है. कम से कम सात घर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं.

## अमृतसर में ड्रोन और हेरोइन का पैकेट बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक गांव के बाहरी इलाके से एक ड्रोन के साथ ही हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है. सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी. प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान बीएसएफ जवानों ने रतनखुर्द गांव के बाहरी इलाके में चीन निर्मित ड्रोन और 530 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया. प्रवक्ता ने बताया कि पैकेट पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लपेटा हुआ था तथा उसमें एक छोटी 'एलईडी लाइट' लगी हुई थी.

## इराकी नागरिकों से 10 हजार डॉलर की ठगी

**नोएडा।** थाना सेक्टर 126 क्षेत्र में स्थित जेपी अस्पताल में उपचार करवाने आए इराकी नागरिकों के साथ अज्ञात बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर 10 हजार डॉलर की ठगी कर ली. थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर रात शाहपुर गांव के रहने वाले समदर्श चौहान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके यहां इराक के रहने वाले मोहम्मद जसीम जेपी अस्पताल में अपनी बेटी का उपचार करवा रहे हैं. पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उनके पर्स को चेक किया, जिसमें करीब 10 हजार डॉलर रखे थे.

### बस यात्रियों पर आतंकियों ने चलायी थी गोली : एनआईए की टीम पहुंची जम्मू-कश्मीर

# मृतकों के परिजनों को 10 लाख मुआवजा

**भाषा। जम्मू/कश्मीर**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में पहुंचकर यात्री बस पर हुए आतंकवादी हमले की जांच में जुटी स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर रही है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. इस हमले में 10 लोग मारे गये और कई अन्य लोग घायल हुए हैं. सुरक्षा बलों ने हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर घेराबंदी और खोज अभियान शुरू किया है. अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की एक टीम ने रियासी पहुंचकर हमले की जांच कर रही स्थानीय पुलिस के साथ सहयोग करना शुरू कर दिया है. बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी और इसी दौरान पोनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास आतंकियों ने हमला कर दिया.



अस्पताल में घायलों से मिलने पहुंचे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

### बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गयी

53 सीट वाली बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गयी. बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे. अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में दो वर्षीय एक बच्चा (राजस्थान) और 14 वर्षीय एक लड़का (उत्तर प्रदेश) भी शामिल है. उन्होंने बताया कि हमले में तीन से 50 वर्ष की आयु के 41 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 10 को गोली लगी है.

### घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी जिले में बस पर हुए आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की. एक आधिकारिक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी. प्रवक्ता ने बताया कि सिन्हा ने घायलों को भी 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है.



सघन अभियान चलाते सीआरपीएफ के जवान

### जम्मू-कश्मीर में बस पर आतंकवादी हमला

## नौ मृतकों में से चार राजस्थान तीन उत्तर प्रदेश के रहने वाले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले नौ लोगों की सोमवार को अधिकारियों ने पहचान कर ली. हमले में जान गंवाने वाले लोगों में से चार राजस्थान के निवासी थे, जिनमें दो वर्ष का एक बच्चा भी शामिल है जबकि तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे. अधिकारियों ने बताया कि हमले में घायल हुए 41 तीर्थयात्रियों में से 10 लोगों को गोली लगी है. उन्होंने बताया कि घायलों में अधिकतर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं. अधिकारियों के मुताबिक, घायलों का उपचार जम्मू और रियासी जिलों के तीन अस्पतालों में किया जा रहा है.

आतंकवादियों ने रविवार शाम करीब छह बजकर 10 मिनट पर रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर गोलियां बरसाईं, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गए.

## आतंकवादियों की खोजबीन के लिए अभियान जारी

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में एक बस पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तीन विदेशी आतंकवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक अभियान जारी है. घटना की जांच में शामिल अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. ये तीनों विदेशी आतंकवादी संभवत: लश्कर-ए-तैयबा के हैं. रविवार को हुए इस हमले में दो वर्षीय एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हैं. हमले में घायल लोगों के बयानों के आधार पर अधिकारियों ने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि मौके पर एक चौथा व्यक्ति भी मौजूद था जिसने तीनों आतंकवादियों की मदद की. सुरक्षा बलों को संदेह है कि आतंकवादी राजौरी और रियासी के पर्वतीय इलाकों में छिपे हुए हैं और उन्होंने क्षेत्र में खोजबीन अभियान तेज कर दिया है. रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा ने कहा, इलाके में तलाश अभियान शुरू किया गया है.

### शरद पवार पार्टी कार्यकर्ताओं से बोले-

## विस चुनाव के लिए तैयार रहें

**भाषा। पुणे**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और चुनावों के बाद राज्य की सत्ता पार्टी के हाथों में आने का भरोसा जताया. पवार ने पार्टी कार्यालय में आयोजित राकांपा के 25वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. राकांपा-एसपी ने 2024 के आम चुनावों में विपक्षी गठबंधन के रूप में महाराष्ट्र से लोकसभा की 10 सीट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से आठ पर उसकी जीत हुई. पवार ने अपनी पुत्री एवं बारामती से राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में अपनी पार्टी का झंडा फहराया. राकांपा संस्थापक ने कहा, पिछले 25 साल में हमने पार्टी की विचारधारा को फैलाने की दिशा में काम किया है और आइए, इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करें. अगले तीन महीनों में राज्य विधानसभा चुनाव होंगे और इसके लिए काम करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि चुनावों के बाद राज्य की सत्ता आपके हाथों में होगी. पवार ने 1999 में कांग्रेस से अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का गठन किया था. पिछले साल जुलाई में अजित पवार और कुछ अन्य विधायकों के राज्य में शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद राकांपा में विभाजन हो गया था.

### राजस्थान : एसआई पेपर लीक का मामला

## एएसपी का पति गिरफ्तार

**भाषा। जयपुर**



राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने 2021 सब-इंस्पेक्टर एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पति को गिरफ्तार किया है. एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों की सुविधा देने वाले नेटवर्क के मास्टरमाइंड तुलसाराम कालेर (57) को रविवार को यहां जयसिंह पुरा इलाके से गिरफ्तार किया गया. उन्होंने कहा, आरोपी कालेर उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधन उपलब्ध कराने वाले लोगों का सरगना है. उसे रविवार को गिरफ्तार किया गया और उससे पूछताछ की जा रही है. तुलसाराम बर्खास्त पुलिस उप-निरीक्षक है और 1993 में सेवा से बर्खास्त होने के बाद से विभिन्न ब्लूटूथ-सक्षम उपकरणों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराने व नकल कराने में सक्रिय रहा है. पुलिस के अनुसार, कालेर 1991 में पुलिस एसआई के रूप में चुना गया था. उसे 1993 में डीडवाना, नागौर में पोस्टिंग के दौरान हवाला धन लूटने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया और सेवा से बर्खास्त कर दिया गया. 1995 में, उसने जोधपुर में ''चाणक्य'' नाम से एक कोचिंग संस्थान खोला और 2006 में अध्यापक नमिता खोखर से शादी करने के बाद बीकानेर रहने लगा. खोखर फिलहाल राजस्थान पुलिस मुख्यालय में एएसपी के पद पर कार्यरत हैं.

### ओडिशा के नये मुख्यमंत्री के चयन का मामला

## आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

**भाषा। भुवनेश्वर**



ओडिशा के नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए आज भाजपा विधायक दल की बैठक होगी और उसके अगले दिन नयी सरकार शपथ लेगी. भाजपा ने 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में 78 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है. हालांकि, पार्टी ने अभी तक अपने नेता का चयन नहीं किया है जो राज्य की बागडोर संभालेंगे. ओडिशा के वरिष्ठ सांसद धर्मेंद्र प्रधान के केंद्र सरकार में मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद उनके राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने की संभावना क्षीण दिख रही है. अब सबकी नजरें ब्रजराजनगर क्षेत्र से विधायक सुरेश पुजारी पर हैं, जो सोमवार को नयी दिल्ली से लौटे. भाजपा के ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर के अनुसार, पार्टी विधायक दल की बैठक मंगलवार को होगी और नयी सरकार 12 जून को शपथ लेगी. नवनिर्वाचित विधायक सुरेश पुजारी ने सोमवार को नयी दिल्ली से लौटने के बाद संवाददाताओं से कहा, नवनियुक्त पर्यवेक्षकों राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ नेतागण विधायकों के साथ चर्चा करेंगे. भाजपा ने ओडिशा के नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को यह जानकारी दी.



**औपचारिक मुलाकात**

सोमवार को नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी के साथ बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना.

## पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह ने किया आत्मसमर्पण

**सुलतानपुर (उप्र)।** सुलतानपुर जिले की इसौली सीट से पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह 'सोनू' और उनके एक सहयोगी ने जबरन दीवार गिरवाने और घर में घुसकर मारपीट करने के एक मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया. उन्हें जेल भेज दिया गया है. शासकीय अधिवक्ता वैभव पांडेय ने बताया कि चंद्रभद्र सिंह, उनके समर्थक सूर्य प्रकाश सिंह तथा रुखसार अहमद के खिलाफ 25 फरवरी 2021 को धनपतगंज क्षेत्र के निवासी बनारसी नामक व्यक्ति के परिसर की एक दीवार जबरन ध्वस्त करवाने और मना करने पर घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था.

## कार सवार हमलावरों ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता को मारी गोली

**भाषा। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपारा में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. ऐसा बताया जा रहा है कि यह व्यक्ति तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता था. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. मृतक की मां ने कहा कि उनका बेटा सनातन घोष तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता था और उन्होंने दावा किया कि जमीनी विवाद के कारण घोष की हत्या की गई.

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या के पीछे कोई राजनीतिक कारण था या भूमि स्वामित्व को लेकर व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण ऐसा किया गया. घोष (30) रविवार रात दो अन्य लोगों के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था तभी एक कार ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. मोटरसाइकिल से गिरने के बाद कार सवार हमलावरों ने उसे नजदीक से गोली मार दी. अधिकारी ने बताया कि घोष को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस हमलावरों का पता लगाने की कोशिश कर रही है.

## बिभव कुमार के खिलाफ नई धारा जोड़ी गई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ ''सबूत मिटाने और झूठी जानकारी देने'' के लिए भारतीय दंड संहिता की नयी धारा जोड़ी है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है. अधिकारी ने बताया कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के साक्ष्य को मिटाने या अपराधी को बचाने के लिए गलत सूचना देना) जोड़ी गई है.

## बदरीनाथ, मंगलौर विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को होगा चुनाव

**भाषा। देहरादून**

उत्तराखंड में बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर उपचुनाव दस जुलाई को होगा. निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी. कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के मार्च में भाजपा में शामिल होने तथा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण बदरीनाथ सीट खाली हो गई है.

बदरीनाथ विधानसभा सीट गढ़वाल (पौड़ी) लोकसभा सीट का हिस्सा है जहां से हाल में भाजपा के

**उत्तराखंड में उपचुनाव**



राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने जीत दर्ज की है. पिछले साल अक्टूबर में बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद मंगलौर विधानसभा सीट रिक्त हो गई थी इसीलिए इस सीट पर उपचुनाव होना है. मंगलौर विधानसभा सीट हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आती है जहां से हाल में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता त्रिवेंद्र सिंह रावत सांसद चुने गए हैं.

भाजपा ने 2024 आम चुनावों में लगातार तीसरी बार प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट पर विजय हासिल की है. विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी होने के साथ ही नामांकन पत्रों के भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 21 जून तक जारी रहेगी.

**चुनाव**

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रो की करारी हार, जर्मनी के तीन दलों का संयुक्त मत प्रतिशत 30% से ऊपर रहा

# यूरोपीय संघ के चुनावों में धुर दक्षिणपंथी दलों की भारी जीत

**भाषा। ब्रसेल्स**

27 सदस्य देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) चुनावों में धुर दक्षिणपंथी दलों ने कई देशों की सत्तारूढ़ सरकारों को भारी नुकसान पहुंचाया और रविवार को हुए संसदीय चुनावों में बड़ी सफलता हासिल की. यहां तक कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भी चुनाव में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी.

कुल 27 सदस्य देशों वाले यूरोपीय संघ में सत्ता की चाबी दक्षिणपंथी दलों के हाथों में खिसकती हुई नजर आयी, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की पार्टी की सीट यूरोपीय संघ संसद में दोगुनी हो गयी. जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी को भले ही अपने उम्मीदवारों से जुड़े घोटाले का सामना करना पड़ा हो लेकिन पार्टी ने देश के चांसलर ओलाफ शोल्ज की सोशल डेमोक्रेट्स' पार्टी को मात देने के लिए पर्याप्त सीट जुटा लीं.

### यूरोपीय संघ का चुनाव, भारत के बाद दूसरा सबसे बड़ा चुनाव माना जाता है

यूरोपीय संघ के 27 सदस्यीय देशों में सबसे अधिक आबादी वाले देश जर्मनी में अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी के कई शीर्ष उम्मीदवारों का नाम घोटालों में शामिल रहा लेकिन इसके बावजूद पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ा. पार्टी ने 2019 में 11 प्रतिशत मत हासिल किये थे, जो बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो गये. वहीं जर्मनी के सत्तारूढ़ गठबंधन में तीन दलों का संयुक्त मत प्रतिशत मुश्किल से 30 प्रतिशत से ऊपर रहा. यूरोपीय संघ के 27 देशों में ये चार दिवसीय चुनाव, भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है.




**मैक्रो ने कहा**

**मैं आपका जनादेश स्वीकार करता हूं**



मैक्रों के लिए यह बड़ा राजनीतिक जोखिम है, क्योंकि उनकी पार्टी को और अधिक नुकसान सहना पड़ सकता है. ले पेन ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा, हम देश को बदलने के लिए तैयार हैं, फ्रांस के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं, बड़े पैमाने पर प्रवासन की समस्या को समाप्त करने के लिए तैयार हैं. मैक्रों ने अपनी करारी शिकस्त को स्वीकार करते हुए कहा, मैं आपका जनादेश स्वीकार करता हूं, आपकी चिंताओं से वाकिफ हुआ हूं और मैं इन्हें हल किये बिना नहीं जाऊंगा. उन्होंने कहा कि अचानक चुनाव की घोषणा करना केवल उनकी लोकतांत्रिक साख को रेखांकित करता है.

• **मैक्रो ने मध्यावधि चुनाव की घोषणा कर दी :** दक्षिणपंथ दलों से हार के खतरे को भांपते हुए यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स ने चुनावों से पहले ही प्रवासन और जलवायु के मुद्दे पर और अधिक दक्षिणपंथी रुख अपना लिया था, जिसके कारण 720 सीट वाली यूरोपीय संसद में उनकी पार्टी अब तक की सबसे बड़ी पार्टी बने रहने के रूप में सफल साबित हुई. इस बात में कोई शक नहीं कि रविवार रात को हुए संसदीय चुनावों में फ्रांस में मैरीन ले पेन की 'नेशनल रैली' पार्टी ने अपना दबदबा कायम किया, जिसके कारण मैक्रों ने राष्ट्रीय संसद को तुरंत भंग कर मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी.

## बॉलीवुड अभिनेत्री नूर मालविका दास ने कर ली खुदकुशी

**भाषा। मुंबई**



वर्ष 2023 में आई वेब सीरीज 'द ट्रायल' में अभिनय करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री नूर मालविका दास ने यहां ओशिवाड़ा स्थित अपने फ्लैट में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 31 वर्षीय अभिनेत्री का शव शुक्रवार शाम बहुत ही खराब हालत में मिला. उन्होंने कहा कि पड़ोसियों ने उनके अपार्टमेंट से दुर्गंध आने की शिकायत की थी. दास 2023 में आई वेब सीरीज 'द ट्रायल' में बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की सह-कलाकार थीं. अधिकारी ने कहा कि जांच में पता चला है कि अभिनेत्री ने मंगलवार को पंखे से लटककर आत्महत्या की. उन्होंने कहा कि एक पड़ोसी ने उनके फ्लैट से दुर्गंध आने के बारे में पुलिस को सूचित किया था. उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव बरामद किया. अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर एक मेज और रस्सी मिली. पुलिस अधिकारी ने कहा कि दास अवसाद से पीड़ित थीं और दवाएं ले रही थीं. उन्होंने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मामले में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)